कानपुर , शनिवार
28 मार्च, 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 215 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कोर्ट पर कठिन प्रतिद्वंद्वी थीं मारिन, लेकिन मेरी यात्रा का हिस्सा बन गई : सिंधू



ऊर्जा संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

# पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटा

- दोनों पर 10 रुपए घटेगी एक्साइज ड्यूटी
- ईंधन विपणन कंपनियों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके कारण उपजे ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दरअसल वित्त मंत्रालय द्वारा 26 मार्च को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 13 रुपये थी, वह अब घटकर 3 रुपये रह गई है और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 10 रुपये थी, वह अब शून्य हो गई है। यह कदम पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों से जूझ रही तेल विपणन कंपनियों, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी, को राहत देने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि सरकार ने इस संकट के बावजूद अभी तक पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे हैं, जिससे देश में ईंधन विपणन कंपनियां दबाव में थीं। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने गुरुवार को जारी नोट में कहा कि यदि कच्चे तेल का औसत मूल्य 100-105 डॉलर प्रति बैरल तक रहता है, तो ईंधन कंपनियों को पेट्रोल पर 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 14 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान हो सकता है।नइस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गईं।



### क्या है उत्पाद शुल्क

पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) केंद्र सरकार द्वारा लगाया जाने वाला एक टैक्स है। इसे लगाने के पीछे मुख्य उद्देश्य राजस्व इकट्ठा करना है, जिसका उपयोग देश के विकास, बुनियादी ढांचे, रक्षा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा इजाफा

## 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर मुहर, S-400 की अतिरिक्त खरीद को मंजूरी



**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे। भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल-टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। 'धनुष गन सिस्टम' से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। 'रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम' सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और 'आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन' टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायु सेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं।

# बच्ची ने जब सीएम योगी को भेंट किया 'बुलडोजर'

## मुख्यमंत्री ने मासूम को किया दुलार, खिंचवाई फोटो



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कुछ दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक में निर्देशित किया, 'गुंडागर्दी करने वालों को उठाकर बंद करो।' उन्होंने कहा कि किसी मुकदमे में यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो तो जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान कानपुर की रहने वाली पांच वर्षीय यशस्विनी ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में प्रातः भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री को खिलौने वाला बुलडोजर दिया। मुलाकात के बाद पत्रकारों ने जब बच्ची से पूछा कि मुख्यमंत्री ने आपको क्या दिया तो बच्ची ने बताया कि सीएम ने उसे चॉकलेट दी है। जो खिलौना बच्ची ने दिया था सीएम ने उसे लेने के बाद हंसते हुए वापस लौटा दिया। बच्ची ने बताया कि सीएम ने उससे कहा कि खूब पढ़ाई करना और बुलडोजर से खेलना।

# कौशांबी : खड़े ट्रक से भिड़ी पिकप, आठ मरे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया। घटना दोपहर बाद करीब पौने चार बजे हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के लिए चार एंबुलेंस लगाई गईं। घायलों को अस्पताल ले जाते समय सात लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रयागराज : दोस्त को बचाने में चार लड़के डूबे, मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा नदी में नहाते समय चार बच्चे डूब गए। दोस्तों को डूबता देखकर दूसरे बच्चे उन्हें बचाने के लिए आगे कूदे। इस दौरान एक-एक कर सभी डूबने लगे और गहरे पानी में समा गए। शोर सुनकर आसपास के गोताखोर पहुंचे और बचाने को छलांग लगा दी। इस दौरान दो के शव बाहर निकाल लिए जबकि अन्य दो बच्चों की तलाश जारी है। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद अन्य दो की डेडबॉडी बरामद हुई। मरने वालों की पहचान कुनाल (13) और निहाल (10), ऋषभ (10), दीपक (17) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर परिवार के साथ पूरा गांव गंगा किनारे पहुंच गया। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे मांडा के बामपुर घाट की है। दोस्तों के साथ नहाने आए सातवीं के छात्र अमन ने बताया- गांव के कुल 9 लड़के नहाने पहुंचे पहुंचे थे। सभी एक साथ नहा रहे थे।

# रुपया 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और एनर्जी सप्लाई चैन में आई रुकावटों के कारण भारतीय रुपए में यह गिरावट दर्ज की गई। पिछले एक महीने में ही रुपया करीब 4 प्रतिशत टूट चुका है, जबकि इस फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में इसमें 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। यह पिछले 14 सालों की सबसे बड़ी गिरावट है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान जंग जारी रही तो रुपया जल्द ही 98 के स्तर तक जा सकता है।

# राम मंदिर के सूर्य तिलक समारोह में वर्चुअली शामिल हुए मोदी



**नई दिल्ली।** श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर में सूर्य तिलक समारोह में वर्चुअल रूप से भाग लिया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक चला। विशेष बात यह रही कि तिलक ठीक उसी समय हुआ, जो समय भगवान राम के जन्म का क्षण माना जाता है। इस बार रामनवमी पर रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा है। इससे इस आयोजन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का अभिषेक, श्रृंगार और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी किया गया। देश-विदेश के श्रद्धालु इस दिव्य क्षण के साक्षी बनें। इससे पहले कल गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें उन्होंने लिखा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो।

# भारत में लॉकडाउन की आशंकाएं महज अफवाह

- एलपीजी पर कहीं भी आपात स्थिति नहीं
- आवश्यक वस्तुओं पर सरकार की नजर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को साफ किया कि देशव्यापी लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह से झूठी हैं। सरकार के सामने फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति नियंत्रण में है। देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। वहीं, खुदरा दुकानों के पास पर्याप्त स्टॉक है। वे बिना किसी रुकावट के ईंधन वितरित कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुरी ने कहा, वैश्विक स्थिति में लगातार बदलाव हो रहे हैं और हम ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं से संबंधित घटनाक्रमों पर वास्तविक समय के आधार पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हमारे नागरिकों के लिए ईंधन, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण आपूर्तियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# हिमस्खलन की चपेट में आने से छह लोगों की मौत, कई वाहन दबे

**लेह।** लद्दाख सेक्टर के जोजिला दर्रे के जीरो प्वाइंट इलाके में हिमस्खलन हुआ। जिसमें कुछ वाहन बर्फ के नीचे फंस गए। इस हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। पांच अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं, शुक्रवार को जोजिला दर्रे पर एक यात्री वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहन पर भारी बर्फ का ढेर गिर गया। इस भारी बर्फबारी के कारण वाहन में सवार छह लोगों की मौके पर ही जान चली गई। वहीं, पांच अन्य यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही बचाव दल तेजी से मौके पर पहुंचा। उन्होंने तुरंत घायलों को निकालने और शवों को मलबे से बाहर निकालने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया।



# उन्नाव समाचार

## 2.98 लाख की साइबर ठगी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- क्षेत्र के गांव त्रिपुरारपुर निवासी मनोज सिंह के बैंक खाते से 2.98 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की है। मनोज सिंह ने बताया कि उनका खाता गांव स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में है। शुक्रवार को उनके मोबाइल पर बैंक से तीन बार में कुल 2.98 लाख रुपये कटने के संदेश आए। इसके बाद वह बैंक पहुंचे, जहां जानकारी मिली कि बीते तीन दिनों में यूपीआई के माध्यम से यह रकम निकाली गई है। इस पर पीड़ित को साइबर ठगी का संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस से शिकायत की। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आकाशीय बिजली का कहर, भैंस की मौत से गरीब परिवार का टूटा सहारा

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र के दौलत खेड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शुक्रवार को हुई इस घटना में परिवार की 10 वर्षीय भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे उनकी आजीविका का मुख्य साधन खत्म हो गया। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र स्वर्गीय चतुर्थी ने भैंस को हल्की बारिश के दौरान घर के बाहर छप्पर के नीचे बांध रखा था। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली छप्पर पर गिर गई, जिससे छप्पर ढहकर भैंस के ऊपर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के अनुसार, भैंस रोजाना 6 से 7 लीटर दूध देती थी, जिसे बेचकर घर का खर्च चलता था। भैंस की कीमत लगभग 80 से 90 हजार रुपये बताई जा रही है। इस हादसे से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। घटना के बाद घर में मातम का माहौल है। राजेंद्र के पुत्र अशोक और मुकेश ने बताया कि भैंस उनके परिवार का अहम हिस्सा बन चुकी थी, जिसकी अचानक मौत से वे सदमे में हैं। वहीं, क्षेत्रीय लेखपाल नीलम गौड़ ने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल परिवार प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठा है।

## मधुमक्खियों का छत्ता बना खतरा, बालाजी उत्सव से पहले हटाने की मांग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- कस्बे के एसडीएम कार्यालय परिसर में खड़े एक विशाल बरगद के पेड़ पर लगा मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लोगों के लिए खतरा बन गया है। कार्यालय में रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, जिससे कभी भी मधुमक्खियों के हमले की आशंका बनी हुई है। स्थिति इसलिए और गंभीर हो गई है क्योंकि आगामी 2 तारीख को इसी परिसर स्थित बालाजी मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में भीड़ और शोर-शराबे के बीच मधुमक्खियां आक्रामक हुई तो भगदड़ जैसी स्थिति बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छत्ता काफी समय से लगा हुआ है, लेकिन अब तक इसे हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आयोजन से पहले विशेषज्ञों की मदद से छत्ते को सुरक्षित तरीके से हटवाया जाए, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। इस मामले में प्रशासन की सतर्कता और समय पर की गई कार्रवाई ही संभावित खतरे को टाल सकती है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

## रसोई गैस की किल्लत पर उठे सवाल, कालाबाजारी के आरोपों की जांच की मांग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर व क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत को लेकर प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने जिला अधिकारी को पत्र सौंपकर गैस एजेंसी संचालकों पर एलपीजी की कालाबाजारी तथा उपभोक्ताओं के शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने प्रेषित पत्र में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकारे पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस उपलब्ध होने का दावा कर रही है। किन्तु नगर व क्षेत्र में लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडरों की कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है। जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। आरोप है कि गैस एजेंसी संचालक और उनसे जुड़े दलाल घरेलू गैस सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही। जबकि दलालों के माध्यम से अधिक कीमत वसूलकर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को इस समस्या से सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है।

## पूर्णमासी पर आस्था का महासागर 2 अप्रैल से सजेगा नवाबगंज का पौराणिक चैतवर मेला

**चैतवर मेले को संवार रही मेला कमेटी, संस्थापक स्व. पूरन दीक्षित का सपना आज भी जिन्दा**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- आस्था, परंपरा और संस्कृति का अद्भुत संगम माने जाने वाला नवाबगंज का ऐतिहासिक चैतवर मेला इस वर्ष 2 अप्रैल से पूर्णमासी के अवसर पर शुरू होगा। मेले को लेकर पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल है। दुकानों, झूलों और सजावट से पूरा मेला क्षेत्र तैयार हो चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद है। दशकों पुरानी परंपरा से जुड़े इस मेले का अपना अलग ही महत्व है। एक समय था जब यह मेला पूरे एक महीने तक चलता था और लोग सालभर की जरूरत का सामान यहीं से खरीदकर ले जाते थे। बदलते दौर में भले ही समय सीमित हो गया हो, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था आज भी उतनी ही अटूट बनी हुई है।

दीपों की रोशनी से नहाएगा नवाबगंज, हर घर करेगा माँ की ज्योति का स्वागत





मेले का सबसे भव्य और आकर्षण का केंद्र माँ की ज्योति होगी।शाम 4 बजे दुर्गा मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय बना देगी। ज्योति के स्वागत के लिए कस्बे के हर घर तक मिट्टी के दीपक पहुंचाए जायेंगे । जैसे ही ज्योति नगर में प्रवेश करेगी, हर गली-मोहल्ला दीपों की रोशनी से जगमगा उठेगा। श्रद्धालु अपने घरों के बाहर दीप जलाकर और फूलों की वर्षा कर माँ का भव्य स्वागत करेंगे। हाथी-घोड़े, बैंड-बाजा और झांकियों के साथ उमड़ेगा जनसैलाब माँ की ज्योति के साथ हजारों श्रद्धालु पैदल चलते हुए भक्ति में लीन नजर आएंगे। बैंड-बाजों की गूंज, भव्य झांकियां और हाथी-घोड़ों की मौजूदगी इस शोभायात्रा को और भी आकर्षक बनाएगी। पूरा नगर ÷जय माता दी÷ के जयकारों से गूंज उठेगा। जब मिलेंगी दो ज्योतियां, बनेगा अद्भुत आस्था का संगम मेले की सबसे खास परंपरा है दो ज्योतियों का मिलन। दुर्गा मंदिर और कुशहरी मंदिर से निकलने वाली ज्योतियां नगर भ्रमण करते हुए एक स्थान पर मिलती हैं। इस दिव्य संगम को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहद आस्था और रोमांच का केंद्र होता है।

मंदिर परिसर में सजेगा मेला, बच्चों के लिए झूले बनेंगे आकर्षण

पछियाव मोहल्ला स्थित भगवान परशुराम द्वारा स्थापित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के समीप लगने वाले इस मेले में रोजमर्रा के सामान से लेकर बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले और मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। बच्चों और युवाओं के लिए यह मेला खास आकर्षण का केंद्र रहेगा।

श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम, मुफ्त बिजली भी मिलेगी दुकानदारों को मेला समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। खजुरिया तालाब और पक्के तालाब में स्नान, ठहरने, पेयजल और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्य मार्गों पर चुने का छिड़काव और जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएंगे। वहीं, मेले में आने वाले दुकानदारों को हर साल की तरह इस बार भी पांच दिनों तक मुफ्त बिजली सुविधा दी जाएगी।

**परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है चैतवर मेला** चैतवर मेला केवल एक मेला नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह मेला हर साल हजारों लोगों को एक साथ जोड़कर नवाबगंज की पहचान को और मजबूत करता है। कस्बे के पौराणिक चैतवर मेले को बीते 10 वर्षों से नई पहचान देने में चैतवर मेला कमेटी अहम भूमिका निभा रही है। इस कमेटी की नींव स्वर्गीय पूरन दीक्षित ने रखी थी, जिन्हें कमेटी आज भी अपना संस्थापक मानकर उनके सपनों को साकार करने में जुटी है। स्व. पूरन दीक्षित का सपना था कि चैतवर मेला केवल परंपरा तक सीमित न रहे, बल्कि इसे भव्य और सुव्यवस्थित रूप दिया जाए। हालांकि एक सड़क हादसे में उनकी असमय मृत्यु हो गई, लेकिन उनके द्वारा देखे गए सपनों को मेला कमेटी हर वर्ष साकार करने का प्रयास करती है। कमेटी के सदस्य मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी मेहनत से जुटे रहते हैं। मेला कमेटी द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दुकानदारों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जाती हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मेला परिसर में दुकानदारों को मुफ्त बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं, दूर-दराज से आने वाले मेलार्थियों के लिए रात्रि ठहराव की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

इसके अलावा, दुर्गा रोड को झंडियों, गुब्बारों और दीपों से आकर्षक रूप से सजाया जाता है, जिससे मेले की भव्यता और भी बढ़ जाती है। खास बात यह है कि मेला कमेटी किसी भी दुकानदार से किसी प्रकार की वसूली पर पूरी तरह रोक लगाए हुए है, जिससे व्यापारी भी निश्चिंत होकर मेले में भाग लेते हैं। चैतवर मेला कमेटी के प्रयासों से यह मेला हर वर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्व. पूरन दीक्षित की सोच को साकार करते हुए क्षेत्र की आस्था और परंपरा को मजबूती दे रहा है।

## बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत, संपत्ति लालच में हत्या की आशंका, पुलिस को दी तहरीर

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गला दबाकर हत्या की पुष्टि**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला शशिकला सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतका स्वर्गीय जय राम सिंह की पत्नी थीं और थाना कोतवाली क्षेत्र की निवासी थीं।

परिजनों के अनुसार, परिवार में लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि मृतका के एक पुत्र योगेंद्र कुमार सिंह, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने कथित रूप से मां की जमीन अपने नाम करा ली थी। इसी को लेकर परिवार में तनाव बना हुआ था। परिजनों का यह भी कहना है कि उक्त पुत्र अपनी मां को घर में बंधक बनाकर रखता था और उन्हें किसी से मिलने-जुलने या बाहर जाने नहीं देता था। लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के चलते उनकी हालत बिगड़ती गई।

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अन्य परिजनों को भी शशिकला सिंह से मिलने नहीं दिया जाता था। लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के चलते उनकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के चलते उनकी हत्या की गई है, जिसे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

संपत्ति लालच में बेटे पर आरोप

बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। छोटे बेटे ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने भी बड़े भाई पर संपत्ति लालच में मां की हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक भाइयों के बीच विवाद चलता रहा। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो सकी।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



## कोतवाली सदर में कन्या पूजन व भोज का आयोजन, बेटियों का किया सम्मान

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- जनपद में चल रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को थाना कोतवाली सदर परिसर में श्रद्धा और उल्लास के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा और महिला उपनिरीक्षक रेखा देवी ने थाना परिसर स्थित मंदिर में क्षेत्र की कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके बाद कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया।इस अवसर पर कन्याओं को माता रानी की चुनरी, पठन-पाठन सामग्री, बर्तन और वस्त्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

## मिशन शक्ति के तहत निकली जागरूकता बाइक रैली, महिलाओं को बताए अधिकार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव- थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 के द्वितीय चरण के तहत बाइकों से जागरूकता रैली निकाली गई। कस्बे के प्रमुख मार्गो पर क्षेत्राधिकार की अगुवाई में निकाली गई रैली के दौरान महिला कर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों से जागरूक करते हुए सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 05 के द्वितीय चरण में शुक्रवार को फतेहपुर चैरासी थाना पुलिस ने सीओ सफीपुर की अगुआई में एक बाइक रैली निकाली। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निकल गई रैली में महिला पुलिस कर्मियों के साथ थाना स्टाफ के पुलिस कर्मियों ने बाईकों को गुब्बारे आदि से सजाकर कस्बे की सदर बाजार काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग सहित प्रमुख मार्गो पर रैली निकाली। बाइक रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों से परिचित कराया तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस अवसर पर सीओ सफीपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।



## सड़कों पर स्टंट और छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला मनचला चढ़ा पुलिस के हत्थे, पहुंचा जेल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर में बाइक पर सवार होकर स्टंट करना, राह चलती छात्राओं पर फब्तियां कसना और छेड़छाड़ जैसी हरकतें करना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक की लगातार बढ़ती अभद्रता से परेशान कई नागरिकों ने उसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस काफी दिनों से आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक अक्सर नगर के विभिन्न मार्गों पर तेज रफ्तार बाइक दौड़ते हुए स्टंट करता था और छात्राओं व महिलाओं को परेशान करता था। उसकी इन हरकतों से नागरिकों में आक्रोश था। कई बार समझाने के बावजूद जब युवक अपनी आदतों से बाज नहीं आया, तो नागरिकों ने एकजुट होकर कोतवाली में लिखित शिकायत दी। कोतवाली पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए युवक की तलाश शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने नगर के लखनऊ रोड से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान युवक अपनी बाइक के आवश्यक कागजात भी नहीं दिखा सका। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अब्बास पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम सिगार मजरे बहलोलपुर थाना कासिमपुर जनपद हरदोई बताया है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# कानपुर देहात समाचार



## विपिन दीक्षित ने ठाकुर द्वारा मंदिर में पूजन कर बांटा प्रसाद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** अपने अकबरपुर शहर का ठाकुर द्वारा मंदिर शुक्रवार को आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र प्रतीत होता रहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के रामनवमी पर्व पर अकबरपुर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विपिन दीक्षित के तत्वावधान में विशेष पूजा अर्चना की गई राधवेंद्र सरकार की विधिवत आरती सम्पन्न हुई तो शुरू हुआ प्रसाद वितरण का दौर देर रात तक अनवरत जारी रहा हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया यहां विपिन दीक्षित एवं अनूप त्रिपाठी गोरे भइया ने सभी को महान पावन पर्व की शुभकामनाएं भी दी। शहर के मध्य स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर शहर ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में भी अपनी दमदार पहचान कायम कर चुका है पर्व विशेष पर यहां प्रभू की पूजा अत्यंत शुभ फलदाई सिद्ध होती है राधवेंद्र सरकार के दिव्य दर्शन लाभ का आनंद लेने यहां वैसे तो प्रतिदिन ही भक्तों की कतार लगी रहती है लेकिन पर्व पर पूजा का विशेष महत्व माना जाता है शुक्रवार को रामनवमी पर्व होने के चलते मंदिर में भक्तों का आवागमन जारी था दोपहर के समय साथियों संग पहुंचे अकबरपुर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विपिन दीक्षित ने भी माथा टेका विधिवत पूजन अर्चन करने के उपरांत उन्होंने प्रसाद का भी वितरण किया इस दौरान उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि संसार की हम सबसे भाग्यशाली पीढ़ी है जिन्होंने श्री धाम अयोध्या में राम मंदिर निर्माण देखा और प्रभू के बताए मार्ग पर चलने का हमें अवसर प्राप्त हुआ इसलिए सभी लोग भगवान के जीवन चरित्र से मिलने वाले संदेश को जीवन में उतारकर काम करना शुरू करें तभी सब का कल्याण सम्भव है इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद मिश्रा अनूप त्रिपाठी ओम जी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भव्य एवं विशाल ज्वारों के जुलूस से धार्मिक रंग से सराबोर रहा अकबरपुर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** एक बार फिर अकबरपुर शहर ने शुक्रवार को भगवा रंग धारण किया नवरात्रि के अंतिम दिवस परम्परा के अनुसार शहर के अलग.अलग स्थानों से जवारे निकालें गए गाजे बाजे के साथ भारी भरकम सांग अपने गालों पर लगवा कर आदि शक्ति मां जगदम्बा के दर्शन को निकलें महिला एवं पुरुष श्रद्धालु आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे निश्चित समय पर अपने अपने स्थानों से उठाएं गए ज्वारों ने अशोक नगर पहुंचते ही विशाल जुलूस का रुप धारण कर लिया संगीत की कर्ण प्रिय धुनों पर नाचते थिरकते चल रहे भक्त सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किए रहे गत वर्षों हुए विवाद के बाद भी प्रशासनिक तंत्र में कोई विशेष इंतजाम दिखाई नहीं दिए हालांकि कुछ पुलिसकर्मी सुरक्षा में मुस्तैद जरूर नजर आए अपने.अपने



स्थान से उठाए गए जवारे आस्था के प्रमुख केंद्र मां कालिका देवी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुए ज्वारों के जुलूस में साथ चल रहे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसे लेकर नगर के निवासी पूरी तरह गंभीर दिखाई दिए जगह.जगह शिविर आयोजित कर ठंडा पानी शरबत हलवा पूरी इत्यादि का वितरण किया गया पूरा दिन शहर का माहौल भक्ति मय बना रहा ।।।। नवरात्रि के दौरान मां जगदम्बा के भक्त लगातार नौ दिनों भगवती की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं अकबरपुर नगर में उपरोक्त पूजा का विशेष महत्व माना जाता है जिसके चलते प्रथम दिवस से ही जवारे बो दिए जाते हैं लगातार पूजन अर्चन से जवारे बृहद रूप धारण कर लेते हैं जिन्हें अंतिम दिवस गाजियाबाद के साथ महामाई के चरणों में विसर्जित किए जाने की परंपरा है शुक्रवार को अंतिम दिवस अकबरपुर शहर के अलग अलग स्थानों से ज्वारों की यात्रा निकाली गई चाक चौबंद इंतजामों के बीच मां कालिका देवी दरबार के लिए निकले ज्वारों का शहर के विभिन्न मार्गों पर जगह जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए जवारे मां कालिका देवी मंदिर पहुंचे जहां प्रख्यात पुरोहितों के पावन सानिध्य में भक्तों ने मां की विधिवत पूजा की इस दौरान अपने गाल पर भारी भरकम सांग लगाकर चल रहे महिला एवं पुरुष श्रद्धालु आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे लोगों के बीच इस बात की चर्चा भी सुनाई दी कि विगत वर्षों हुए विवाद के बाद भी सुरक्षा के उस स्तर पर इंतजाम नहीं किए गए जिनकी आवश्यकता थी हालांकि हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक अकबरपुर शहर में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई ज्वारों के जुलूस नगर भ्रमण करते हुए निश्चित स्थान पर पहुंचकर समाप्त हुए पूरा दिन क्षेत्र का माहौल धार्मिक बना रहा।



## राम को मानने से ही नहीं बल्कि राम की भी मानने से होगा कल्याण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** कलयुग में ईश्वर की आराधना के लिए परमपिता परमेश्वर ने हमारे समक्ष बेहद ही सुंदर एवं आसान अवसर उपलब्ध कराए हैं आवश्यकता इस बात की है कि हम ईश्वर की उस असीम अनुकंपा को गम्भीरता पूर्वक समझकर काम करना शुरू करें जिससे समाज में व्याप्त वैमनस्यता समाप्त हो सके और हम सभी लोग सनातन धर्म के पावन ध्वज के नीचे इंसान और केवल हिंदू बनकर रह सके आज विकास की अंधी दौड़ में भागते हुए हम खुद के पास से इमानदार रिस्ते तक खो चुके हैं इसलिए सरकार के सहारे हमें नहीं बैठना चाहिए और अपने कर्मों से इंसानियत का वह अध्याय बनाने का काम करना चाहिए जो आने वाले समय में सभी के बीच मार्ग दर्शक की भूमिका में खड़ा दिखाई दे क्योंकि आज हम सभी के सामने यह प्रश्न पूरी मजबूती के साथ खड़ा है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए क्या छोड़ कर जाने का संकल्प पूरा कर रहे हैं उक्त बात हिंदू समन्वय समिति के राष्ट्रीय गौरक्षा प्रमुख प्रशांत अवस्थी एवं फायरब्रांड हिन्दू नेता मंजुल शुक्ला ने मैथा क्षेत्र की श्री मद्भागवत कथा में भाग लेने के दौरान कही गई।गौरतलब रहे कि मैथा क्षेत्र के हथिका कुढवा मार्ग पर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र मां शुंभहा देवी मंदिर पर प्रत्येक वर्ष नवरात्रि में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कराया जाता रहा है परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी बीते दिनों अनुष्ठान प्रारंभ हुआ था गुरुवार को अंतिम दिवश हिंदू समन्वय समिति के राष्ट्रीय गौरक्षा प्रमुख प्रशांत अवस्थी एवं फायरब्रांड हिन्दू नेता मंजुल शुक्ला कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे उपरोक्त युवा नेताओं का आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से अभूतपूर्व स्वागत किया इसके बाद उन्होंने कथा वाचक उत्तर भारत के प्रख्यात संत धर्म नंदन जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया आयोजकों के निवेदन पर अपने संक्षिप्त सम्बोधन में दोनों युवा नेताओं ने कहा कि आज आवश्यकता केवल इन महान आयोजनों की ही नहीं है बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि इन धार्मिक आयोजनो से मिलने वाले संदेश को हम अपने जीवन में उतारकर काम करना शुरू करें क्योंकि जब तक इन आयोजनों में हम केवल अपने मनोरंजन मात्र का साधन तलाशते रहेंगे तब तक ना तो किसी का भला हो सकता है और ना ही इन कार्यक्रमों की सार्थकता में वृद्धि हो सकती है उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी लोग पहले सनातनी हिंदू बनें फिर कुछ और कार्यक्रम के दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।



## नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा का सिकंदरा में हुआ भव्य स्वागत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** भारतीय जनता पार्टी परिवार आज विश्व का सबसे विश्वसनीय परिवार बन चुका है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस मेहनत और लगन के साथ विश्व पटल पर मां भारती के गौरव में वृद्धि करने का काम करते हुए देश की जनता के हृदय पटल पर अपना एक विश्वास भरा स्थान बनाने में कामयाबी प्राप्त की गई है वह अपने आप में एक स्वर्णिम इतिहास है इसे आदि अनादि काल तक याद रखा जाएगा क्योंकि हमारा देश विश्व गुरु हमेशा था लेकिन कांग्रेस ने कभी यह नहीं चाहा कि हमें फिर से सोने की चिड़िया की चिड़िया कह कर बुलाया जाए बल्कि कांग्रेस ने तो देश की अस्मिता तक से खिलवाड़ करने के मामले में खुद को पीछे नहीं रखा है लेकिन मां भारती के सच्चे सपूत आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता ऐसे ही नहीं बन गए हैं उन्होंने सबसे पहले अपने देश की जनता को विश्वास में लिया इसके बाद उन्होंने विदेश की तरफ अपना रुख किया इसे हमेशा याद रखा जाएगा आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी लोग अपने प्रधानमंत्री की सोच को कारगर करने के लिए समर्पण भाव से कुछ और ना सही एक दूसरे के भाई बनने का काम करें तभी हम हकीकत में विश्व गुरु कहलाने के योग्य बन पाएंगे उक्त बात लोकप्रिय भाजपा नेता नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा द्वारा सिकंदरा में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान कही गई । बताना आवश्यक है कि जिले की राजनीति में सौरभ मिश्रा का नाम बेहद ही गौरवपूर्ण शब्दों में लिखा दिखाई देता है श्री मिश्रा का संपूर्ण समर्पित जीवन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में एक अलग ही अध्याय के रूप में दिखाई देता रहा है श्री मिश्रा के बाबत कहा जाता है कि संघर्ष के दिनों में इन्होंने जिस समर्पण भाव से पार्टी के परचम को बुलंद करने का काम किया है उसे शीर्ष नेतृत्व कभी दरकिनार नहीं कर पाएगा पार्टी के प्रति श्री मिश्रा के समर्पण भाव को देख भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान द्वारा तेज तर्रार लोकप्रिय भाजपा नेता सौरभ मिश्रा को संगठन में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बनाया गया था जिला उपाध्यक्ष बनने के उपरांत शुक्रवार को उनका सिकंदरा में युवा कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से अभूतपूर्व स्वागत किया गया स्वागत से प्रसन्न सौरभ मिश्रा द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी को केवल एक राजनीतिक दल समझने की भूल करना लोग छोड़ दें क्योंकि यह केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है राष्ट्रभक्ति का एक जीता जागता उदाहरण है जिसमें समय आने पर अपने कार्यकर्ता के सम्मान का पूरा ध्यान रखे जाने की परंपरा मौजूद है उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है ऐसे में हमारा यह नैतिक धर्म बनता है कि हम अपने प्रधानमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हुए मां भारती के गौरव में वृद्धि करने के लिए कुछ और न सही काम से कम भारत के सच्चे नागरिक बनने का काम करें इसी से हमारा देश विश्व गुरु बनने की कामयाबी प्राप्त करेगा कार्यक्रम के दौरान मनीष शुक्ला बृजेश राजपूत शिवनाथ मंगल पाल संजय राम जी पांडेय नीतू मिश्रा सुमित कठेरिया शनि सुरेंद्र कटियार विनोद नायक रेनू अजय दीक्षित सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।







# ट्रेड शो में युवाओं को बताए गए स्टार्टअप व उद्यम शुरू करने के तरीके

**-कैबिनेट मंत्री ने किया एमएसएमई एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव का शुभारंभ**

**-सीएसए में तीन दिवसीय उद्यमिता कॉन्क्लेव आयोजित**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय उद्यमिता कॉन्क्लेव का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही व कैबिनेट राकेश सचान ने किया। कुलपति प्रो के. विजयेंद्र पांडियन ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, आईआईटी तथा फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साथ ही एमएसएमई एवं विश्वविद्यालय के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में 150 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभिन्न नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस प्रकार के




आयोजनों से युवाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 19 लाख 40 हजार युवाओं को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाया गया है। कॉन्क्लेव के दौरान मैन्युफैक्चरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि एमएसएमई और कृषि के संयुक्त प्रयासों से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत प्रजातियों की सराहना की तथा दलहन एवं तिलहन के उत्पादन और क्षेत्रफल बढ़ाने पर बल दिया। कुपोषण उन्मूलन के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराने की जानकारी देते हुए उन्होंने युवाओं से तकनीक आधारित उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्यमों से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा लिखित तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मात्र 50 हजार रुपए में धान कुटाई की मशीन उपलब्ध कराकर किसानों की आय बढ़ाने के तरीके भी बताए गए। इसके अलावा आधुनिक खेती और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से करीब 15 लाख रुपए के सेटअप को लगभग 5 लाख रुपए में उपलब्ध कराने की योजना भी प्रस्तुत की गई। इसके तहत ड्रोन स्प्रेइंग सर्विस, मिट्टी परीक्षण लैब, सोलर पैनल बिक्री सेटअप, ऑर्गेनिक फार्मिंग, एमएमसीजी ई-शॉप और हाइड्रोपोनिक फार्मिंग जैसे मॉडल शामिल हैं, जिनसे युवा हर महीने अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम में एचबीटीयू के कुलपति प्रो शमशेर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ कौशल कुमार, डॉ महक सिंह, डॉ आरके सिंह तथा उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह सहित कई अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## नशे में धुत युवकों ने आटो चालक को पीटा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। मसवानपुर में देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक ऑटो चालक अपनी पत्नी के साथ घर जा रहा था, तभी सड़क किनारे डीजे पर नाच रहे कुछ युवकों ने उसका ऑटो रोक लिया। आरोप है कि नशे में धुत युवकों ने ऑटो पर चढ़कर और पीछे लटककर डांस करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने चालक की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के साथ भी मारपीट हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन को मौके से गिरफ्तार कर लिया, बाकी की तलाश जारी है। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हालात काबू में किए। पीड़ित ऑटो चालक की तहरीर पर देर रात मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का मेडिकल कराया गया। एसीपी ने बताया कि सभी युवक शराब के नशे में थे और विरोध करने पर मारपीट की। वायरल वीडियो के आधार पर अन्य

## खबर एक नजर



### लौह पुरुष की जयंती पर मैराथन दौड एवं साइक्लोथॉन का सार्थक आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को 37वीं वाहिनी पीएसी में एक सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन सेनानायक बी. बी. चौरसिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साइकिल रैली एवं हाफमैराथन के माध्यम से सरदार पटेल के दृढ़ संकल्पों को याद किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारी, कर्मचारी, स्पोर्ट्स टीम, प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ-साथ पुलिस मॉडर्न स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दलनायक ब्रजकिशोर शाहू, सूबेदार सैन्य सहायक सुरेंद्र सिंह सहित वाहिनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का निरंतर उत्साहवर्धन किया। सेनानायक ने सभी प्रतिभागी छात्रों, नौजवानों और प्रशिक्षु आरक्षियों को नींबू पानी एवं बिस्कुट का वितरण किया।

### राम नवमी पर डीएम ने राम जानकी मंदिर में किया जलाभिषेक

**-जनपदवासियों के लिए की सुख-समृद्धि की कामना**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** कानपुर। राम नवमी पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के श्री विग्रह का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। उन्होंने जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री राम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं आदर्शों के पालन की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व पर हम सभी को आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे समाज में शांति एवं सौहार्द बना रहे।

### कानपुर क्लब में रविवार को होगा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**-पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ को मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** कानपुर। जरूरतमंद मरीजों के लिए रविवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे। पांच स्थानीय संस्थाओं ने मिलकर 750 से अधिक मरीजों का पंजीकरण किया है, जिन्हें मुफ्त इलाज और ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। यह शिविर रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक कैंट स्थित कानपुर क्लब में आयोजित होगा। डॉ अवध दुबे ने बताया कि शिविर में 15 विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर, साथ ही 25 नर्सों की एक टीम मरीजों की मेडिकल जांच करेगी। प्रोफेसर अरुण दीक्षित ने बताया कि अब तक 750 लोगों ने इस शिविर के लिए पंजीकरण करवाया है। मरीजों का डेटा कंप्यूटरीकृत किया जाएगा और हर बीमारी का अलग डेटा बनाकर उसी क्रम में इलाज किया जाएगा। उन मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन और इलाज मिलेगा, जो आर्थिक रूप से असमर्थ हैं। पहले चरण में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों की अलग सूची बनाई जाएगी। इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ एसके शर्मा ने बताया कि 20 दिन के शोध में मलिन बस्तियों में आंखए हड्डी और पेट संबंधी समस्याएं सबसे अधिक पाई गई हैं। कोरोना से संक्रमित हुए लोगों और कैंसर पीड़ितों को भी प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही महिला संबंधी बीमारियों का भी उपचार किया जाएगा। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रामनाथ कोविंद फाउंडेशन, आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, पारस हॉस्पिटल, कानपुर क्लब और डीएवी पीजी कॉलेज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है7

## जेल से छूटे बदमाश ने युवक पर किया जानलेवा हमला



**-महिला कांस्टेबल से लूट के मामले में आरोपी गया था जेल**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। सीसामऊ में सरेराह में बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुन इलाकाई लोगा मौके पर पहुंचे आरोपी अपने दोस्तों संग भाग निकला। खूने से लथपथ हालत में युवक ने थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला कांस्टेबल के साथ लूट के मामले में शातिर बदमाश जेल गया था। डेढ़ माह पहले ही वह जेल से छूट कर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बेकनगंज मुन्नापुरवा निवासी फरहान खान सिलाई कारीगर है। बड़े भाई जीशान ने बताया कि करीब 15 दिन पहले वह मोहल्ले में इफ्तार करा रहे थे। इस दौरान इलाके में रहने वाले शयान मिर्जा पर पानी गिर गया, जिस पर वह फरहान पर भड़क गया और दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। लोगों ने बीच.बचाव कर दोनों को शांत कराया। जीशान ने बताया कि गुरूवार देर रात करीब 3 बजे फरहान अपने दोस्त आफताब के साथ रूपम टाकीज के पास चाय पीने गया था। इस दौरान शयान अपने 4-5 साथियों के साथ होटल पहुंचा और फरहान पर चाकू व ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान होकर गिर पड़ा। शोर गुल सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ हालत में फरहान अपने दोस्त के साथ थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे इलाज के लिए भिजवाया। जीशान ने बताया कि 28 दिसंबर को चमनगंज निवासी महिला कांस्टेबल पिंकी पाल का पर्स छीनकर फरा हो गए थे। मामले में पुलिस ने शयान मिर्जा और कंघी मोहाल निवासी उसके साथी मारूफ को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। इस दौरान पुलिस ने शयान मिर्जा का जुलूस भी निकाला था, उसने कान पकड़ कर माफी मांगते हुए कहा था कि . साहब अब ऐसा नही



करूंगा, मै मुंबई भाग जाऊंगा। बजरिया थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी शयान मिर्जा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



## टीन शेड काट कर पूर्व विधायक के शोरूम में हुई चोरी

**-सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। हनुमंत विहार में बेखौफ चोरों ने पूर्व विधायक के शोरूम में घुसकर नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें एक चोर चोरी करता दिखाई दे रहा है। खाली प्लाट में लगे नीम के पेड़ से चढ़ कर चोर शोरूम घुसा और वारदात को अंजाम दिया। सुबह विधायक के बेटे शोरूम खोलने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर चोरो की तलाश में जुट गई है। जरौली स्थित शांति इंक्लेव निवासी पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का हमीरपुर रोड पर ई-रिक्शा और बाइक शोरूम हैं, जिसकी देखरेख उनका बेटा हिमांशु करता है। पूर्व विधायक ने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार सुबह बेटा हिमांशु शोरूम खोलने पहुंचा। जैसे ही वह अंदर गया तो देखा कि सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। इसके बाद उन्हें और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने देखा तो चोर बगल के खाली प्लाट में खड़े नीम के पेड़ से चढ़कर शोरूम की छत पर पहुंचे। इसके बाद टीन शेड काटकर शोरूम के अंदर आए। इसके बाद शोरूम का गोलक तोड़ कर उसमें रखे 5 हजार रुपए नकद पार कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देख रहा है कि चोर देर रात शोरूम के अंदर प्रवेश किया। वह काउंटर के पास पहुंचकर टेबल के गल्ले को खंगालता नजर आ रहा है। चोर ने ड्रॉर में रखी नकदी को समेटा और मौके से फरार हो गया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा। पूर्व विधायक रघुन्नदन भदौरिया का कहना है कि कल यहां पर रखी रकम लेकर चले गए थे, जिससे चोर यहां पर बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाया।

## नवमी पर घरों में हुए कन्या पूजन, शाम को निकले ज्वारे





स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। चैत्र नवरात्र के राम नवमी पर पूरे शहर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने जीवन से भय, संकट और कष्टों के निवारण की कामना की। वहीं घरों में भी विशेष पूजन, कन्या पूजन और हवन का आयोजन किया गया। देवी मंदिरों को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। शाम के समय शहर के रेल बाजार, डिप्टी पड़ाव गुजैनी, बर्रा, परमट, विजय नगर, ग्वालटोली समेत कई इलाकों से जवारे उठाकर श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ देवी मंदिरों में पहुंचे। बारादेवी, जंगली देवी, तपेश्वरी सहित अन्य प्रमुख शक्तिपीठों पर भक्तों ने शीश झुकाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। बारादेवी, तपेश्वरी मंदिर मेंसे श्रद्धालु पारंपरिक गीत-संगीत के साथ सांग और सुई लगा कर निकले। जिसमें पांच किलो से सवा कुंटल वजनी सांग के साथ भक्तों ने जयकारों के बीच यात्रा निकालीए जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

## भगवान राम भजनों पर झूमे महाना, पूरे महौल को बनाया भक्तिमय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। रामनवमी के अवसर पर लाल बंगला स्थित राम मंदिर में आयोजित रामायण पाठ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहुंचे। भजन शुरू होते ही उन्होंने माइक थाम लिया और गायक के साथ सुर में सुर मिलाते हुए राम आएंगे... भजन गाया। इस दौरान उनकी पत्नी अनीता महाना भी उनके साथ मौजूद रहीं।

महाराजपुर क्षेत्र के परदेवनपुर स्थित प्राचीन मंदिर में भक्ति का माहौल उस समय और खास हो गया, जब विधानसभा अध्यक्ष ताली बजाते हुए एक आम भक्त की तरह झूमते नजर आए। वहां मौजूद लोग उनका यह रूप देखकर चकित रह गए। श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए सतीश महाना ने कहा कि अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनना सौभाग्य की बात है। जब भक्ति भाव जागता है, तो इंसान अपने आप झूमने लगता है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर का निर्माण समाज की अरदास और सामूहिक सहयोग से हुआ है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि उत्तर प्रदेश सफलता की नई ऊंचाइयों को छुए और प्रदेश में खुशहाली बनी रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने पत्नी संग विधि-विधान से प्रभु श्री राम की आरती उतारी। इसके बाद उन्होंने खुद लाइन में लगकर और लोगों के बीच जाकर प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में बीडी राय, भारत गुजराल, जग महेंद्र अग्रवाल, वार्ड-41 पार्षद पति सुनील तिवारी सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब





**-पूणे से आए बड़े ढोल ने पूरे माहौल को बनाया भक्तिमय जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे...के भजनों पर झूमे भक्त**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। रामनवमी पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। रावतुपर स्थित रमला मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ आकर्षक झाकियां निकाली गईं। श्री राम जन्म महोत्सव में भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी... और जय श्रीराम... के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। मर्यादा पुरुषोत्तम की मनोहारी झांकी की शुरुआत लोगों ने रामलला के विग्रह की आरती कर की। घरों पर लहराती ध्वज-पताका और जय श्री राम के जयकारों से पूरा शहर राममय हो गया। शोभायात्रा में महाकाली, मैहर बाबा, दुर्गाजी, अर्द्धनारीश्वर, श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के साथ राम दरबार की झांकियों के साथ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रामजी की निकली सवारी... जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे... दुनिया चले न श्री राम के बिना... और राम बनके कभी श्याम बनके... आदि भजनों पर भक्त झूमते रहे। ऐतिहासिक शोभायात्रा के मुख्य रथ पर अष्ट धातु की राम दरबार की प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा कर जगह-जगह आरती उतारी गई। वहीं शोभायात्रा में महाराष्ट्र के पुणे से आए 15 बड़े ढोल ने पूरे महौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं लोगों ने शंख व मजीरों की ध्वनी से पूरे वातावरण को दिव्य बना दिया। इसी तरह मेस्टन रोड से मर्यादा पुरुषोत्तम की मनोहारी झांकी निकाली गई। घरों पर लहराती ध्वज-पताका और जय श्री राम के जयकारों से पूरा शहर राममय हो गया। शोभायात्रा में लिल्ली घोड़ी के साथ महाकाली, श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के साथ राम दरबार की झांकियों के साथ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा मेस्टन रोड से बड़ा चौराहा, शिवालाए संगम लाल मंदिर, कमला टावर, नयागंज, हूलागंज, मनीराम बगियां चौक सर्राफ होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची।

## मातृशक्ति ने निकाली बाइक रैली

रामनवमी रावतपुर गांव स्थित प्राचीन रामलला मंदिर से गुरुवार शाम मातृशक्ति ने बाइक रैली निकाली। इसमें महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। यात्रा में सफेद वस्त्र और भगवा पगड़ी पहने महिलाओं ने दोपहिया वाहनों पर भगवा ध्वज लहराते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्रीराम का उद्घोष किया। आयोजकों ने बताया कि लगभग 150-170 वर्ष पुराने रामलला मंदिर से हर वर्ष रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है।





## शोभा यात्रा का पुलिस कमिश्नर ने लिया जायजा

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने रावतपुर स्थित रामलला के दर्शन कर जुलूस की रूट व्यवस्था एसुरक्षा व्यवस्था एवं तैनात पुलिस बल की ड्यूटी पॉइंटो का सघन निरीक्षण कर जुलूस कमेटी के सदस्यों के साथ मुलाकात की। सीपी ने शोभा यात्रा शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी, पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंहए, अपर पुलिस उपायुक्त ऑपरेशन्स सुमित सुधाकर रामटेके, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर व अन्य पुलिस बल भी उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ हीए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## खबर एक नजर



### मंधना गैंगरेप मामले में दोनों फरार आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्युरो** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना में बीते दिनों नाबालिक लड़की से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने फरार दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिनों मंधना के लॉज में वाराणसी की रहने वाली एक नाबालिक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया था। जिसमें एक आरोपी लॉज संचालक के बेटे पदम त्रिपाठी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को उक्त मामले में वांछित आरोपी निहाल सिंह और नितेश दुबे को बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज और मंधना चौकी प्रभारी सौरभ प्रताप सिंह के नेतृत्व में गंगा बैराज रोड पर स्थित गंभीरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि बनारस की रहने वाली एक युवती बीते सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को मंधना चौराहे पर रिश्तेदार का पता खो जाने के बाद भटक रही थी। तभी तीनो आरोपियों ने कमरा दिलाने के बहाने मंधना स्थित एक लॉज में ले जाकर बारी बारी दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने पंखे से लटक कर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्युरो बिठूर** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कस्बे में एक किराए के मकान में शुक्रवार शाम एक तेइस वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से फर्रुखाबाद जनपद के नवाबगंज निवासी ललित कुमार के मकान में किराए पर रह रहे धीरेंद्र सिंह यादव अपनी पत्नी स्वाति सिंह के साथ मंधना कस्बे में स्थित बिजली घर के पास रहते थे। दोनों ने वर्ष 2022 में प्रेम विवाह किया था और उनका एक साल का बेटा भी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे स्वाति सिंह ने कमरे में पंखे से कपड़े का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर पति धीरेंद्र सिंह पत्नी स्वाति को फंदे से उतारकर तत्काल रामा अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को वापस घर लाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के भेजा।

### रिश्ते के चाचा हुआ वहशी पड़ोसियों ने बचाई किशोरी की इज्जत

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते के चाचा ने किशोरी को हवश का शिकार बनाने की कोशिश की।किशोरी के शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह उसकी इज्जत बचाई। पुलिस से शिकायत करने पर अब आरोपी किशोरी के पिता को धमकी दे रहा है। धमकी से किशोरी व उसका पिता बुरी तरह भयभीत व परेशान है। सारे मामले की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। घर में 15 साल की बेटी अकेले रहती है। भ द रस गांव में रहने वाले रिश्ते के चाचा जाकिर हुसैन पुत्र स्व0 छोटा मंसूरी के घर उसकी पुत्री सूप मांगने गई थी। रिश्ते के चाचा ने उससे कहा कि घर के अन्दर जाओ पीछे वाले कमरे में रखा है ले आओ।उस की पुत्री घर के लास्ट कमरे में पहुंची ही थी कि उसने घर का मेन दरवाजा बंद कर दिया और उस की पुत्री को आकर पीछे से दबोच लिया। घर में कोई नही था। इससे पहले वह कुछ समझ पाती भी नाजुक अंगो से छेड़ छाड़ करने लगा। पुत्री के विरोध करने पर आरोपी ने सारे कपडे उतार दिये। पुत्री ने खुद को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी धमकाने के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। पुत्री द्वारा चिल्लाने पर आवाज सुनकर तब तक आस पडोस के लोग गरिलाल रहमतुल्लाए शीलू आदि लोग पहुँचकर उस की पुत्री की इज्जत बचाने के साथ घर से निकाला अगर यह लोग नही पहुँचते तो आरोपी उस की पुत्री के साथ दुराचार करके दारिन्दा मुझे मार डालता। आरोपी ने चलते चलते कहा कि तुम्हे जितना पैसे चाहिए मुझसे ले लो कही बताया तो जान से मार देगे तुम्हारे घर वाले हमारा कुछ नहीं कर पायेगे जाकिर का भतीजा आमीन उर्फ बउआ घटना के बाद प्रार्थी को धमकी दे रहा है कि यदि कही शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगे। थाना प्रभारी दिनेश कुमार विष्ट ने बताया कि मामले की जांच के साथ आरोपी की तलाश की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण की शिकायत पर युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के तुलसी नगर निवासी सिराज खान उर्फ मिथुन पुत्र गुलाम अब्बास उर्फ बिल्ले के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। वार्ड नंबर 08 नेहरू नगर निवासी 20 वर्षीय युवती ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरोपी पिछले लगभग 5 वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और विरोध करने पर धमकी देता रहा। पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाल एसएन सिंह के निर्देश पर थाना रसूलाबाद में अपराध संख्या 0123ध्2026 धारा 69 बीएनएस के तहत युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता के परिवारी जन ने बताया कि आरोपी कस्बा व थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात का निवासी है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। स्थानीय लोगों में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### बारिश से किसान परेशान

कुरारा,हमीरपुर। कुरारा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में चार बजे हल्की बरसात हुई। जिससे किसानों का थ्रेसरिंग कार्य प्रभावित हुआ। हल्की बारिश से चना , मटर ,लाही की फसलों की थ्रेसरिंग का कार्य चल रहा है। वही बेमौसम बरसात से किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हुआ है। आज सुबह से ही बादल छाए रहे थे। चार बजे तेज हवा के साथ हल्की बरसात हुई है।

### जावरा मेला का हुआ आयोजन

कुरारा,हमीरपुर। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव में देवी भक्तों द्वारा जवारा मेला का आयोजन किया गया। तथा गांव में भ्रमण के बाद वासुक देव मंदिर में देवी भजन के बाद सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के रिठारी गांव में देवी भक्त भोला प्रसाद कुशवाहा द्वारा जवारा बोए गए थे नौ दिन तक इनकी भक्ति पूजा करने के बाद आज धूम धाम से गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण कर देव स्थानों में पूजा अर्चना की गई। महिलाएं सिर में जवारा लेकर देवी गीत गाते हुए चल रही थी। तथा देवी भक्त देवी गीत अचरी गाते हुए साथ में चल रहे थे।

तथा भक्तों ने लोहे की सांग अपने गाल में छिदवा कर पूजा अर्चना की। तथा गांव भ्रमण के बाद गांव निवासी मुलायम सिंह गौर द्वारा अपने खेत में बनवाए गए वासुक देव बाबा के स्थान पर जवारा का पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गांव निवासी राजू सिंह आदि मौजूद रहे।

## रामनवमी पर राम नाम जप एवं हवन का आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**
**शुक्लागंज ;उन्नाव** श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति एवं श्री शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में पावन पर्व रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य राम नाम जाप एवं हवन का आयोजन बड़े श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया ।



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से 24 घंटे राम नाम का जाप किया गयाए जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा । हवन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी गईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया । राम नाम का स्मरण जीवन में शांतिए सकारात्मकता एवं आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं सद्भावना को बढ़ावा देना है । कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से किया गया । इस अवसर पर विश्वनाथ दुबे अशोक शुक्ला सत्यकुमार उपाध्याय शिवशरण अग्निहोत्री आशुतोष शुक्ला अमित पाण्डेय ओमप्रकाश मिश्रा राजीव मिश्रा हरिओम पाण्डेय श्रीकांत पाण्डेय लालाराम शुक्ला अवनीश शुक्ला आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।



## माँ के भक्तो ने निकला जवारा जुलुस

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**
**शुक्लागंज ;उन्नाव** जवारा जुलूस 64 जोगनी माता मंदिर ब्रह्मनगर से उठकर पोनी रोड होते हुए राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर से मुड़कर प्रेम नगर काली मंदिर में समापन हुआए कार्यक्रम के संयोजक राकेश सिंह सुनीता सिंह के द्वारा जवारा निकाला गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। साथ ही राजन कनौजिया सुरेश निषाद उमा लाल यादव सुनील तिवारीए रौनक शुक्लाए शंकर झाए कृपा निधान गोपी रजक लड्डू काफी हजारों भक्तगण कार्यक्रम के जुलूस में रहे।

## ऊर्जा प्रशासन हिटलर शाही पर उतारू,संविदा कर्मी हैं परेशान



**उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई की हुई समीक्षा बैठक में बोलते हुए प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। शुक्रवार को कस्बे के पुराने बिजली घर में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई की हुई समीक्षा बैठक में बोलते हुए प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा ऊर्जा प्रशासन संविदा कर्मियों के हितों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में बडे पैमाने पर सविदा कर्मियों की छटनी की जा रही है। जबकि लगातार उपभोक्ता बढ रहे हैं।लाईनों का विस्तार हो रहा हैए लोड बढ रहा है। उसके सापेक्ष कर्मियों की बढोत्तरी होनी चाहिए। जवकि उर्जा प्रबंधन हिटलर शाही पर उतारू है। मुख्य अतिथि ने आगामी 4 व 5 अप्रैल को लखनऊ में सम्मन्न होने जा रहे प्रांतीय सम्मेलन में जिले से ज्यादा से ज्यादा सविदा कर्मियों को शामिल होने की अपील की।बैठक में सर्वसम्मति आलोक अवस्थी को जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्रों शैलेंद्र कुमार को तथा जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार घोषित किये गये। पदाधिकारियों को सगंठन के संस्थापक के0डी0निप्पा ने शपथ दिला कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में संविदा कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी । इस मौके पर बैठक में मुन्नूए रामनरेशए शैलेन्द्रए बाबू खाँएकुलदीपए कैलाशए नितिन राजूए राकेशए गोलू राजेशए राज कुमार धर्मेन्द्रए विजय समेत तमाम संविदा लाइन मैन मौजूद रहे।

## राम नवमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तो की भीड़



**नवरात्रि के आखिरी दिन भी भक्तो का हुजूम पूजा अर्चना को देवी मंदिरों में पहुंचाएमाता रानी के गूंजते रहे जयकारे**

घाटमपुर। नवमी पर भक्तों की भीड़ देवी मन्दिरों में पूजा अर्चना को पहुंची।इस दौरान देवी मां के जयकारे गूंजते रहे।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त नवरात्रि पर मां कूष्मांडा देवी मन्दिर पूजा अर्चना के लिए पहुंची।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि पर वर्षो से चली आ रही जवारे ले जाने की परंपरा को आज भी देवी भक्त जीवंत किए हुए है। शुक्रवार को जवारे की टोली घाटमपुर कस्बा से गुजरने के साथ मां कूष्मांडा देवी मन्दिर पूजा अर्चना के लिए पहुंची।जहां मुंडन संस्कारएकन्या भोज के साथ साथ भक्त दंडवत लेकर पहुंचे। वहीं धूमधाम से जवारे निकालकर लोगों देवी दर्शन किए। मुंडन संस्कारएकन्या भोज के साथ साथ समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई व सतीश बाजपेई ने इटर्रा गांव में परिवार के साथ हवन पूजन करने के साथ भंडारे का भी आयो जन किया गया। प्रसाद खाने वालों की शाम तक भीड़ रही।उधर मां कूष्मांडा देवी मन्दिर में भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्य समिति की सदस्य कंचन पटेल द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भीड़ में चैन स्नैचर महिलाओं पर भी पुलिस की कड़ी नजर रही। खास तौर पर महिला सिपाहियों को भीड़ के बीच सिविल ड्रेस में लगाया गया था।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में के पताराए भीतर गांवए सजेतीए बरीपालए नौरंगाए रेवना क्षेत्रों में स्थित देवी मन्दिरों के अलावा घरों मे भी पूजन का आयोजन किया गया।

### रामनवमी के उपलक्ष्य में राम भक्तों द्वारा गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा का हुआ आयोजन

कुरारा,हमीरपुर। कस्बा कुरारा में रामनवमी के उपलक्ष्य में राम भक्तों द्वारा गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया। तथा मनमोहक झांकियां सजा कर घोड़े के नृत्य के साथ कस्बा का भ्रमण कर बड़े देव बाबा स्थान पर सम्पन्न हुआ। कस्बा के पालीवाल मोहल्ले से राम नवमी के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जुलूस गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होकर ब्लाक कार्यालय के सामने से होकर मनकी स्टैंड होते हुए बेरी तिराहा से होकर मेन बस स्टैंड से होते हुए लालमन पुलिया से मेन बाजार होते हुए भौली रोड से होकर नौटंकी मैदान से होते हुए बड़े देव बाबा स्थान जाकर संपन्न हो गया। शोभायात्रा में डीजे व बैंडबाजा की धुन पर राम भक्त केसरिया ध्वज लेकर लहराते हुए चल रहे थे। तथा श्रीराम जी की।झांकी में महिलाओं ने अपने घरों से पुष्प वर्षा की घोड़े भी जुलूस में नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन आशारानी कबीर, गोपालदास पालीवाल, हरनारायण सिंह, देवेंद्र सिंह,विवेक पालीवाल, सुशील सोनी, रमेशचंद्र, सूरज श्रीवास्तव, गणेश तिवारी आदि मौजूद रहे। कस्बे में बड़े देव बाबा धार्मिक स्थान पर भक्तों द्वारा मेले का आयोजन किया गया।

## लुटेरी दुल्हनरू चौथी से पहले 15 लाख के जेवरात व नगदी लेकर हुई रफूचक्कर

**ऽ दिल्ली में चलती थी ऑटोए लडके को प्रेम जाल में फंसा कर बीते आठ मार्च को उसके ही खर्चे पर कस्बा साढ़ के गेस्ट हाउस में रचाई थी शादी**

घाटमपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय हलचल मच गई जब एक ऑटो चालक लुटेरी दुल्हन शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराल से करीब 13 लाख के सोने.चाँदी के जेवरात व ढाई लाख की नकदी लेकर आधी रात को फरार हो गई।?जनपद सीतापुर की रहने वाली दूल्हन दिल्ली में ऑटो चलती थी। लडके को प्रेम जाल में फंसा कर उसने बीते आठ मार्च को उसके ही खर्चे पर कस्बा साढ़ के गेस्ट हाउस में शादी रचाई थी। साढ़ पुलिस तक मामले के पहुंचने पर पुलिस ने दूल्हन की धड़पकड़ के लिए सर्विलांस के साथ एक टीम लगाई है। लुटेरी दुल्हन का शिकार हुए युवक ने पुलिस को बताया कि सीतापुर जनपद की रहने वाली युवती दिल्ली में ऑटो चालक है। उसका विवाह बिचवानी जयराम कुशवाहा व फिरोजखॉन ने तय कराया था। युवतीए उसके परिजनों को कस्बा साढ़ के गेस्ट हाउस बुलाकर आठ मार्च को विवाह संपन्न हुआ। शादी का पूरा खर्च दूल्हे पक्ष द्वारा ही वहन किया गया था। शादी के बाद चौथे ही दिन दूल्हन सुहागरात में पति द्वारा मारपीट करने और जेवरात ले लेने का आरोप लगाकर साढ़ थाने पहुंची थी। बाद में पति के आने व जेवरात देने की बात पर दूल्हन मान गई।वह फिर ससुराल चली गई। इधरए 26 मार्च को दुल्हन की चौथी विदाई रस्म की तैयारी हो ही रही थीए कि 24 मार्च की आधीरात को जब सभी लोग सो रहे थे तभी दुल्हन मौका पाकर अलमारी के लॉकर में रखी 13 लाख की जेवरात और ढाई लाख रुपये की नकदी समेट कर फरार हो गयी। सुबह जब परिजनों की आँख खुलीए तो दुल्हन बेड से गायब मिली।जिसके शौच क्रिया जाने की बात सोचकर पहले किसी ने ध्यान नहीं किया लेकिन आधे घंटे बीत जाने के बाद अलमारी के लॉकर से जेवरातए नगदी तथा उसके ट्राली बैग गायब मिलेए तब दुल्हन के घर से भाग जाने की जानकारी हुई। साढ़ प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया दुल्हन की तलाश के लिए सर्विलांश की मदद के साथ पुलिस टीम लगाई गई है। उन्होंने आगे बताया कि इस साजिश में कुछ अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

## जीपीएल में सदभावना इलेवन ने डीके इलेवन को हराया




**ऽ डकवर्थ लुईस नियम से किया गया विजेता का टफचयन**

घाटमपुर। शुक्रवार कैप्टन सुखवासी जनता महाविद्यालय क्रिकेट में चल रहे जीपीएल सीजन वन क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को सदभावना इलेवन ने डीके इलेवन को हराया।टॉस जीतकर सदभावना इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 16 ओवर में 229 रन बनाए। इसमें प्रदीप सचान ने 44 गेंद में 118 रन व सत्यम नागर ने 47 रन बनाए। डीके इलेवन की तरफ से अमन ने तीन विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके इलेवन ने 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 159 रन बना लिए। हर्षित बाजपेई ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। मौसम खराब होने के कारण डकवर्थ लुईस नियम से सद्भावना इलेवन की जीत घोषित की गई। मैन ऑफ द मैच प्रदीप सचान को राज करण द्वारा दिया गया। इस मौके पर शिवम भदौरियाए डीकेएसंदीप जोशी आदि लोग मौजूद रहे। जी पी ए के आयोजक भूप किशोर ने बताया कि कल का क्वालीफायर मुकाबला बाबा इलेवन और त्रिवेदी गारमेंट्स इलेवन के बीच खेला जाएगा।

### मारपीट के मामले में दो नामजद व अज्ञात पर दर्ज हुई रिपोर्ट

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल गांव में गुरुवार को हुई मार पीट के मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।बहन के घर आए युवक व उसके साथी की बाइक सवार हमलावरों द्वारा पिटाई कर घायल कर दिया गया था। पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।कोटरा निवासी मुक्ताप्रसाद पुत्र रामनारायण ने पुलिस को बताया कि अकबरपुर बीरबल निवासी परदेश में रह रहे अपने बहनोई के खेत में हो रहे बोर की चार रोज पूर्व से निगरानी कर रहा था। उसने अपने साथी तैय्यब पुत्र फहीम निवासी कस्बा मूसानगरए जनपद कानपुर देहात को भी बुला लिया था। बताया कि बहनोई के घर साथी के साथ नाश्ता पानी कर रहा था तभी सरगांव निवासी मयंक यादव पुत्र व बादल अपने साथ कट्टा तमंचाए लाठी डण्डा से लैस कुछ बाहरी लोगों को लेकर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मुझे मारने पीटने लगे। मेरा साथी तैय्यब बचाने लगा तो उसे भी मारा पीटा। जिससे मेरा सर व साथी का सर तथा दाहिने हाथ की अंगुली फट गई। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़**

पत्रांक : 1366 /95सी/ई–टेण्डरिंग/प्र0फ0वृ0/2026 दिनांकः– 23.03.2026

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा द्वारा उ.प्र. लो. नि.वि. में क्लास ए श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से सेतु कार्य हेतु निविदा आइटम दर के आधार पर ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | फतेहपुर | जनपद फतेहपुर में ग्राम सेमरहटा (हाजीपुर गंग) एवं खानपुर के मध्य नसीरपुर स्कोप नाले पर लघु सेतु, पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग के निर्माण का कार्य। | 671.00 | 13.42 | निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 + स्टेशनरी कुल रू0 2714.00 | 12 माह |
| 2 | फतेहपुर | दामपुर रानीपुर मखौआ के मध्य यमुना सहायक कंनगी नाला पर 5X11 मी0 स्पान के लघु सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण का कार्य। | 665.00 | 13.30 | निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 + स्टेशनरी कुल रू0 2714.00 | 12 माह |

2 उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

3 वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है एवं तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

4 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30/03/2026 से 20/04/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 20/04/2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 20/04/2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

(अनिल कुमार शील)
अधिशाषी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहपुर

(एस0के0 गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता
प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

उ0प्र0 248976 दिनांक– 26.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

# सपा प्रदेश सचिव बने जगनायक सिंह

**– सभी विधानसभाओं का दौरा कर पार्टी को बनाएंगे मजबूत**



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत कर दिया। मनोनयन होते ही श्री यादव को बधाई देने वालों का तांता लग गया। बताते चलें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता हैं। समय-समय पर पार्टी उनको बड़े पद से नवाजती है। वर्ष 2027 की तैयारी को लेकर अलग-अलग पार्टियां मंथन कर रही हैं तो एक बार फिर समाजवादी पार्टी हाईकमान ने जगनायक सिंह यादव को प्रदेश सचिव पद की बड़ी जिम्मेदारी देकर प्रदेश में 2027 में विधानसभा के चुनाव में प्रखर वक्ता जगनायक सिंह यादव को प्रदेश के अलग-अलग विधानसभा में भेज कर पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्हें प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दिया है। प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे बखूबी निर्वहन करेंगे। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जिले की सभी छह सीटों पर सपा का परचम फहराने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर गतिशील होंगे। प्रदेश की अलग-अलग विधानसभाओं में दौरा करके सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे और एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बिठाने का काम करेंगे।

# समाजसेवियों के साथ पत्रकार संघ अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति ने किया सम्मान समारोह**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति द्वारा सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत हथगाम के सभागार में किया गया जिसमें कवि, साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। पत्रकार शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि के अवसर पर वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता, भाईचारे सदभाव के लिये बलिदान हुये विद्यार्थी जी के बताये हुये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति ने समाज की उन हस्थियों को सम्मानित किया जो किसी न किसी रूप में अपने आसपास समाजसेवा एवं हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल कायम रखते हुये अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षत करते हुये चेयरमैन धीरेंद्र कुमार ने कहा कि आप सभी लोग अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वह एक सराहनीय कदम है। समति द्वारा सम्मानित होने वाले सदानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य ईश्वर नारायण द्विवेदी, जनता इंटर कालेज छिवलहा के प्रधानाचार्य एसके मालवीय, चिकित्साधीक्षक डा0 अमित चैरसिया, जिला पत्रकार संघ रजि0 के अध्यक्ष एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, श्याम सुंदर तिवारी, देव कुमार दीक्षित, कवि डा0 वारिश अंसारी, पत्रकार प्रभाकर पांडेय, पत्रकार सुरेंद्र पाठक, चैकी इंचार्ज छिवलहा उत्कर्ष मिश्रा, पत्रकार शहंशाह आबदी, अफजल हुसैन, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अवर अभियंता विद्युत मोहम्मद इम्तेयाज अहमद, पूर्व सभासद अंजनी किशोर बाजपेई, नारी सशक्तिकरण की प्रतीक नाजिया परवीन, फार्मासिस्ट शैलेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी विभूतियों को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह के साथ माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार प्रेमदत्त पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी जी देश बांटने वाले के खिलाफ थे एवं आपसी भाईचारे में विश्वास रखते थे। कार्यक्रम का संचालन कवि एवं शायर शिवशरण बंधु ने किया। इस दौरान पत्रकार रमेश प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार, पप्पू हाशिमी, देवेंद्र सोनी, मो. आजम, मुन्ना सिंह, राकेश साहू, अमन सोनी, श्याम सुंदर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी पर जय श्रीराम की गूंज से गुजाएमान हुआ शहर

**– शोभा यात्रा में शामिल हुए हजारों रामभक्त, भगवामय रहा माहौल – धर्मध्वज एवं विद्युत सजावट से जगमगाई सड़कें**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव पर सारे शहर के प्रमुख मार्गों में शोभा यात्रा निकालकर भक्तिगीत एवं संगीत की धुनों पर राम भक्तों ने झूम-झूमकर जयकारे लगाए। श्री महानंद रामलीला मैदान ज्वालागंज से निकाली गई शोभा यात्रा जीटी रोड, बाकरगंज, चैगलिया, चैक बाजार होते हुए कटरा अब्दुलगनी कोतवाली रोड मां शीतला मंदिर में समाप्त हुई। समापन पर शीतला मंदिर कमेटी के तत्वाधान में सामूहिक भोज एवं गीत, संगीत का रंगारंग कार्यक्रम कलाकारों ने प्रस्तुत किया। भजन कीर्तन में ्मस्त भक्तगण सारी रात भक्तिरस में गोते लगाते रहे। इसी प्रकार शहर के रेलबाजार व लखनऊ बाईपास रोड इलाके से भी श्रीराम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चैक कोतवाली रोड स्थित शीतला मंदिर में जाकर समाप्त हुई। श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजक समिति के तत्वाधान में सारे शहर को भगवा ध्वज से सजाकर राम भक्तों ने शहर के विभिन्न स्थानों से विशाल शोभा यात्राएं निकाली। चैक हनुमान मंदिर, पीलू तले चैराहा, मोटेश्वर महादेव मंदिर, रेल बाजार, चंदियाना, रस्तोगीगंज, आबूनगर, पटेलनगर, लखनऊ बाईपास मार्ग, पत्थरकटा चैराहा सहित विभिन्न स्थानों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। हजारों की तादाद में एकत्र नर-नारी रामलीला मैदान से गाजे बाजे के साथ निकलकर धर्म ध्वज लहराते हुए श्रीराम के जयकारे लगाए। डीजे, बैंड, ढोल ताशों की गड़गड़ाहट में नर नारियां एवं बच्चे थिरकते रहे। वहीं धर्म की रक्षा करने एवं अधर्म का नाश के प्रतीक के रूप में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित रामभक्त तीर, तलवार, भाले, बरछी का प्रदर्शन कर धर्म मार्ग पर हर आहूति देने का संकल्प दोहराते रहे। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वहिनी, अखिल भारत हिंदू महासभा सहित अन्य हिन्दूवादी संगठनों द्वारा शंख, घंटे, घड़ियाल की गूंज कर सारे शहर को श्रीराममय बनाये रहे। उधर नवयुवक संघ रेल बाजार की ओर से भी भव्य श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें पूर्व विधायक विक्रम सिंह, अध्यक्ष अंकित जायसवाल, महामंत्री आशू पटेल, उपाध्यक्ष पिन्टू पटेल, सानू सिंह, अतीश पासवान, दीपक जैन, सभासद सुनील कुमार गुप्ता, अनुराग सिंह, विनय सिंह, ज्ञाना पासवान, नारायण गुप्ता, विनायक गुप्ता, जेपी सिंह फौजी, दिनेश गुप्ता, सोल्डी गुप्ता आदि श्रद्धालु शामिल रहे। जुलूस में शामिल हजारों भक्तजनों की सुरक्षा में तैनात पुलिस एवं पीएसी बल अस्त्र शस्त्रों से लैस होकर व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रहे। शोभा यात्रा के साथ पुलिस की दृष्टि से उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक नगर, शहर कोतवाल के अलावा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व अधिकारी व्यवस्थाओं को देखते रहे।

# नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शिवपुरी डिग्री कालेज के समीप सड़क पार कर रही नीलगाय से टकराकर 24 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खखरेरू कस्बा के गांधीनगर निवासी स्व0 प्यारेलाल का पुत्र मनीष कुमार बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह शिवपुरी डिग्री कालेज के पास पहुंचा तभी अचानक निकल रही नीलगाय से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डीएम ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का फीता काटकर किया शुभारंभ

**– 14वां जन्मदिन मना चुकी बालिकाएं वैक्सीन लगवाने के लिए होंगी पात्र**



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिला महिला चिकित्सालय में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि सभी लोग अपनी बच्चियों को जो पात्र हैं ये वैक्सीन लगवाएं। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो कि महिलाओं में होती है। उक्त बीमारी से बचाव हेतु अपने परिवार की ऐसी बालिकायें जिन्होने अपना 14 वॉ जन्मदिन मना लिया है और 15 वाँ जन्मदिन नही मनाया है, पात्र होगीं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 सुरेश कुमार ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत नई एचपीवी वैक्सीन का उद्घाटन 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान से किया जा चुका है। 14 वर्ष आयु की बालिकाएँ, जिन्होने 14 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, परन्तु 15 वर्ष पूर्ण नही किये हैं। जो बालिकाएँ अभियान प्रारम्भ होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली हैं, वे भी तीन माह के गहन एचपीपी टीकाकरण अभियान के दौरान पात्र होंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा लक्ष्य के सन्दर्भ में बताया गया कि उक्त अभियान हेतु कुल जनसंख्या 3144279 का 01 प्रतिशत 31443 बालिकाओं का लक्ष्य राज्य से प्राप्त हुआ है। अभियान हेतु 7920 डोज वैक्सीन प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज से प्राप्त हो गयी है। उक्त वैक्सीन की 400 डोज प्रति कोल्ड चेन प्वाइंट पर वितरित कर दी गयी है।

एचपीवी वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए दी जाने वाली एक टीका है। यह वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा, योनि, वल्वा, और गुदा के कैंसर के साथ-साथ जननांग मस्सों को रोकने में मदद करती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, डा0 इश्तियाक अहमद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आरसीएच, डा0 सुरेश कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 विमलेश कुमार, अर्बन नोडल अधिकारी एवं प्रतिरक्षण अनुभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, प्रतिनिधि यूनीसेफ, डब्लू0एच0ओ0, गावी-सीएसओ आदि उपस्थित रहे।

# सिद्धपीठ कालिकन मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**– भगवान श्री राम की आरती कर हुआ विशाल कन्या भोज**



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सिद्धपीठ श्री कालिका जी मंदिर में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। मुख्य ट्रस्टी सोनू गुप्ता ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री राम की आरती उतारी। जैसे ही राम जन्म का क्षण आया, पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान राम का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में घंटा-घड़ियाल, शंखनाद और राम जयकारों की ध्वनि गूंजती रही। श्रद्धालु लगातार पूजन-अर्चन में जुटे रहे। भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी ने बताया कि कई वर्षों से यह परंपरा निभाई जा रही है और भविष्य में भी इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। इस मौके पर वैभव द्विवेदी, अभय जोशी, महेंद्र मौर्य, रविंद्र यादव, जितेंद्र मल्होत्रा, लालजी यादव, अजय गुप्ता, केशव राम त्रिपाठी, राजन गुप्ता, मनोज रस्तोगी, अशोक कश्यप, आनंद श्रीवास्तव, पवन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्ति भाव और उत्साह से सराबोर रहा।

# विहिप द्वारा साधु-संत समागम का भव्य आयोजन, राष्ट्र रक्षा और सनातन एकता पर दिया जोर



बिंदकी (फतेहपुर)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा भारतीय हिंदू नववर्ष एवं श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कुंवरपुर रोड स्थित मां शारदा महाविद्यालय में विशाल श्साधु-संत समागमश् का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक संगम में संतों ने सनातन धर्म की मजबूती, राष्ट्र प्रेम और सामाजिक एकजुटता का आह्वान किया।

संतों का संदेशः एकजुटता से ही सुरक्षित रहेगा सनातन- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डंडी आश्रम के रामास्वामी महाराज ने राष्ट्र रक्षा और सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि हिंदू समाज में एकजुटता की भावना अनिवार्य है, तभी सनातन संस्कृति अक्षुण्ण रह सकेगी। मुख्य वक्ता कानपुर प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख गणेश शर्मा ने नैतिक मूल्यों और सत्संग के माध्यम से समाज को सही दिशा दिखाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने सनातन धर्म को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसके संरक्षण के लिए सभी को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान किया।

कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजनः महाविद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा नेता अनिल गुप्ता के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात कन्या पूजन कर विशाल भंडारे की शुरुआत की गई। भंडारे में साधु-संतों को भोजन कराने के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम के दौरान आए हुए संतों को सम्मानित भी किया गया।

एस.डी. अवस्थी की अध्यक्षता और दीप्ति अवस्थी के संचालन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजेश सिंह, विमलेश बाजपेई, सजल शर्मा और अभय सोनी प्रमुख रूप से सक्रिय रहे। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, श्रवण गुप्ता, संचित गुप्ता, सुनीता अग्निहोत्री, राधेश्याम शुक्ल और प्रभात पांडे आदि उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा की डिग्गी तोड़कर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खागा कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए पूरे 6700 रुपये नगद भी बरामद किए गए हैं। मोनू साहू निवासी ग्राम तिलकापुर ने थाना खागा में तहरीर देकर बताया था कि 25 मार्च को नई बाजार कस्बा खागा में खड़े उसके ई-रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर 6700 रुपये चोरी कर लिए गए। इस मामले में थाना खागा पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी खागा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी बाईपास अंडरपास के पास से अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शोएब पुत्र शहीद कुरैशी निवासी मुसबापर पक्का तालाब, कस्बा व थाना खागा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 500 रुपये के 13 नोट और 200 रुपये का एक नोट, कुल 6700 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने नयी बाजार स्थित गौतम ट्रेडर्स गली में खड़े ई-रिक्शा की डिग्गी का ताला तोड़कर रुपये चोरी किए थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# अस्पताल के पास मिली खून से सनी लावारिस कार, बडी वारदात की आशंका से क्षेत्र में सनसनी

विजयीपुर (फतेहपुर)। जनपद के विजयीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गढा के चंदापुर इलाके में उस वक्त हडकंप मच गया, जब अस्पताल के समीप खडी एक लावारिस कार के भीतर खून के निशान पाए गए। कौशाम्बी नंबर की इस संदिग्ध कार ने इलाके में किसी बडी आपराधिक वारदात की आशंका को जन्म दे दिया है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, शुक्रवार सुबह विजयीपुर विकास खंड के चंदापुर अस्पताल के पास ग्रामीणों ने एक संदिग्ध कार खडी देखी। काफी समय तक किसी के न आने पर जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा, तो कार की सीटों पर खून के धब्बे दिखाई दिए। लावारिस हालत में खून से सनी कार मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने जब कार का निरीक्षण किया, तो अंदर का दृश्य किसी संघर्ष या बडी वारदात की ओर इशारा कर रहा था। कार का नंबर कौशाम्बी जिले का पाया गया है, जिसके आधार पर वाहन स्वामी का विवरण जुटाया जा रहा है।

उठ रहे हैं कई गंभीर सवालः घटनास्थल पर मिली कार अब कई अनसुलझे सवाल छोड गई है- क्या कार के भीतर किसी बडी घटना को अंजाम दिया गया? क्या घायल अवस्था में किसी को इस वाहन से कहीं ले जाया गया है? क्या वारदात के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से कार को अस्पताल के पास लावारिस छोडा गया? मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू पर बारीकी से नजर रख रही है। थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। कार को कब्जे में लेकर उसके नंबर के जरिए मालिक का पता लगाया जा रहा है। फॉरेंसिक साक्ष्यों और परिस्थितियों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। दोषियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान किया जा रहा है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने वृद्धजनों को बांटे फल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, कै. राजेश द्विवेदी आचार्य कमलेश योगी, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि डा0 पीके सिंह पटेल मवइया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। जहां वृद्धजनों को फल व बिस्कुट का वितरण कर आशीर्वाद लिया। वृद्धजनों ने समाजसेवियों को अपने बीच पाकर खुशी का इजहार किया। भगवान श्रीराम के जय-जयकार हुई। सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी दोहराया। श्री सिंह ने कहा कि मार्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम सभी के आदर्श हैं। वृद्धजनों के बीच आकर उन्हें बेहद सुकून मिला है। उन्होने सभी को रामनवमी पर्व की बधाई दी। इस मौके पर वृद्धाश्रम की संचालिका नीतू वर्मा के अलावा उनके सहयोगी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### घर में घुसकर महिला पर कुल्हाडी से जानलेवा हमला

**– भाई-बहन समेत चार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सनगांव में मामूली विवाद के बाद पडोसियों ने घर में घुसकर एक महिला पर कुल्हाडी से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। पीडिता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाई-बहनों समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सनगांव निवासी मोईन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मंगलवार शाम उसकी बहन महजबी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश या विवाद के चलते गांव के ही यासीन उर्फ नाना अपने साथी अली अहमद और अपनी दो बहनों सोनी व मोनी के साथ जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावर अपने साथ कुल्हाडी और लाठी-डंडे लेकर आए थे। घर में घुसते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से महजबी पर हमला बोल दिया। कुल्हाडी के वार से महजबी लहूलुहान होकर वहीं गिर पडी। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीडिता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी यासीन, अली अहमद, सोनी और मोनी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीडित पक्ष की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाईपास पर मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**– प्रयागराज से दवा कराकर लौट रहा था बुजुर्ग**

बिंदकी (फतेहपुर)। बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड बाईपास के पास गुरुवार को मिले अज्ञात वृद्ध के शव की पहचान शुक्रवार को हो गई है। मृतक की पहचान कृष्ण गोपाल वर्मा (63), निवासी ग्राम असधना, थाना सजेती (कानपुर) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मृतक अविवाहित थे और एमएससी शिक्षित थे। वह मंगलवार को अपनी आंखों का इलाज कराने प्रयागराज गए थे, जहां से लौटते समय बिंदकी के पास उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार शाम उन्हें स्थानीय स्तर पर अचेत अवस्था में देखा गया था, जिसके बाद गुरुवार सुबह सडक किनारे उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए थे। सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया और शव की पहचान की। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक आशंका जताई जा रही है कि बीमारी या ठंड के चलते बुजुर्ग की जान गई होगी, हालांकि मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा।

### दहेज मुक्त शादी के बाद भी बहू का सितम, संपत्ति से बेदखल कर बुजुर्ग दंपति ने तोडा नाता

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद के बिन्दकी तहसील अंतर्गत ग्राम डीघ में रिश्तों के कत्ल और बुजुर्गों के उत्पीडन का एक दहला देने वाला मामला सामने आया है। अपनी ही बहू के कथित दुर्व्यवहार और बेटे की बेरुखी से आजिज आकर एक वृद्ध माता-पिता ने बेहद कठोर कदम उठाया है। पीडित दंपति ने अपने बेटे और बहू को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए जिलाधिकारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। कर्ज लेकर बनवाया था जेवर, अब मिल रही धमकीः ग्राम डीघ निवासी सुरेश कुमार द्विवेदी और उनकी पत्नी गायत्री देवी (आंगनबाडी सहायिका) ने बताया कि उन्होंने अपने बडे पुत्र दीपराज द्विवेदी का विवाह मार्च 2024 में बिना किसी दहेज के संपन्न कराया था। शादी के खर्च और बहू के जेवर बनवाने के लिए बुजुर्ग दंपति ने अपनी सीमित खेती पर बैंक से कर्ज लिया था, जिसका 02 लाख का ऋण वे आज भी चुका रहे हैं। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही बहू रागिनी ने ग्रामीण परिवेश में रहने से इनकार कर दिया और सास-ससुर के साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। जमीन और गहनों के लिए दबाव, टीन शेड में रहने को मजबूरः पीडित पिता के अनुसार, विवाद बढने पर बेटे-बहू को अलग कर दिया गया, जिसके बाद वे कानपुर में रहने लगे। आरोप है कि वहां से भी बहू ने बेटे के माध्यम से दबाव बनाया कि माता-पिता अपने हिस्से के गहने और खेती की जमीन उसके नाम कर दें। मांग पूरी न होने पर पूरे परिवार को दहेज व अन्य झूठे मुकदमों में फंसाकर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है। सुरेश कुमार ने सिसकते हुए बताया कि बहू के खौफ और लगातार हो रहे अपमान के कारण वे अपने मुख्य घर को छोडकर दूसरे स्थान पर एक टीन शेड के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रशासन से लगाई न्याय की गुहारः लगातार हो रहे मानसिक और शारीरिक शोषण से क्षुब्ध होकर सुरेश कुमार और उनकी पत्नी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर स्पष्ट कर दिया है कि वे अब अपने पुत्र दीपराज और बहू रागिनी से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहते। उन्होंने सार्वजनिक रूप से दोनों को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दंपति ने प्रशासन से अपनी जान-माल की रक्षा सुनिश्चित करने और इस संबंध में आदेश पारित करने की मार्मिक अपील की है।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**– अधीनस्थों को दिए सख्त दिशा-निर्देश**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परेड की सलामी ली और पुलिस बल का निरीक्षण किया। परेड के दौरान जवानों द्वारा टोलीवार ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। एसपी ने चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जवानों को अनुशासन, एकरूपता और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और अनुशासन ही पुलिस की कार्यक्षमता को मजबूत बनाता है। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, प्रशिक्षण कक्ष, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी तथा परिवहन शाखा का जायजा लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, यूपी-112 शाखा और पीआरवी वाहनों में लगे बॉडीवॉर्न कैमरों व अन्य आवश्यक उपकरणों की भी गहन जांच की। भोजनालय की व्यवस्थाओं और गार्द रजिस्टरों का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला को टक्कर मार मंगलसूत्र छीन भागा बाइक सवार

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज ओवरब्रिज पर एक शातिर बाइक सवार ने महिला के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। सैय्यदबाबा चैराहा निवासी सीमा मिश्रा अपनी बहन के घर से लौटकर ओवरब्रिज पर रिक्शे का इंतजार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। सडक पर गिरी महिला को उठाने के बहाने आए युवक ने मदद का ढोंग रचा और मौका पाकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर बाइक से फरार हो गया। पीडिता की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लुटेरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल हेमंत मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही लुटेरे को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया जाएगा।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली के सतनरैनी स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली के टेनी गांव निवासी रमेश का पुत्र योगेश कुमार अपने निजी काम से जा रहा था। जब वह सतनरैनी रेलवे स्टेशन के समीप लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नई चुनौती

दुनिया में अभी तक भारत सहित कई देशों की मुख्य पहचान वहां के गांव और ग्रामीण जीवन व उसकी गतिविधियां थीं। अब तस्वीर बदल रही है। इस समय कुल वैश्विक जनसंख्या का इक्यासी प्रतिशत हिस्सा शहर में रहता है। जबकि केवल सात साल पहले यह पचपन प्रतिशत था। नतीजा यह है कि अब गांव में रहने वाली आबादी केवल उन्नीस प्रतिशत पर सिमट गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी का अध्ययन बताता है कि शहरीकरण की इस लहर के पीछे मुख्य रूप से दो कारण हैं एक तो यह कि शिक्षा और बेहतर रोजगार के लिए बड़े पैमाने पर लोग शहरों की तरफ भाग रहे हैं। यह स्थिति भारत जैसे प्रमुख एशियाई देशों में खास तौर पर दिखती है। दूसरे, कई छोटे और विकसित हो रहे गांव समय के साथ खुद ही शहरों में बदलते जा रहे हैं। स्वाभाविक है कि इससे शहरों की जनसंख्या और घनी हो रही है। दुनिया में ऐसी सबसे घनी आबादी वाले शहरों में भारत की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई पहले नंबर पर है। जबकि सूरत, अहमदाबाद और बेंगलुरु क्रमशः पांचवें, नवें और दसवें नंबर पर हैं। इस स्थिति को देखते हुए सहज आशंका यह उभरती है कि शहरीकरण के बढ़ने के इस दौर में क्या शहरी रहन-सहन, आजीविका के लिए क्रियाकलापों, बड़े पैमाने पर व्यावसायिक तथा औद्योगिक गतिविधियों, मनोरंजन के साधनों जैसे पक्ष ग्रामीण परिवेश के जीवन को बीती बात बना देंगे? फिर उस कृषि व्यवसाय का क्या होगा जो अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और गांव में ही संचालित होता है। शहरों में न तो बड़े-बड़े खेत हैं और न वहां के लोग लागत के रिटर्न को देखते हुए कृषि को खास महत्व ही देते हैं। फिर हमारी लोक संस्कृति भी मुख्य रूप से गांव में ही जीवित है। शहरों में तो उसे कुछ खास मौकों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए ही पहचाना जाता है। तब यह जरूरी हो जाता है कि गांव के स्वरूप परिवर्तन की जगह उनके स्तर बढ़ने के प्रयास हों।ग्रामीणों के रहन-सहन और कार्य व्यवहार को इस तरह विकसित किया जाए कि वे शहरों में उपलब्ध सुविधाओं के मुकाबले स्वयं को कमतर न समझें और उनका मूल स्वरूप भी न बदले। गांव की महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह, बैंक ऋण, उज्जवला गैस जैसी योजनाओं की तरह कृषि कार्य को बढ़ावा एवं स्कूल अस्पताल बैंक आदि को प्रोत्साहन देने के लिए युद्ध स्तर पर काम हों तो अधिक सार्थक होगा।

## गृहणी की 'दासता'

हमारे समाज में लंबे समय से घर के कामकाज निपटाने की जिम्मेदारी इस तरह महिलाओं की रही है कि उन्हें इसका श्रेय भी नहीं दिया जाता, मूल्य की तो बात ही अलग। यह चलन इतने गहरे तक है कि संपन्न घर हो या सामान्य, पुरुष इन कामों में हाथ कतई नहीं बंटाते। तर्क होता है कि हमारे यहां तो ऐसा ही होता आया है या हमें और भी काम है। यह सब है जब महिलाओं को सम्मान और उनके अधिकारों की बातें बड़े जोर-शोर से होती हैं। सहनशीलता और जिम्मेदारी की घुट्टी पिला दिए जाने के कारण महिला भले यह रोना न रोये उसको कितना काम करना पड़ता है लेकिन इससे यह सच नहीं छुप जाता कि घर के कामकाज का दायरा कितना बड़ा होता है और उसमें वह खटती रहती है। तब उसे घर की मालकिन भले ही कहा जाए लेकिन उसकी स्थिति कहीं अधिक हीन होती है। जब घर का पुरुष गृहणी के प्रति ऐसा नजरिया रखे तो समानता के अधिकार जैसी बातें आडंबर लगते हैं। तब स्वाभाविक संबंधों में कहीं न कहीं कटुता जन्म लेती है और आज के असहनशील समय में सतह तक आकर अदालतों में भी पहुंच जाती है। ऐसे ही एक मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले दिनों बेहद नैतिक रास्ता दिखाया है। उसने कहा है कि पति को भी घर के कामकाज की जिम्मेदारी उठानी चाहिए क्योंकि उसने घरेलू सहायिका नहीं बल्कि जीवन संगिनी से विवाह किया है। विवाह संस्कार में भी पत्नी को दोयम दर्ज की बात कहीं नहीं कहीं गई है। व्यावहारिक रूप से भी यदि घर के कामकाज में पत्नी के साथ पति की भागीदारी हो तो आपस में समानता और सम्मान का भाव अपने आप पैदा हो जाता है। समानता का महत्व मिलने से पत्नी में पैदा होने वाला आत्मविश्वास परिवार में परस्पर संवेदना को और मजबूती देता है जो इस संस्था के लिए सबसे आवश्यक है। आज जब पारिवारिक विघटन तरह-तरह के उदाहरणों के रूप में सामने आ रहा है, तब पति पत्नी का समानता आधारित सामंजस्य और महत्वपूर्ण हो जाता है( घरों में ऐसे जीवंत संबंधों का असर बच्चों पर भी पड़ेगा और उनकी पीढ़ी भी इसी सिद्धांत पर चलेगी। इसलिए यह जरूरी है कि पुरुष वर्ग अपने नजरिए में बदलाव लाते हुए परिवार में नई चेतना का संचार करे।

# मध्य-पूर्व तनाव : भारत तैयार

**पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विश्व के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, असीमित नहीं। इसलिए उनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अनावश्यक रूप से बर्बाद करने का अधिकार किसी को नहीं है। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और दुष्प्रचारपूर्ण खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल भय और घबराहट पैदा करना है।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें वर्तमान में लगभग 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस भंडार में कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा भूमिगत रणनीतिक भंडारण शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मध्य-पूर्व संकट के 27वें दिन तक देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।**



**- सुनील कुमार महला**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विश्व के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, असीमित नहीं। इसलिए उनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अनावश्यक रूप से बर्बाद करने का अधिकार किसी को नहीं है।

इसी संदर्भ में भारत सरकार ने 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और दुष्प्रचारपूर्ण खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल भय और घबराहट पैदा करना है।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें वर्तमान में लगभग 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस भंडार में कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा भूमिगत रणनीतिक भंडारण शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मध्य-पूर्व संकट के 27वें दिन तक देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार के अनुसार, हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने तक निरंतर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद पहले से ही सुनिश्चित कर ली है। इतना ही नहीं, मीडिया के हवाले से यह भी खबरें आई हैं कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल पर रु.10 की कटौती की गई है, इससे फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों और आम जनता को



राहत देते हुए पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए कर दिया गया है तथा डीजल पर यह ड्यूटी पूरी तरह खत्म यानी जीरो कर दी गई है। बहरहाल, जहां कुछ देशों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग और पेट्रोल पंपों के बंद होने जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, वहीं भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है और किसी आपातकालीन कदम की आवश्यकता भी नहीं पड़ी है।बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि संकट की इस घड़ी में समाज की वास्तविक परीक्षा एकजुटता और जिम्मेदारी में निहित होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कोई बड़ा संकट आता है-चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा या आर्थिक मंदी-तब केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि प्रशासन और व्यापारिक वर्ग की जिम्मेदारी भी कई गुना बढ़ जाती है। दुर्भाग्यवश, ऐसे समय में कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जैसी प्रवृत्तियां भी उभरती हैं, जो कृत्रिम कमी पैदा कर आम लोगों की कठिनाइयों को और बढ़ा देती हैं। वास्तव में,कालाबाजारी और मुनाफाखोरी समाज की आर्थिक व्यवस्था को भीतर से खोखला कर देती हैं।यह न केवल आम जनता की जेब पर बोझ डालती है, बल्कि विश्वास की नींव को भी कमजोर करती है। आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाना नैतिक और कानूनी दोनों रूप से गलत है।सच तो यह है कि ऐसे समय में गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में सरकार को सख्त कानून और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए।साथ ही, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई से ही इसका सही समाधान संभव है। जनता को भी जागरूक रहकर ऐसे कृत्यों का विरोध करना चाहिए। ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है।वास्तव में, हमें यह समझना होगा कि वास्तविक शक्ति संसाधनों को जमा करने में नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंचाने में है। कालाबाजारी भले ही अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन यह समाज के विश्वास और नैतिक आधार को कमजोर करती है। इसके विपरीत, यदि व्यापारी, उद्योगपति, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और सहयोग का मार्ग अपनाएं, तो किसी भी संकट के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अंततः, यही समय है जब हमें यह सिद्ध करना होगा कि हमारी सभ्यता स्वार्थ पर नहीं, बल्कि एकता, संवेदना और सहभागिता जैसे मूल्यों पर आधारित है। यही भावना न केवल संकट से उबरने में सहायक होती है, बल्कि एक मजबूत और सुदृढ़ राष्ट्र की नींव भी रखती है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अष्टम् अध्याय

**(गतांक से आगे**

भगवान शिव ने 'राम' शब्द के जपने पर बल दिया। 'रमन्ते योगिनो यस्मिन् स रामः । रा और म के बीच में कबिरा रहा लुकाय।' रा और म इन दो अक्षरों के अन्तराल में कबीर अपने मन को रोकने में सक्षम हो गये।

श्रीकृष्ण ओम् पर बल देते हैं। ओ अहं स ओम् अर्थात् वह सत्ता मेरे भीतर है, कहीं बाहर न ढूँढ़ने लगे। यह ओम् भी उस परम सत्ता का परिचय देकर शान्त हो जाता है। वास्तव में उन प्रभु के अनन्त नाम हैं; किन्तु जप के लिये वही नाम सार्थक है जो छोटा हो, श्वास में ढल जाय और एक परमात्मा का ही बोध कराता हो। उससे भिन्न अनेक देवी-देवताओं की अविवेकपूर्ण कल्पना में उलझकर लक्ष्य से दृष्टि न हटा दें।

'पूज्य महाराज जी' कहा करते थे कि मेरा रूप देखें और श्रद्धानुसार कोई भी दो-ढाई अक्षर का नाम- 'राम', 'शिव' में से कोई एक लें, उसका चिन्तन करें और उसी के अर्थस्वरूप इष्ट के स्वरूप का ध्यान करें। ध्यान सद्गुरु का ही किया जाता है। आप राम, कृष्ण अथवा 'वीतराग विषयं वा चित्तम्।'- वीतराग महात्माओं अथवा 'यथाभिमतध्यानाद्वा।' (पातंजल योग0, 1/37, 39) अभिमत अर्थात् योग के अभिमत, अनुकूल किसी का भी स्वरूप पकड़ें, वे अनुभव में आपको मिलेंगे और आपके समकालीन किसी सद्गुरु की ओर बढ़ा देंगे, जिनके मार्गदर्शन से आप शनैः-शनैः प्रकृति के क्षेत्र से पार होते जायेंगे। मैं भी प्रारम्भ में एक देवता (कृष्ण के विराट् रूप) के चित्र का ध्यान करता था; किन्तु पूज्य महाराज जी के अनुभवी प्रवेश के साथ वह शान्त हो गया।

प्रारम्भिक साधक नाम तो जपते हैं; किन्तु महापुरुष के स्वरूप का ध्यान करने में हिचकते हैं। वे अपनी अर्जित मान्यताओं का पूर्वाग्रह छोड़ नहीं पाते।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धर्मशील गुण नाहिं जेहिं, नहिं विद्या तप दान ।**
**मनुज रूप भुवि भार ते, विचरत मृग कर जान ।।**

कहते हैं जिस मनुष्य के अंदर अगर ज्ञान, गुण और शील न हो वह मनुष्य पृथ्वी पर बोझ के समान है। उसे इस धरती पर जीने का कोई हक नहीं है। ऐसा लोग धरती पर बोझ बनकर जिंदा है।

♦♦♦

# गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते जा रहे सड़क हादसे

**- सुदीप लखटकिया**

भारत के पास लगभग 1.5 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं और पूरे देश में सड़क परिवहन की स्थिति को बदल चुके हैं. लेकिन यह आधुनिक बुनियादी ढांचा पहले से कहीं अधिक लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में ले रहा है. उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारत में 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हुई और 4.6 लाख से अधिक लोग घायल हुए. हमारे पास बेहतर सड़कें, स्मार्ट निगरानी तकनीक और सख्त दंड हैं, जिनसे दुर्घटनाएं कम होनी चाहिए थीं। लेकिन अपने यहां सड़क पर होने वाली मौतों का आंकड़ा सड़क नेटवर्क के विस्तार के साथ लगभग समानुपाती रूप से बढ़ रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप लेती जा रही हैं. इस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है. हम एक जटिल समस्या का सामना कर रहे हैं, जिसने ज्ञान के क्षरण को जन्म दिया है. यह एक ऐसी स्थिति है, जहां आंकड़े तो मौजूद हैं, लेकिन उनसे सीख नहीं ली जा रही. हमें पता है कि क्या गलत है, फिर भी हमारी सड़कें असुरक्षित हैं, क्योंकि हमने सड़क हादसों से सबक नहीं सीखे. सड़क सुरक्षा तब बिगड़ती है जब वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और व्यवस्था संभालने वाले अधिकारियों का समुदाय सीखना और सुरक्षित व्यवहार अपनाना बंद कर देते हैं। साक्ष्य आधारित प्रवर्तन का धीरे-धीरे कमजोर होना और संस्थागत सीख की कमी असुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देती है. इससे एक ऐसी संस्कृति बनती है, जो समय के साथ-साथ और खराब होती जाती है. ऐसी व्यवस्था में वही लोग सुरक्षा से समझौता करते हैं, जो आखिरकार इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं और सड़कों पर घायल या मृत हो सकते हैं. सुरक्षा का एक पहलू सीधे सरकार की दृष्टि से जुड़ा है. जब राजनीतिक दबाव साक्ष्यों पर हावी हो जाता है, तब योजनाकार दुर्घटनाओं के आंकड़ों को नजरअंदाज करने लगते हैं. वैसे में, नियमों के उल्लंघनों को सामान्य मान लिया जाता है, समाज उन्हें स्वीकार कर लेता है और इसके परिणामस्वरूप सड़क पर बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं. अपने यहां सरकारों के पास सड़क दुर्घटनाओं का विशाल आंकड़ा है, फिर भी इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य को अलग-अलग खांचों में बांटकर देखा जाता है।

ऐसी स्थिति में, सड़क सुरक्षा को मजबूत करने का पहला कदम यातायात उल्लंघनों पर सख्त दंड लागू करना होना चाहिए. ट्रैफिक चालान, जैसा कि आम बोलचाल में कहा जाता है, नियमों के उल्लंघनों को आर्थिक रूप से हतोत्साहित करने और उन्हें भविष्य की प्रशासनिक या कानूनी कार्रवाई के लिए दर्ज किये जाने का माध्यम है. इसमें कोई शक नहीं कि देश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उल्लंघनों की सटीक पहचान और चालान जारी करने की क्षमता में काफी सुधार किया है. लेकिन चालान की वसूली उस गति से नहीं बढ़ी है. यही कारण है कि सड़क अनुशासन और सुरक्षा पर असर पड़ा है. देश के कुछ शहरों में तो जुर्माना वसूली की दर पांच फीसदी तक ही है. जबकि चालान के भुगतान में देरी या भुगतान न करने के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए. न लिये जाने वाले जुर्माने उल्लंघनों को बढ़ावा देते हैं. कानून की गरिमा उसके सही और पूर्ण कार्यान्वयन में है।समय पर चालान की वसूली नियमों के प्रभावी पालन का अंतिम चरण है और यह जोखिम को रोकने में सहायक हो सकता है. इससे सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा. आदर्श रूप से नियमों का उल्लंघन करने वाले हर व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. जैसा कि ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों से पता चलता है.



दिल्ली में 2025 तक निजी चालकों के खिलाफ लगभग 2.5 करोड़ और वाणिज्यिक चालकों के खिलाफ करीब 20 लाख चालान लंबित हैं. ये आंकड़े उस आम धारणा को चुनौती देते हैं कि केवल वाणिज्यिक चालक ही नियमों का उल्लंघन करते हैं. लगभग तीन करोड़ लंबित मामलों में से एक-तिहाई तेज गति से वाहन चलाने और लगभग 48 लाख मामले अवैध पार्किंग से संबंधित हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं. हाल ही में पुणे में एक हाई-प्रोफाइल सड़क दुर्घटना के बाद यह तथ्य सामने आया कि आरोपी के कई चालान लंबित थे. यदि समय पर उससे जुर्माना वसूला गया होता, तो शायद जानें बचायी जा सकती थीं. यह उस 'ब्रोकन विंडो सिंड्रोम' की ओर संकेत करता है, जिसके अनुसार छोटे अपराधों को नजरअंदाज करने से बड़े अपराधों को बढ़ावा मिलता है। स्पष्ट है कि यातायात उल्लंघनों के जुर्माने की वसूली एक आसान उपाय है, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण इसमें ढील दी जाती है, जिससे भुगतान में देरी, छूट या माफी मिल जाती है. इस संदर्भ में तेलंगाना सरकार का यह बयान सराहनीय है कि ऐसे मामलों में कोई आम माफी नहीं दी जायेगी. यदि देश में यह नया चलन बनता है, तो इससे नियमों के उल्लंघनों और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। बेशक दंड एक पहलू है, जिस क्षेत्र में आसानी से सुधारा लाया जा सकता है, लेकिन हमें अन्य जटिल मुद्दों पर भी ध्यान देना होगा, जैसे ड्राइविंग टेस्ट की प्रक्रिया, लाइसेंस जारी करना, सड़कों का रखरखाव, मरम्मत की गुणवत्ता, कमजोर ट्रैफिक इंजीनियरिंग और सड़क संकेतों की खराब व्यवस्था. देश में जिस आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस जारी हो जाते हैं, वह भी चिंता का विषय है. यदि परीक्षा की गंभीरता कम हो जाये, तो फिर उसका महत्व ही क्या रह जाता है? इसके अलावा, भले ही सड़कें अच्छी हों, लेकिन बिना चेतावनी के डायवर्जन, मरम्मत कार्य और अपर्याप्त संकेतक तेज गति वाले यातायात के लिए नये खतरे पैदा करते हैं. खराब या गलत तरीके से लगाये गये संकेत भी इस समस्या को बढ़ाते हैं. यह सब मिलकर दिखाता है कि प्रणाली कई स्तरों पर विफल हो रही है. हमें ऐसे समग्र समाधान की आवश्यकता है, जो पूरे तंत्र में काम करे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**वीरता पदक विजेता बने तो मुफ्त रेलयात्रा करेंगे**
अग्निवीर बने तो मरने पर भी वीरता पदक नहीं!
**युद्ध प्रभावों के लिये मन से सभी रहें तैयार-योगी**
मोदी योगी के रामराज्य में सभी कुछ देख लेंगे!
**मई के महीने में चीन की यात्रा करेंगे डोनाल्ड ट्रंप**
ओ जाने वाले, हो सके तो लौट के मत आना..
**पश्चिम एशिया में अब आने लगे हैं शांति के संकेत**
दिल्ली में आम आदमी पार्टी-भाजपा युद्ध शुरू!
**लखनऊ के पेट्रोल पंपों पर दिख रहीं लंबी कतारें**
ट्रैफिक जाम की समस्या सिरे से गायब हो गयी!
**ईरान ने भारतीय जहाजों के लिये खोला हर्मुज**
भला फादरलैंड वाले हमारे लिये क्या खोलेंगे?

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

### स्वर्ग और नरक

एक युवक था। वह बंदूक और तलवार चलाना सीख रहा था। इसलिए वह यदा-कदा जंगल जाकर खरगोश, लोमड़ी और पक्षियों आदि का शिकार करता। शिकार करते-करते उसे यह घमंड हो गया कि उसके जैसा निशानेबाज़ कोई नहीं है और न उसके जैसा कोई तलवार चलाने वाला। आगे चलकर वह इतना घमंडी हो गया कि किसी बड़े के प्रति शिष्टाचार भी भूल गया।

उसके गांव के बाहर कुटिया में एक संत रहते थे। वह एक दिन उनके पास पहुंचा। न उन्हें प्रणाम किया और न ही अपना परिचय दिया। सीधे उनके सामने पड़े आसन पर बैठ गया और कहने लगा, लोग बेकार में स्वर्ग-नरक में विश्वास करते हैं?

संत ने उससे पूछा, तुम तलवार साथ में क्यों रखते हो?

उसने कहा, मुझे सेना में भर्ती होना है, कर्नल बनना है। इस पर संत ने कहा, तुम्हारे जैसे लोग सेना में भर्ती किए जाते हैं? पहले अपनी शक्ल शीशे में जाकर देख लो।

यह सुनते ही युवक गुस्से में आ गया और उसने म्यान से तलवार निकाल ली। तब संत ने फिर कहा, वाह! तुम्हारी तलवार भी कैसी है? इससे तुम किसी भी बहादुर आदमी का सामना नहीं कर सकते, क्यों कि वीरों की तलवार की चमक कुछ और ही होती है।

फिर तो युवक गुस्से से आग-बबूला हो गया और संत को मारने के लिए झपटा। तब संत ने शांत स्वर से कहा, अब तुम्हारे लिए नरक का दरवाज़ा खुल गया।

यह सुनते ही युवक की अक्ल खुल गई और उसने तलवार म्यान में रख ली। अब वह सर झुककर संत के सामने खड़ा था और अपराधी जैसा भाव दिखा रहा था। इस पर संत ने कहा, अब तुम्हारे लिए स्वर्ग का दरवाज़ा खुल गया।

## आपका पत्र मिला

### आखिर कब थमेंगे सड़क हादसे

आए दिन रफ़्तार भरी जिंदगी मे वाहनों की रफ़्तार तेजी से जीवन लीला समाप्त करने मे पीछे नहीं! छिंदवाड़ा मे हादसे की कहानी दर्दनाक जख्म देती नजर आ रही है! सी एम की सभा से लौट रही बस से भीड़ी पिकअप से 3 महिलाओं सहित 10 की मौत हो गई! और 7 गंभीर है ! शायद ही कोई सा दिन जाता हो ज़ब इस तरह की विचलित करने वाली घटना न घटे , सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश कोसों दूर नजर नहीं आता! दो पहिया वाहनों की रफ़्तार अगर देखे तो ऐसा लगता है मानो कोई प्रतियोगिता मे शामिल हो रहे हो! और तो और लोग परिवार सहित दो पहिया वाहनों को चलाते समय मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाना अपनी शान समझते है ! सुझाव के तौर पर सड़को पर जंहा लगे वंहा गति अवरोध बनाना बेहद जरुरी होना चाहिए ! ट्रक हो या बस या कोई सा भी वाहन हो उसकी फिटनेस और लाइसेंस प्रक्रिया का रिनिवल हर तीन महीने के अंदर हो, सड़को पर रफ़्तार को नियत्रण करने वाले ऐसे संसाधन उपकरण कैमरे लगाना चाहिए की रफ़्तार की जानकारी और वाहन की जानकारी तत्काल सम्बधित विभाग को जानकारी मिल सके ! ना बालिग़ बच्चों को वाहन नहीं सोपे माता पिता को भी समझना होगा! वाहनों की चेंकिंग हेतु सख्त नकाबन्दी कर नशे मे ड्राय कर रहे वाहन चालकों की हर 7 दिन मे धर पकड़ जरुरी है !ऐसे कहीं कारगर पहलु है जो रफ़्तार का पहिया धीमा कर सकते है ! क्या सड़क दुर्घटना को रोकने और सड़क हादसों को रोकथाम करने हेतु कोई कारगर रणनीति तैयार की जाएगी?

**योगेश जोशी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com



# बच्चों के सही विकास के लिए जरूरी है रिस्की प्ले

बच्चे के सही विकास के लिए हेल्दी डाइट के साथ ही खेलकूद भी बेहद जरूरी है। बच्चे चाहे छोटे हो या फिर टीन एजर्स, खेलना इनके जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। हालांकि, अक्सर पेरेंट्स उन्हें अकेले घर से बाहर खेलने से मना करते हैं या फिर कोई ऐसा गेम खेलने से रोकते हैं, जिसमें थोड़ा भी रिस्क शामिल हो, लेकिन क्या आप जानते हैं रिस्की प्ले के अपने बहुत फायदे होते हैं। आइए जानते हैं कि क्या है रिस्की प्ले और क्यों है ये जरूरी-

**रिस्की प्ले क्या है?**

रोमांच और उत्साह से भरे गेम, जिन्हें खेलने में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो बच्चे की सीमा और उनके धैर्य की परीक्षा लेता है, रिस्की प्ले कहलाता है।

**क्यों और कैसे रिस्की प्ले है जरूरी?**

रिस्की प्ले करने से बच्चे ढेर सारी नई-नई स्किल्स को सीखते हैं और उनमें बेहतर होते हैं।

इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और खुद को प्रस्तुत करने की बच्चे की क्षमता में सुधार होता है।

बच्चा सोशल, पर्सनल, शारीरिक और मानसिक रूप से अपनी सीमाओं को समझता है और इस दौरान आने वाली कठिनाइयों से निपटने के तरीके भी खुद ही निकालता है। रिस्की प्ले में मिलने वाली जीत बच्चे की निजी जीत होती है, जो उनके अंदर एक गर्व की भावना भरती है और वे और भी नई चीजे सीखने के प्रति उत्साहित रहते हैं। बच्चा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ और मजबूत होता है।

### रिस्की प्ले के लिए किन गेम्स को खेलें

कूदना
तेज दौड़ना
सीढ़ियां चढ़ना
पानी में खेलना
हाइड एंड सीक
शरीर का बैलेंस बनाना
रफ प्ले जैसे रेसलिंग, स्वॉर्ड फाइट आदि। एलिमेंट्स से खेलना जैसे बर्फ, पानी, स्नो आदि।
हाइट से खेलना जैसे बड़ी स्लाइड्स, पेड़ पर चढ़ना आदि।
उम्र के अनुसार खिलौने वाले हथौड़ी, कैंची या चाकू से खेलना।
कटिंग एक्टिविटी करना जैसे रिबन, कागज या क्ले को काटना।
स्पीड से खेलना जैसे झूला, स्लाइड, दौड़ना, स्पिन करना आदि।
इम्पैक्ट गेम्स जैसे किसी सामान को हिट,ड्रॉप,स्मैश या स्ट्राइक करना।

## साफ-सफाई से जुड़े ये टिप्स छोटे बच्चों को जरूर सिखाएं

बच्चों को कम उम्र से ही साफ-सफाई रखना सिखाना चाहिए। जैसे हाथ धोना, अपने बर्तन सही जगह पर रखना और उन्हें साफ करना आदि। पर्सनल हाइजीन के बारे में आप अपने बच्चों को जरूर सिखाएं और उन्हें इसकी आदत डालने का प्रयास करें क्योंकि इससे वे कम बीमार पड़ेंगे और हेल्दी रहेंगे। **कमरे में सफाई रखने के लिए कहें-** सफाई को बच्चों के लिए खेल जैसा बनाएं। उन्हें सफाई के काम को एक खेल के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उन्हें भी सफाई करने में अच्छा लगेगा। बच्चों को सफाई को हर दिन की एक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे सफाई को नियमित रूप से करें। बच्चों को सफाई के बारे में जानकारी देने के लिए समय-समय पर उनकी मदद करें और उन्हें सही तरीके से काम करने का तरीका दिखाएं और साथ में काम करें। आप उन्हें कमरे में सही से कपड़े रखने से लेकर बुक्स रखना भी सिखा सकती हैं। **बच्चों को घर की सफाई के कामों में शामिल :** एक जिम्मेदारी सूची तैयार करें और उन्हें उसका पालन करने का मौका दें। उन्हें किन कामों के लिए उत्तरदायी बनना है, यह सुनिश्चित करने के लिए आप उनकी उम्र और स्किल को भी ध्यान रखें।

## बहरे मेंढक की कहानी



एक वन में दो मेंढक रहते थे। दोनों में बहुत गहरी दोस्ती थी। दोनों हमेशा एक साथ रहते तथा एक साथ खेलते कूदते। एक बार दोनों खेलते-खेलते एक गहरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढा इतना गहरा था कि दोनों उसमें से नहीं निकल पा रहे थे, निकल न पाने के कारण जोर-जोर से चिल्ला भी रहे थे। उन दोनों मेंढकों की आवाज सुनकर आसपास के कुछ और मेंढक गड्ढे के पास एकठ्ठा हो गए। उन दोनों को देख सभी मेंढक बोलने लगे, तुम दोनों अब इस गड्ढे से कभी बाहर नहीं निकल सकते क्योंकि गड्ढा बहुत गहरा हैं, इसलिए तुम दोनों निकलने का प्रयास भी मत करो। हम लोग आपकों ऊपर से ही कुछ खाने-पीने के लिए दे दिया करेंगे। सभी मेढकों की बातें सुन पहले वाला मेंढक यह सोचने लगा कि मेरा अंतिम समय आ गया हैं। अब हम यहाँ से नहीं निकल सकते तथा यहाँ से अब हमें निकलने का प्रयास भी नहीं करना चाहिए। जबकि, दूसरा मेंढक प्रतिदिन उस गड्ढे से ऊपर चढ़ने की कोशिश करता और गिर जाता, ऐसा वह हमेशा करता था। लेकिन, पहला वाला मेंढक उसे ऐसा करने से माना भी कर रहा था। फिर भी, वह दिन प्रतिदिन थोड़ी-थोड़ी और ऊचांइयों पर चढ़ता जा रहा था। जबकि, पहले वाला मेंढक दिए जाने वाले खाने पर आश्रित रहता और हमेशा चिंता में डूबा रहता। जिसके कारण सोच-सोच कर अब वह बहुत कमजोर हो चुका था। इस कारण से, एक दिन उस मेंढक की मृत्यु हो जाती हैं। उसे देख दूसरे मेंढक ने सोचा कि अब मुझे अपने संघर्ष में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए और मुझे यहाँ से किसी भी हाल में निकलना ही होगा। इस बार उसने अपनी पूरी ताकत गड्ढे से निकलने में लगा दी। अंततः वह मेंढक उस गड्ढे से बाहर निकल गया। जब वह बाहर आया तो एक मेंढक ने उसे इशारों से पूँछा कि आप गड्ढे से बाहर कैसे निकले। जबकि, हम लोग ऊपर से यह बोल रहे थे कि तुम कभी भी इस गड्ढे से बाहर नहीं निकल सकते। उस मेंढक ने इशारों से समझाते हुए कहा कि आप लोग जब हमें ऊपर से बता रहे थे। तब मुझे लगा कि आप लोग गड्ढे से निकलने के लिए हमें प्रोत्साहित कर रहे हैं। क्योंकि, मुझे सुनाई नहीं देता हैं।

नैतिक सीख- **हमें अपने आप पर हमेशा भरोसा रखना चाहिए, दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, इसके अलावा किसी के कहने के आधार पर कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।**

# बच्चों को टिफिन में दें ये हेल्दी फूड आइटम्स, हर दिन मिलेगा पोषण



हर मां को रोजाना यही चिंता सताती रहती है कि बच्चे को टिफिन में क्या दे। उससे बड़ी चुनौती यह होती है कि लंच में दी जाने वाली हर चीज स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर होनी चाहिए। बच्चों के लिए हेल्दी टिफिन प्लान बनाना बहुत ज़रूरी है ताकि उन्हें हर दिन पोषण, स्वाद और वेरायटी मिले। आज हम आपको 7 दिन का हेल्दी टिफिन प्लान बताने जा रहे हैं जिसमें स्वाद और सेहत दोनों का ध्यान रखा गया है और बच्चे इसे खाकर बोर भी नहीं होंगे।

**सोमवार-** एनर्जी से भरपूर शुरुआत
**टिफिन आइटम-**वेज पराठा + दही + गुड़ के टुकड़े
पराठे में मेथी, पालक या गाजर मिलाएं, यह डिश फाइबर, कैल्शियम और आयरन से भरपूर है।

**मंगलवार-** प्रोटीन वाला दिन
टिफिन आइटम- बेसन चीला + हरी चटनी + फ्रूट कट्स (सेब या केला)
चीले में प्याज़, टमाटर, धनिया डालकर रंग-बिरंगा बनाएं, यह प्रोटीन और आयरन का अच्छा स्रोत है।

**बुधवार-** मिडवीक हेल्दी बूस्ट
टिफिन आइटम- मिक्स वेज पुलाव + ककड़ी/खीरा के स्लाइस
पुलाव में मटर, गाजर, शिमला मिर्च, स्वीट कॉर्न डालें, इसमें कार्ब्स, मिनरल्स और पानी की मात्रा संतुलित रखें।

**गुरुवार-** आयरन और विटामिन से भरपूर
टिफिन आइटम- मूंग दाल डोसा + नारियल की चटनी
डोसा बैटर को पहले से भिगोकर बनाना आसान रहता है

**शुक्रवार-** किड्स स्पेशल स्नैक्स डे
टिफिन आइटम- आलू/पनीर टिक्की सैंडविच + होममेड शेक
ब्रेड की जगह मल्टीग्रेन बन का इस्तेमाल करें, कैल्शियम, प्रोटीन और कार्ब्स का बढ़िया बैलेंस करें।

**शनिवार-** लाइट लेकिन फन
टिफिन आइटम- स्वीट कॉर्न चाट + होममेड लड्डू (सूजी या नारियल का)
कॉर्न में बटर, नींबू और थोड़ा सा चाट मसाला मिलाएं, यह हेल्दी स्नैकिंग और डाइजेशन के लिए बढ़िया है।

**रविवार-**छुट्टी का दिन
इस दिन बच्चों के साथ बैठकर उन्हें हेल्दी चीज़ें बनाना सिखाएं- जैसे फ्रूट सलाद, हेल्दी पिज़्ज़ा बेस या इडली।
- टिफिन में हर दिन एक फल जरूर शामिल करें।

# पढ़ाई के साथ- साथ बच्चों को जरूर दें धार्मिक ज्ञान उनके साथ रोजाना करें एक छोटा सा काम

आज के आधुनिक दौर में जहां बच्चे मोबाइल, इंटरनेट और स्क्रीन की दुनिया में ज्यादा समय बिताते हैं, वहीं कई माता-पिता अब उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कार, अनुशासन और मानसिक शांति देने का एक मजबूत तरीका भी है। अगर आप भी अपने बच्चे को समृद्ध और संस्कारी बनाना चाहते हैं, तो उसमें यह एक आदत जरूर डालें ।

**धार्मिक मूल्यों का बच्चों पर होता है ये असर**

हाल ही में इस संबंध में जर्मनी स्थित रूर विश्वविद्यालय बोखुम के विशेषज्ञों ने एक रिपोर्ट पेश की है। विशेषज्ञों ने 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों का डाटा इकट्ठा किया। उन्होंने पाया कि जैसे-जैसे समाज में बच्चों की परवरिश के दौरान धार्मिक आस्था को दी जाने वाली प्राथमिकता कम हुई, वैसे-वैसे बच्चों और किशोरों में चिंता संबंधी विकारों की दर बढ़ती गई। जिन समुदायों में आज भी धार्मिक मूल्यों को महत्व दिया जाता है, वहां बच्चों में तनाव कम होता है। दूसरों के प्रति सहिष्णुता और सेवा भाव विकसित होता है।



**भारत में बच्चों को धर्म से जोड़ रहे मां-बाप**

प्यू रिसर्च सेंटर की एक विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को धर्म से जोड़ने में बहुत सक्रिय हैं। लगभग 90 फीसदी से अधिक भारतीय माता-पिता का कहना है कि वे अपने बच्चों की परवरिश धार्मिक विश्वास के साथ कर रहे हैं। लगभग 74 फीसदी भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च जैसे पूजा स्थलों पर लेकर जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि धर्म बच्चों को जीवन का एक स्पष्ट उद्देश्य, नैतिक मूल्यों के लिए एक ठोस ढांचा और एक ऐसा समुदाय देता है, जिस पर वे संकट के समय भरोसा कर सकें।

**बच्चों में डालें रोज़ाना प्रार्थना और कृतज्ञता की आदत**

यह एक छोटी-सी लेकिन बहुत प्रभावशाली आदत है, जो बच्चे के व्यक्तित्व को अंदर से मजबूत बनाती है। रोज़ प्रार्थना करने से बच्चों का मन शांत होता है और उनका ध्यान पढ़ाई में बेहतर लगता है। इससे बच्चे धीरे-धीरे बड़ों का सम्मान करना, सही-गलत समझना और जिम्मेदारी लेना सीखते हैं। जब बच्चा रोज़ धन्यवाद कहना सीखता है, तो वह जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को समझने लगता है। प्रार्थना और ध्यान बच्चों के अंदर के तनाव और चिड़चिड़ेपन को कम करते हैं। जब पूरा परिवार साथ में पूजा या प्रार्थना करता है, तो रिश्तों में प्यार और अपनापन बढ़ता है।

**बच्चों को इस तरह सिखाएं अच्छी आदत**

रोज़ 2-5 मिनट की छोटी प्रार्थना करवाएं, कोई सरल मंत्र या थैंक यू बोलना सिखाएं। बच्चे वही सीखते हैं जो वे देखते हैं। अगर आप खुद नियमित पूजा या ध्यान करेंगे, तो वे भी अपनाएंगे। उन्हें भजन या कहानी के जरिए सिखाएं, त्योहारों पर उन्हें छोटे-छोटे काम दें। बच्चों पर जबरदस्ती न करें, बल्कि प्यार से समझाएं ताकि वे खुद रुचि लें। ध्यान रखें धार्मिक शिक्षा का मतलब डर या अंधविश्वास नहीं होना चाहिए, बच्चों को सही सोच और सकारात्मकता सिखाना ज्यादा जरूरी है। बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार देना भी जरूरी हैऔर इसकी शुरुआत एक छोटी-सी रोज़ाना प्रार्थना से हो सकती है।

# मौसम के बदलने पर बच्चों की इम्यूनिटी क्यों हो जाती है कमजोर



देश के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। कभी तेज धूप, कभी अचानक बारिश और ठंडी हवाएं बच्चों की सेहत पर असर डाल रही हैं। ऐसे मौसम में बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और वे जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। **बच्चों में कमजोर इम्यूनिटी के लक्षण-** कमजोर इम्यूनिटी वाले बच्चों में अक्सर बार-बार सर्दी-जुकाम, खांसी, हल्का बुखार, गले में खराश, थकान, भूख कम लगना जैसी समस्याएं दिखाई देती हैं। इसके अलावा बच्चों में एलर्जी, त्वचा पर रैशेज और सांस संबंधी दिक्कतें भी हो सकती हैं। इन संकेतों को नजरअंदाज करने पर समस्या गंभीर हो सकती है।

**मौसम और वातावरण का असर**

मौसम में अचानक बदलाव से तापमान, नमी और वातावरण में मौजूद वायरस और बैक्टीरिया तेजी से बदलते हैं। बच्चों का शरीर इन बदलावों को तुरंत एडजस्ट नहीं कर पाता, जिससे इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। इस समय वायरल इंफेक्शन, फ्लू और एलर्जी के मामले बढ़ जाते हैं, जो बच्चों को आसानी से प्रभावित कर सकते हैं।

**खानपान और पोषण की कमी**

बहुत बार बच्चे सही और संतुलित आहार नहीं लेते, जिससे शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिलता। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और वे बार-बार बीमार पड़ सकते हैं।

**नींद और दिनचर्या का प्रभाव**

नींद पूरी न होना और दिनचर्या का बिगड़ना बच्चों की इम्यूनिटी पर सीधा असर डालता है। नींद पूरी न होने पर शरीर के अंदर संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।

**बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत रखने के उपाय-** बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत रखने के लिए उन्हें संतुलित और पोषणयुक्त आहार देना जरूरी है। ताजे फल, हरी सब्जियां, दाल और प्रोटीनयुक्त चीजें उनकी डाइट में शामिल करें।

# गैस से फूला रहता है बच्चे का पेट, सही कारण और आसान उपाय

छोटे बच्चों, खासकर नवजात शिशुओं में पेट में गैस और मरोड़ की समस्या बहुत आम होती है। इस वजह से कई बार बच्चा अचानक रोने लगता है या शरीर को ऐंठने लगता है, जिससे माता-पिता घबरा जाते हैं। दरअसल, यह स्थिति अक्सर शिशुओं में होने वाली एक सामान्य समस्या होती है, जिसे मेडिकल भाषा में Infant Colic कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, जन्म के बाद शुरुआती हफ्तों में बच्चे का पाचन तंत्र पूरी तरह विकसित नहीं होता। इसी कारण गैस बनने या पेट में हलचल होने पर बच्चा असहज महसूस करता है और रोकर अपनी प्रतिक्रिया देता है।

**नवजात शिशुओं में गैस क्यों बनती है?**

बाल रोग विशेषज्ञों के अनुसार, लगभग 15-20 दिन की उम्र से बच्चों को पेट में गैस की समस्या महसूस होने लगती है। इस समय बच्चा अपने शरीर में हो रहे नए बदलावों को समझ नहीं पाता। जब पेट में गैस मूव करती है या बच्चा गैस पास करता है, तो उसे यह एक नई शारीरिक अनुभूति लगती है। इसी वजह से वह रोने लगता है या शरीर को मोड़ने लगता है। आमतौर पर यह समस्या 45 दिनों के आसपास ज्यादा दिखाई देती है और लगभग 3 महीने की उम्र तक धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**कोलिक को समझना क्यों जरूरी है?**

Infant Colic किसी गंभीर बीमारी का संकेत नहीं होता। यह सिर्फ बच्चे के पाचन तंत्र के विकास का एक हिस्सा होता है। जब बच्चा 15-20 दिन का होता है, तो उसका शरीर पाचन क्रियाओं के प्रति संवेदनशील होने लगता है। गैस पास करते समय बच्चा असहज महसूस कर सकता है। समय के साथ उसका शरीर इन बदलावों के अनुसार खुद को ढालने लगता है। इसलिए कई मामलों में दवाइयों के बावजूद बच्चा गैस या पॉटी पास करते समय रो सकता है, क्योंकि वह उस दबाव को महसूस कर रहा होता है।

**मसाज और एक्सरसाइज से मिल सकती है राहत-**अगर बच्चे को गैस की वजह से ज्यादा परेशानी हो रही है, तो कुछ आसान घरेलू उपाय मदद कर सकते हैं।

**हल्की पेट की मसाज करें-** बच्चे की नाभि के आसपास हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए मसाज करने से गैस निकलने में मदद मिल सकती है।

**साइकिलिंग एक्सरसाइज-** बच्चे को पीठ के बल लिटाकर उसके पैरों को साइकिल चलाने की तरह धीरे-धीरे हिलाएं। इससे पेट में फंसी गैस बाहर निकलने में मदद मिलती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 28 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ शनि वासरे 08/47/पुष्य नक्षत्रे 14/51/ सुकर्मा योग 20/06/ गर करणे 08/47/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- भद्रा प्रारम्भ घं.20मि.17से। श्री धर्मराज दशमी। नवरात्रि व्रत का पारण।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# दिल में छेद के साथ क्यों पैदा होते हैं कुछ बच्चे?

## समझिए इसका कारण फिर ढूंढे इलाज

कुछ बच्चों के जन्म के समय ही दिल में छेद होना सुनकर डर लगता है, लेकिन यह एक आमजन्मजात हृदय रोग में से एक है। सही समय पर पहचान और इलाज से बच्चा बिल्कुल सामान्य जीवन जी सकता है। छोटे छेद अक्सर अपने आप ठीक हो जाते हैं, जबकि बड़े छेदों के लिए कैथेटर (डिवाइस) या ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता होती है। आइए समझते हैं इसके बारे में विस्तार से।



**जन्म से ही दिल में छेद होने के कारण**

बच्चे का दिल गर्भ में ही बनता है। अगर इस दौरान दिल की दीवार (सेप्टम) पूरी तरह विकसित नहीं हो पाती, तो उसमें छोटा या बड़ा छेद रह जाता है। इसका मुख्य कारण जेनेटिक (परिवार में पहले किसी को समस्या होना) है। प्रेग्नेंसी में इंफेक्शन(जैसे रूबेला), कुछ दवाइयों या नशे का असर पोषण की कमी या अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण यह समस्या होती है।

**दिल में छेद कितने प्रकार के होते हैं?**

ASD (Atrial Septal Defect) दिल के ऊपर वाले हिस्से में छेद, VSD (Ventricular Septal Defect) नीचे वाले हिस्से में छेद। कुछ छोटे छेद समय के साथ खुद भी बंद हो जाते हैं

**बच्चे में दिल में छेद के लक्षण**

नवजात या छोटे बच्चों में-
- सांस लेने में दिक्कत या तेज सांस
- दूध पीते समय जल्दी थक जाना
-होंठ या नाखून नीले पड़ना (ऑक्सीजन की कमी)
-वजन ठीक से न बढ़ना

थोड़े बड़े बच्चों में-
- जल्दी थक जाना
-खेलने में कमजोरी
-बार-बार छाती में संक्रमण (इन्फेक्शन)।

**कैसे होता है इसका इलाज**

स्टेथोस्कोप से दिल की आवाज (मर्मर) सुनना, Echocardiography (wD Echo), X-ray या ECG से इसकी पहचान हो सकती है। छोटे छेद कई बार अपने आप ठीक हो जाते हैं सिर्फ निगरानी की जरूरत होती है। कुछ मामलों में दवाओं से लक्षण कंट्रोल किए जाते हैं। बड़े छेद को बंद करने के लिए ऑपरेशन या बिना कट के प्रक्रिया की जाती है, आजकल ये इलाज काफी सुरक्षित और सफल हैं। दिल में छेद होना गंभीर जरूर है, लेकिन समय पर पहचान और सही इलाज से बच्चा पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी सकता है।

# जालौन ललितपुर



## आमने सामने हुई टक्कर में मोटर साइकिल सवार हुए घायल

कोंच(जालौन) । रफ्तार का कहर दुर्घटनाओं को न्योता देता है और यह रफ्तार कभी कभी मुसीबत बनकर टूट पड़ती है जिसमें अपने साथ साथ दूसरे को भी मुसीबत में डाल देती है इसी रफ्तार का कहर दिन शुक्रवार को उस समय देखने को मिला जब ग्राम सामी निबासी कैलाश नारायण बुधौलिया उम्र करीब 70 वर्ष पुत्र दयाशंकर रिश्तेदारी में कोच को ओर जा रहे थे और उसी समय ग्राम पचीपुरी के करीब ग्राम तूमरा निबासी प्रमोद कुशवाहा पुत्र रामनाथ जो ग्राम सामी स्थित ग्रामीण बैंक में स्वीपर के पद पर कार्यरत हैं और ड्यूटी पर जा रहा था जिनकी मोटर साइकिलों की रफ्तार तेज होने के कारण आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें दोनों बाइक चालक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए स्थानीय लोगों ने।तुरंत ही हादसे की सूचना पुलिस को दी और घायलों को सूचना पर आयी एम्बुलेंस में बिठाकर सामुयदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों की गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अफवाहों पर प्रशासन का सख्त एक्शन, डीएम-एसपी खुद उतरे मैदान में

**-निरीक्षण के बाद आश्वासन आज ही सुचारु होगी डीजल आपूर्ति,**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

उरई(जालौन)। जनपद में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए उरई, कोंच सहित विभिन्न क्षेत्रों के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल की अस्थायी कमी अवश्य पाई गई, जिसका प्रमुख कारण पिछले दिनों बढ़ी खपत एवं टैंकरों की समय पर आपूर्ति न होना रहा। वहीं एक स्थान पर पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद बिक्री बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।उरई एवं कोंच क्षेत्र में



निरीक्षण के दौरान किसानों ने डीजल की कमी से फसलों की बुवाई एवं कटाई प्रभावित होने की बात रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही भरोसा दिलाया कि उसी दिन आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम कंपनियों से लगातार समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्टॉक उपलब्ध कराया जा रहा है।जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानों पर कृत्रिम संकट उत्पन्न करने की कोशिशें भी सामने आई हैं, जिन्हें सख्ती से चिन्हित कर समाप्त किया जा रहा है। ड्रम में डीजल वितरण पर रोक को समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम बताया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह से रात तक लगातार पेट्रोल पंपों की निगरानी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने पाए। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भंडारण से बचें। प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है तथा स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर कालपी हुआ राममय, हजारों श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

संवाददाता

कालपी(जालौन)। चैत्र मास की पावन रामनवमी के अवसर पर कालपी नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्तों ने भाग लेकर पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

शुक्रवार को मोहल्ला टरननगंज स्थित रामजानकी मंदिर में वैदिक विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथों में भगवा ध्वज लिए श्रद्धालु ÷जय श्रीराम÷ के गगनभेदी जयकारों के साथ आगे बढ़े। डीजे पर बज रही रामधुनों पर युवा एवं भक्तगण नृत्य करते हुए शोभायात्रा को और भी आकर्षक बना रहे थे। शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियां, घोड़ा नृत्य, बहुरूपियों की प्रस्तुति और हाथी के रूप में सजे कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने



देवी-देवताओं का स्वरूप धारण कर सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार सजाए गए थे और जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए स्टॉल लगाए गए, जहां पेठा एवं शीतल जल वितरित किया गया। शोभायात्रा रामजानकी मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार टरननगंज, खोया मंडी, बिजलीघर रोड, फूला देवी मंदिर रोड, मैहर रोड, फुलपॉवर चैराहा, हिंदी भवन, बर्फ फैक्ट्री रोड एवं कोतवाली रोड से होते हुए पाहुलाल मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें समाज में एकता, भाईचारा और सदाचार का संदेश देता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और हमारी सांस्कृतिक परंपराएं सशक्त होती हैं। उन्होंने नगरवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

शोभायात्रा में विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन, नवीन गुप्ता, अरविंद राठौर, ब्रह्मा सिंह यादव, मुन्ना चैधरी, रजनी पाल, भारत सिंह यादव, अशोक वाजपेई, अमित पांडेय, सिंटू गुप्ता, राजेश द्विवेदी, बाबू सिंह यादव, सुनील पटवा, अवधेश तिवारी, मयंक श्रीवास, हरीबाबू गुप्ता सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

## बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के बीच मनाया गया राम जन्मोत्सव



कोंच(जालौन) । सनातनी समाज को मर्यादा का पाठ पढाने बाले एवं आशुरीय शक्तियों का नाश करने वाले कौशल्या नंदन श्रीराम प्राकट्योत्सव घरों एवं मंदिरों में बड़े ही धूम धाम के साथ शुभ महूर्त में मनाया गया मुहल्ला गांधी नगर स्थित प्राचीन रामलला मंदिर एवं नरसिंह मंदिर सेरा स्थित राम जानकी मंदिर आदि देवालयों में विधि विधान एवं पूजन अर्चन के साथ श्री राम का अभिषेक और आरती सम्पन्न हुई इसके बाद ठीक 12 बजे प्रभु राम जन्मोत्सव की आरती होते हुए भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हित कारी की गूंज से देवालय गुंजायमान हो उठे और भक्तों ने भाव विभोर होकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए मंगल गीत गाये वहीं प्राकट्य के समय बैंड बाजों ने भी मनमोहक ध्वनि निकालकर प्रभु श्रीराम के अवतरण का स्वागत किया वहीं मंदिर महंत रघुनाथ दास जी ने बताया कि हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार त्रेता युग में चैत्र शुक्ल 9 वीं के दिन भगवान श्री हरि नारायण ने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए श्री राम के रूप मे अवतार लिया जिन्होने सांसारिक जीवन में रहते हुए मर्यादा सत्य और धर्म का पाठ पढ़ाया इसी लिए श्रीराम को मर्यादा परुषोत्तम राम कहा गया वहीं भक्तों द्वारा प्रभु को भोग लगाकर सनातनालम्बियों को प्रसाद बितरण किया गया इस दौरान पवन झाँ सन्तोष दुबे दिनेश दुबे सचिन्द्र मोहन बसेडिया रामु पटेरिया अर्चना आरती शिखा बिकास तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## रामनवमी पर कन्या पूजन व विशाल भंडारे के साथ नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न

**-जालौन देवी माता मंदिर उमड़ा आस्था व भक्ति का सैलाब**

**-माँ जालौन देवी करती भक्तो का कल्याण - अजीत सिंह**

रामपुरा(जालौन)। विकास कुठौन्द की ग्राम पंचायत जालौन खुर्द में यमुना नदी के तट पर पांडवो द्वारा स्थापित माँ जालौन देवी माता मंदिर पर नवरात्रि के नौवें दिन कन्या पूजन व विशाल भंडारे के साथ पिछले नौ दिनों से जारी माँ जालौन देवी महोत्सव सम्पन्न हुआ। नवरात्रि महोत्सव आयोजक माँ के कृपापात्र अजीत सिंह सेंगर व उनकी टीम के द्वारा नौ दिन तक लगातार माँ के चरणों मे अपनी सेवा दी और अनवरत नौ दिन तक मंदिर पर पधारे सभी भक्तों को विशाल भंडारा व रात्रि में देश के जाने माने कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तो ने प्रतिभाग किया।यमुना नदी के किनारे घने जंगल में स्थित जालौन माता मंदिर लोगों की अटूट आस्था का केंद्र है। मंदिर एक ऊंचे टीले पर बना हुआ है। नवरात्र में यहां मध्य प्रदेश, इटावा, औरैया, जालौन व झांसी सहित कई जिलों के श्रद्धालु जवारे लेकर आते हैं। अन्य दिनों में भी भक्तों की भीड़ लगी रहती है। यहां जो भी भक्त मन्नत मांगता है उसकी मन्नत अवश्य पूरी होती है। माताएं बहनें हल्दी से हाथों के निशान मंदिर में बनाकर मन्नत मांगती हैं।इतिहास के एक दौर में यह मंदिर चंबल के कुख्यात डकैतों की आस्था का भी केंद्र रहा। मानसिंह, मलखान सिंह और फूलन देवी जैसे कई डकैत गुप्त रूप से यहां आकर माता के दर्शन करते थे और अपनी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि मां जयंती की कृपा से ही वे कठिन परिस्थितियों में भी सुरक्षित रहते थे। यही कारण है कि बीहड़ों के बीच स्थित यह मंदिर उस दौर में भी सुरक्षित रहा। मंदिर से जुड़े कई चमत्कारी प्रसंग भी प्रचलित हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां आकर की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। कई लोगों ने अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और कठिनाइयों से मुक्ति का अनुभव किया है। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, विशेषकर रात के समय यहां देवी शक्ति का अद्भुत आभास होता है, जिसे कई श्रद्धालु महसूस कर चुके हैं। नो दिन मां जालौन देवी के दरबार में भा जा पा के जन प्रतिनिधियों ने अपना माथा टेका ओर सुख समृद्धि के अर्चना की

## पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों की जांच, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

कालपी(जालौन)। उपभोक्ताओं को डीजल, पेट्रोल और एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूर्ति विभाग ने क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। अधिकारियों की टीम ने विभिन्न पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार उत्तम के नेतृत्व में टीम ने ग्राम आटा स्थित ओम साई गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एजेंसी पर 350 से अधिक गैस सिलेंडरों का स्टॉक पाया गया तथा वितरण कार्य नियमानुसार संचालित होता मिला। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं और समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भदौरिया पेट्रोल पंप और लकी पेट्रोल पंप की जांच की। यहां ईंधन की उपलब्धता, माप-तौल और वितरण प्रणाली को परखा गया। निरीक्षण के क्रम में उसरगांव हाईवे स्थित कृष्णा फिलिंग स्टेशन का भी जायजा लिया गया, जहां पेट्रोलियम पदार्थों के स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक पाई गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर फीडबैक लिया और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को समझा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को असुविधा नहीं होनी चाहिए

## सख्ती के बाद भी पैट्रोल पम्पों पर उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा पैट्रोल



जालौन 27 मार्च। पैट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है इसके बाद भी नगर के पैट्रोल पम्पों पर उपभोक्ताओं को पैट्रोल नहीं मिल पा रहा है।उपभोक्ता पैट्रोल के लिए परेशान हो रहे तथा पैट्रोल पम्पों के चक्कर लगा रहे हैं। वाहन चालक पैट्रोल के लिए परेशान हैं किन्तु जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

नगर व आसपास संचालित पैट्रोल पम्प संचालक मनमानी कर रहे हैं। इस समय किसानों को डीजल की आवश्यकता है। खराब मौसम के चलते किसान फसलों की कटाई कराना चाह रहा है किन्तु उन्हें पर्याप्त डीजल न मिलने के कारण दिक्कत हो रही है। नगर व आसपास गुरुवार से पैट्रोल की कमी बताकर पैट्रोल पम्प संचालक उपभोक्ताओं को पैट्रोल नहीं दे रहे हैं। गुरुवार को नगर में कांजी हाउस व कोंच चैराहे पर औरइया मार्ग पर संचालित पैट्रोल पम्पों पर उपभोक्ताओं को पैट्रोल नहीं मिल रहा था। उपभोक्ता सोनू, विकास नगायच, प्रखर बताते हैं कि जब उन्हें इन दोनों पैट्रोल पम्पों पर पैट्रोल नही मिला तो लगा कि पैट्रोल की कमी है जिसके कारण उन्होंने दूसरे पैट्रोल पम्पों पर जाकर पैट्रोल भरवाया। यही स्थिति शुक्रवार को देखने को मिली। शुक्रवार को भी उपभोक्ताओं को पैट्रोल न मिलने के कारण उपभोक्ताओं पैट्रोल पम्पों के चक्कर लगा रहे थे। पैट्रोल पम्प संचालक पैट्रोल न होने तथा पैट्रोल की गाड़ी आने पर पैट्रोल देने की बात कहकर टहला रहे थे।पैट्रोल व डीजल के न मिलने के कारण उपभोक्ता पैनिक हो रहे हैं जिससे पूरे नगर में पैट्रोल की होने की चर्चा चल रही है। मजे की बात ये कि उपभोक्ता 2-3 से पैट्रोल डीजल के लिए चक्कर काट रहे हैं तथा नगर में पैट्रोल की किल्लत चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार पूर्ति विभाग के साथ प्रशानिक अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। उपजिलाधिकारी हेमंत कुमार पटेल ने बताया कि इसको देखा जा रहा है। समस्या का समाधान कराया जा रहा है।



## लालजी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रामलल्ला का जन्मोत्सव

बांसी। श्री श्री 1008 श्री लालजी मंदिर प्रांगण में रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रीराम राजा सरकार के अभिषेक के उपरांत 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से ढोल नगाड़े गाजे बाजे से मनाया गया व महिलाओं ने मंगल गीत गाकर राम भगवान की आरती कर राम जन्मोत्सव पर पुष्प वर्षा की व बच्चों के लिए टॉफी और बिस्कुट भी वितरण किए गए। लालजी मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए खीर प्रसाद व फल भी वितरण किया गया। इस अवसर पर लालजी मन्दिर के महंत दामोदर दास, मन्दिर पुजारी संत दास, माखन महाराज, पाल बाबा, अखिलेश खरे, गजानंद सुमन, रामगुलाम यादव, पवन सुमन, रोनू बुखारिया, डॉ अमित सिकदार, अवध बिहारी नामदेव, सचेंद्र गुप्ता, गौरव गुप्ता, राहुल सुमन, गौरव खरे, सोनू यादव, जगदीश गुप्ता, जीतू गुप्ता, संजय यादव, रामकांत सोनी, भैया मोदी, बीरू गुप्ता, एवं सैकड़ों महिलाए मौजूद रहीं।

## पेट्रोल पम्पों के विरूद्ध नियमानुसार कारण बताओ नोटिस निर्गत

ललितपुर। जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर डीजल पेट्रोल के अवैध भण्डारण, कालाबाजारी के विरूद्ध चलाये गये अभियान में जनपद के विभिन्न टीमों द्वारा पेट्रोल पम्पों सहित विभिन्न स्थलों की जांच की गयी। जांच दौरान पम्पों पर डीजल एवं पेट्रोल का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध पाया गया। उप जिलाधिकारी पाली द्वारा पूर्ति निरीक्षक के साथ पाली के मे0 पारस फिलिंग स्टेशन पाली की जांच की गयी, जिसमें सीसीटीवी आदि के माध्यम से जांच किया गया कि फिलिंग स्टेशन द्वारा मानकों के अनुरूप वितरण किया जा रहा है या नहीं, इसी क्रम में जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा मे. गजाधर फिलिंग स्टेशन भैसाई, मे. पटेल फिलिंग स्टेशन बिरधा, मे. अभिलाषा हाइवे स्टेशन बगरिया, मे. मामा भान्जा सर्विस नाराहट एवं मे. विन्ध्याचल फ्यूल कम्पनी नाराहट का औचक निरीक्षण किया गया व सभी पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल का पर्याप्त स्टाक पाया गया। उपरोक्त सभी पेट्रोल पम्पों पर जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता संबंधी बैनर अनुपलब्ध पाये गये व मे. गजाधर फिलिंग स्टेशन भैसाई का स्टाक रजिस्टर अध्यावधिक नहीं पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में कृषि कार्य हेतु दिये जाने वाले डीजल के संबंध में रजिस्टर मे. गजाधर फिलिंग स्टेशन भैसाई, मे. पटेल फिलिंग स्टेशन बिरधा, मे. मामा भान्जा बस सर्विस नाराहट एवं मे. विन्ध्याचल फ्यूल कम्पनी नाराहट उपलब्ध नहीं पाये गये व मे. अभिलाषा हाईवे स्टेशन बगरिया पर रजिस्टर उपलब्ध पाया गया, किन्तु मोबाइल नम्बर अपूर्ण पाये गये व उपरोक्त सभी पम्पों के विरूद्ध नियमानुसार कारण बताओ नोटिस निर्गत किये गये हैं, इसी प्रकार प्रतिदिन जॉच टीमों पर पम्पों पर सघन चैकिंग की कार्यवाही की जायेगी और अनियमितता प्रकाश में आने पर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## डीएम-एसपी ने शोभा यात्राओं के मार्गो का किया निरीक्षण

ललितपुर। रामनवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली शोभायात्राओं को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस आधीक्षक मुहम्मद मुश्ताक द्वारा उनके निर्धारित मार्ग, उद्गम स्थल, रुट एवं समापन स्थलों पर की गई समस्त तैयारियों स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, सी.सी.टी.वी कैमरों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता का भी अवलोकन किया गया, इसके अतिरिक्त, शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई व यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया है, इसके साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए व अधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, आमजन से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने

## रामनवमी पर मंदिरों में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव

तालबेहट। रामनवमी के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होते रहे।इस अवसर पर ÷भय प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी3÷ जैसे भक्ति गीतों और रामधुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। निर्धारित समय पर भगवान श्रीराम के जन्म की रस्में विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराई गई और श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के रघुनाथ जी मंदिर, मदनमोहन मंदिर, मोहन लाल जी मंदिर तथा साहू समाज श्री राम मंदिर में विशेष रूप से राम जन्म की धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न हुईं।

## खबर एक नज़र

### कालपी में गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी, 1 अप्रैल से शुरू होगी सरकारी खरीद

कालपी(जालौन)। रबी विपणन सत्र को लेकर प्रशासन ने गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी कर ली हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू की जाएगी, जहां किसानों को समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। जिला खाद्य एवं विपणन विभाग के निर्देशन में कालपी क्षेत्र में करीब आधा दर्जन क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित हो सके।मंडी सचिव सतीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी परिसर में विपणन शाखा का क्रय केंद्र प्रभारी रुचित प्रजापति की देखरेख में संचालित होगा। इसके अलावा कदौरा मंडी परिषद में विपणन शाखा के अंतर्गत केंद्र प्रभारी रिंटू साहू, पीसीयूबी पैक्स लिमिटेड आटा में मनीष कुमार तिवारी, महेवा पीसीएफ केंद्र में धनीराम कुशवाहा, सहकारी संघ छौंक में रामबाबू तथा सहकारी संघ बाबई में विमलेश कुमार को केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों के अनुसार सभी क्रय केंद्रों पर तौल, साफ-सफाई, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार साफ एवं सूखा गेहूं लेकर ही केंद्रों पर पहुंचें, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### नवमी पर देवी मन्दिरों पर चढाये गए मन्नतों के जवारे

कोंच(जालौन)। चैत्र नवरात्रि की नवमी को माता सिद्धिदात्री का स्वरूप माना जाता है जिनके पूजन अर्चन से भक्तों को अखण्ड शिव भक्ती के मार्ग पर ले जाते हुए दुष्टों का संहार कर भक्तों का कल्याण करती है और धन धान्य सुख समृद्धि से परिपूर्ण करती है देवी पुराण अनुसार देवाधिदेव महेश्वर ने इन्ही आदि शक्ति की कृपा स्वरूप देवक्त प्राप्त किया था इसी लिए शिव के अर्ध शरीर पर माँ आदि शक्ति स्वरूपा उन्हें अर्धनारीश्वर स्वरूप प्रदान करती है इसी आशा और विश्वास के साथ सनातनी अनुयायियों ने दिन शुक्रवार को नगर के समीपस्थ स्थित प्राचीन माँ सिंह वाहिनी बड़ी माता मंदिर आदि पर मन्नतों के जबारे चढाये गए जिसमें आस्था के साथ माता के स्वरूप का स्मरण करते हुए जबारों का पूजन अर्चन किया गया इसके उपरांत झांकी निकालकर भजन पूजन करते हुए जबारों को मंदिरों तक ले जाया गया जहां पर अनुष्ठान के तहत माता को जबारे चढाये गए यह क्रम सुवह से ही देर शाम तक चलता रहा और लगातार दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा वहीं व्यबसायिक दृष्टिकोण से दुकानदार भी मन्दिरों के बाहर अपनी अपनी दुकानें सजाए हुए बैठे जिनमें प्रसाद एवं वच्चों के खिलौने आदि की खूब बिक्री हुई।

### भगवान श्रीकृष्ण ने सिखाया मित्र से बढ़कर कोई धर्म नही-हरिओम थापक

कोंच(जालौन) । नया पटेल नगर रामकुण्ड कालौनी में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में 7 वें दिन कथा व्यास पं.हरिओम थापक ने अपने मुखारबिंद से परीक्षित अर्चना बिनोद पांडेय की मोजूदगी में सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जिसे सुन भक्त भाव बिभोर हो गए कथा का रसपान कराते हुए भागवताचार्य ने कहा कि संसार में बिना मित्र के सुख नही मिलता विपत्ति के समय में ही हमें सच्चे मित्र की पहचान होती है अगर आपके पास सच्चा मित्र है तो यह सब सुखो की खान है उन्होने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा की मित्रता करनी है तो प्रभु से सीखे एक तरफ निर्धन ब्राह्मण और दूसरी तरफ त्रिलोकी राजा प्रभु ने जो मित्रता की मिसाल दी है वह अदभुत है जब सुदामाजी भगवान श्रीकृष्ण जी से मिलने के लिए संकोच करते हुए जैसे ही उनके महल में पहुंचे तो द्वार पालो ने श्री कृष्ण को बताया की एक ब्राह्मण द्वार पर खडा है बो अपना नाम सुदामा बता रहा है तो इतनी बात सुनकर ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पैरों दौडे चले आऐ यह देख सभी हैरत में पड गये इस गरीब ब्राह्मण के लिए प्रभू ऐसे व्याकुल होकर दौडे चले आए प्रभू जी ने सुदामा जी को देखते ही अपने गले लगाया और आदर सत्कार के साथ उन्हें राज महल में ले गये और अपने सिंघासन पर बैठाकर उनका स्वागत सत्कार किया फिर उनका हाल चाल जाना सुदामा की पोटली को खोल कर देखा तो उसमें सिर्फ तीन मुठठी चावल निकला प्रभू ने तीन मुठठी चावल के बदले सुदामा जी को तीन लोक देने लगे यह देख रूकमणी जी ने भगवान से कहा हे प्रभु ये कैसा हिसाब है तीन मुठठी चावल के बदले तीन लोक दे रहे है तब प्रभू ने रूकमणी को समझाते हुए कहा मेरा तो हमेशा से ही सीधा हिसाब रहा है इस समय मेरे मित्र की पूर्ण सम्पति तीन मुठठी चावल है और वह मुझे देने में संकोच नहीं कर रहा तो फिर मुझे अपनी सम्पति देने में संकोच क्यों करूँ यह सुन रूकमणी जी बोली धंन्य है प्रभु आपन लीला आप ही जाने आप धन्य है इस अवसर पर अनन्द पांडेय श्रीमती अनुराधा आदित्य पांडेय श्रीमती अनुजा आरम्भ पांडेय अयांश पांडेय सहित हजारों की संख्या भगवत प्रेमी मौजूद रहे कथा के अंत में परीक्षित अर्चना बिनोद पांडेय भगवान की आरती उतारी तथा प्रसाद बितरण किया गया।

### अधिकारियों ने पैट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

कोंच(जालौन)। पैट्रोल डीजल की किल्लत की फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने दिन शुक्रवार को पैट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण करते हुए अनियमितता पाए जाने पर पम्प संचालकों को फटकार लगाते हुए आवश्यक निर्देश दिये जिसमें अधिकारियों ने सर्व प्रथम नदीगांव रोड स्थित शुक्ल पैट्रोल पम्प का निरीक्षण किया इसके उपरांत कमला नेहरू के सामने स्थित नारायण फिलिंग स्टेशन पहुंचे जहां पर लोगों की शिकायत थी कि पर्याप्त स्टॉक होने के बाबजूद भी डीजल नहीं दिया जा रहा है जिस पर डी एम ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि स्टॉक होने के बाबजूद भी आपूर्ति रोकना गम्भीर लापरवाही है और ऐसे में कार्यवाही की जाएगी इसी प्रकार नासिर पैट्रोल पम्प नेशनल फिलिंग सेंटर लौना रोड स्थित एच पी पैट्रोल पम्प पर भी शिकायतें मिलने पर उनके संचालकों को बुलाकर निर्देशित करते हुए उपभोक्ताओं को परेशान न करने की बात कही उन्होंने यह भी कहा है कि जो ग्राहक ड्रम लेकर आये उन्हें सीमित मात्रा में तेल दिया जाए और किसानों और ट्रैक्टर बालों को प्राथमिकता के आधार पर तेल दिया जाए इसी प्रकार ग्राम देवगांव स्थित पैट्रोल पम्प पर एक महीने से डीजल न मिलने की शिकायत पर पम्प संचालक पर डी एम ने जांच के निर्देश दिए इसी प्रकार अन्य पैट्रोल पम्पों पर भी जिलाधिकारी ने जांच कर आवश्यक निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कालाबाजारी एवं कृत्रिम संकट पैदा करने बालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के साथ सभी पैट्रोल पम्पों पर प्रत्येक 8 घण्टे के अंतराल से निरीक्षण करते हुए स्टॉक की नियमित निगरानी किये जाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने बताया कि डीजल पैट्रोल की कोई कमी नहीं है और हमारे पास पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है और बितरण एवं आपूर्ति पर हमारी लगातार नजर है और किसानों को कृषि कार्य हेतु डीजल की कमी नहीं होने दी जाएगी वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है सभी को डीजल और पैट्रोल आवश्यकता अनुसार उपलब्ध होगा इस दौरान शासन प्रशासन मौजूद रहा।

### देवी भक्तों ने मंदिरों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की

जालौन । चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन देवी भक्तों ने मंदिरों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की तथा घरों में बोए गए जवारों को भी चढ़ाया। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंदिरों में देवी भक्तों की विशाल भीड़ उमड़ी। पहाड़पुरा में माँ कामांक्षा देवी मंदिर पर व नगर की शक्तिपीठ बडी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर पर सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।



## भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी, स्तुति से गूंज उठा मंदिर प्रांगण

चित्रकूट । प्रभु राम के वनवासकाल की तपोभूमि चित्रकूट में रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित रघुबीर मन्दिर में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मन्दिर में दर्शनार्थियों का पूरे दिन तांता लगा रहा। रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ एवं मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव पूर्वक हुआ एवं अबीर गुलाल, पुष्पों की होली खेली गई। ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घण्टे और घड़ियाल ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी द्वारा खोले गए एवं भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्जित भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान के जन्मोत्सव का पूजन सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी रूपल मफतलाल ने किया। साथ ही नव दिवसीय रामकथा के व्यास वृंदावन धाम मलूक पीठ के पीठाधीश्वर एवं रेवासा पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की उपस्थिति में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ. विष्णु जोबनपुत्रा, ट्रस्टी मनोज पंड्या, महिला शिक्षा समिति की अध्यक्षा ऊषा जैन, ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन उनकी धर्म पत्नी मौसम जैन के साथ गुरुबहन दमयंती बेन, रमा बेन, मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत से आए सन्त महन्त, विद्यार्थी एवं सदगुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए अदत्त अभ्युदय योजना संचालित

चित्रकूट । सामाजिक न्याय एवं अधिकारित विभाग, भारत सरकार द्वारा अदत्त अभ्युदय योजना के घटक वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना संचालित की गयी है। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों वृद्धजनों के लिए अनुमोदित गतिविधियां जैसे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। योजनान्तर्गत उपनिदेशक, समाज कल्याण की अध्यक्षता में जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव समिति गठित की गयी है। इस समिति द्वारा श्रेणी-3 के अन्तर्गत जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्धारित अर्हताओं एवं चयनित संस्थाओं को आवश्यक एवं परस्थितियों के अनुरूप कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। संस्था के पास सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 या राज्य केन्द्र शासित प्रदेश के किसी भी संबंधित अधिनियम के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र। गैर-सरकारी संगठन स्वैच्छिक संगठन के पास के नाम से एक राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता होना चाहिए। संस्था का नीति आयोग के पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। संस्था का पंजीकरण प्रमाण पत्र पैन कार्ड प्रमाण पत्र की प्रति होना चाहिए। विगत दो वर्षों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट मोतियाबिंद सर्जरी के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष का सिद्धअनुभव एवं विगत दो वर्षों में न्यूनतम 250 सफल मोतियाबिंद सर्जरी करने का अनुभव होना चाहिए। विगत तीन वित्तीय वर्षों के आडिटेड लेखा विवरण होना चाहिए। 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र कि संस्था किसी भी सरकारी निकाय द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं होनी चाहिए। संस्था के लेटरहेड पर घोषणा पत्र अन्य शर्तें, जनपद स्तरीय समिति की सहमति से होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के क्रम में निर्धारित आर्हताओं एवं शर्तों का पालन करने वाली इच्छुक गैर-सरकारी संगठन स्वैच्छिक संगठन अपने प्रस्ताव कार्यालयल जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन कक्ष संख्या 113 में कल तक उपलब्ध करा सकते हैं।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए करें आवेदन

चित्रकूट । जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा माह फरवरी में कुल 247 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 567 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। नवीन स्वीकृति प्राप्त 247 लाभार्थियों को बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रति लाभार्थी 30,000 की धनराशि का प्रेषण पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा लाभार्थियों के सीधे बैंक खातों में करते हुए लाभान्वित किया जायेगा। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ है। योजनान्तर्गत परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया (महिला या पुरूष) की मृत्यु 18 वर्ष या उससे अधिक और 60 वर्ष से कम आयु में हो जाती है, तो मृतक के पारिवारिक सदस्य योजनान्तर्गत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ उठा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदक का आधार कार्ड, मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक की उम्र से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिसमें वार्षिक आप शहरी क्षेत्र के लिए 56.460 हजार रुपये हो तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए रू0 46,080 हजार रुपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो। आवेदक का बैंक खाता रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा अधिकृत ऐसे बैंक में होना चाहिए। जो कोर बैंकिंग सिस्टम के अधीन हैं, जिन्हें आई.एफ.एस. कोड प्रदत्त है तथा पी.एफ.एम.एस. पर पंजीकृत हैं। ताकि ई-पेमेंट के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा धनराशि अंतरित की जा सके। योजनान्तर्गत पात्र पाये गये आवेदक को 30,000 रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया जायेगा।

## धूमधाम से मनाया गया रामजन्म उत्सव

चित्रकूट । महिला पतंजलि चित्रकूट ने धूमधाम से राम जन्म उत्सव मनाया। जिसमें जिले के सुंदर घाट पर हवन कीर्तन कर एवं राम की झांकी सजाकर उत्सव मनाया गया। लालमणि गुप्ता ने यह बताया कि शुक्रवार को योग गुरु स्वामी रामदेव का 31 वर्ष सन्यास का संपन्न हुआ। इस रूप में सन्यास दिवस भी मनाया जा रहा है विमल आर्य ने बताया कि बबेरू से आए हुए आर्य समाज से विद्या मित्र आर्य ने वैदिक मंत्रों द्वारा हवन संपन्न कराया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पतंजलि की जनपद की सनी जैन लालमणि गुप्ता, संध्या, अंजू, साधना, अनीता, नीलम, निर्मल, ज्योति, साधना, मनीष केसरवानी, शोभा गुप्ता, सहित लगभग सैकडों लोग मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर

नरैनीध्बांदा। कस्बे के रामलीला मैदान में अवधेश मिश्रा के द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है।इस दौरान कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर होकर झूम उठे। भादो मास की अष्टमी के दिन मथुरा कारागार में भगवान के अवतार की कथा और सजीव झांकियों ने पंडाल को वृंदावन जैसा माहौल प्रदान कियाए श्नंद के घर आनंद भयोश् के उद्घोष गूंज उठे है ।कस्बा के किदवई नगर स्थित रामलीला प्रांगण में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर रहा । श्री धाम वृन्दावन से आई कथा व्यास देवी राधिके ने भक्त प्रहलाद चरित्रए हिरण्य कश्यप वधए भगवान वामनएभगवान राम एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होने कहा कि दुख में हर व्यक्ति ईश्वर का स्मरण करता है लेकिन सुख में उन्हें भूल जाता हैं। यदि सुख के समय भी ईश्वर का स्मरण किया जाए तो जीवन में दुख का स्थान ही नहीं रहेगा। कथा वाचक ने भगवान कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का उल्लेख करते हुए उन्हें पूर्ण एवं महाअवतार बताया। उन्होंने गीता के श्लोक यदा यदा हि धर्मस्यण्ण्का उल्लेख करते हुए कहा कि जब.जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है। तब तब भगवान स्वयं अवतार लेकर दुष्टों का संहार और सज्जनों का कल्याण करते हैं । कथा में जन्मोत्सव प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया है । झांकियों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के आविर्भाव को दर्शया गया जिससे पूरा पंडाल वृंदावन जैसा प्रतीत होने लगा। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु कर्णप्रिय भजनों को सुनकर नृत्य करने लगे । कथा परीक्षित अवधेश कुमार मिश्रा सपरिवार ए कस्बा एवं दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में आए श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं ।

# रामनवमी पर्व धूमधाम धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया





बदौसा;बाँदाद्ध। कस्बा बदौसा में रामनवमी पर्व बड़े ही धूमधामए उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे कस्बे में भक्तिए उत्साह और धार्मिक उमंग का अद्भुत नजारा देखने को मिलाए भव्य झांकियोंए डीजे और आर्केस्ट्रा पार्टी कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य झांकी और जावरा में भगवान श्रीरामए माता सीताए लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झलकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में सजे शानदार विमान ;रथद्ध और करीब आधा दर्जन डीजे के साथ.साथ आर्केस्ट्रा पार्टी कार्यक्रम की भी धूम रहीए जिससे पूरा कस्बा देर रात तक राममय और उत्सवमय बना रहा। यह भव्य शोभायात्रा शीतल बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर बदौसा पुरानी बाजारए नई बाजारए बांदा रोडए हड़हा रोडए स्टेशन रोड और पेट्रोल पम्प मार्ग से होते हुए पूरे कस्बे में निकाली गई। जुलूस के दौरान जगह.जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। रामनवमी पर्व के दौरान आयोजित आर्केस्ट्रा पार्टी कार्यक्रम गीत और नृत्य भी लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहा। धार्मिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन ने पूरे कस्बे के माहौल को उत्सवमय बना दिया। युवाए बच्चे और श्रद्धालु पूरे जोश और उमंग के साथ कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन रामभक्त युवा कमेटी एवं बजरंग दल के तत्वावधान में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में नगर संयोजक सचिन शिवहरेए सह संयोजक शत्रुघ्न गुप्ताए अभिषेक शिवहरेए नगर उपाध्यक्ष राहुल शिवहरेए राज साहूए राज वर्माए सूरज शिवहरेए शुभम शिवहरेए ऋषि कश्यपए अंकित तिवारीए टिंकू गुप्ताए महेंद्र गुप्ताए सौरभ सोनीए प्रिंस गुप्ताए सुंदरम मिश्राए पंकज शिवहरेए रवि शिवहरेए आर्यन शिवहरेए संगम त्रिपाठीए निर्मल त्रिपाठीए ओपी यादवए जोजोए आशु दुबेए राहुल तोमरए पिंटू यादवए सचिन तिवारीए विजय सिंहए राममेवकए राहुल मिश्राए ऋषिकेश दुबेए अभिषेक सोनीए संजय सिंहए भारत गुप्ताए कन्हैया श्रीवास्तवए घनश्याम सोनी सहित अन्य युवाओं की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस उपाधीक्षक ;अतर्राद्ध परवीन कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय मुस्तैद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व स्वावलंबन का दिया संदेश



चित्रकूट । मिशन शक्ति फेज-5.0 का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को समर्पित पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल व कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चैराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण कार्यक्रम किया गया।प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण के लिए जागरूकता। बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच व बैड टच की जानकारी। महिला व बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ। 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस, 108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुए उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं और बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओं एवं बालिकाओं का अधिकतर आवागमन होता है उनको चौकिंग कर ये चिन्हित कर मनचलों के द्वारा कोई अभद्रता की जाती है, तो आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों मनचलों के साथ हिदायत कार्यवाही की जाती है।

# भगवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में अंक पत्र वितरण एवं पुरस्कार समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। अंकपत्र वितरण एवं पुरस्कार समारोह के अंतर्गत आज दिनांक 27 मार्च 2026 को भगवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्व0 भगवत प्रसाद कुशवाहा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन एवं माँ शारदे की आराधना तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारनाए उन्हें प्रोत्साहित करना तथा उनके हुनर को पहचान दिलाना रहा। इस अवसर पर समारोह का शीर्षक इल्यूमिनेशन रिकग्नाइजिंग ग्रोथए शेपिंग टुमारोश् रखा गयाए जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा प्रदान करना है। आप सभी को ज्ञात हो कीसमारोह में पधारे विशिष्ट अतिथियों विनोद केशवानी जी0 एम0 यू0 पी0 ग्रामीण बैंकए रामलखन कुशवाहा सीनियर मैनेजर. यू0 पी0 ग्रामीण बैंकए फाउंडर मेम्बर भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी रविन्द्र कुमार डी0 आर0 एम0 बाँदाए अवधेश कुमारए श्रीमती संध्या कुशवाहा डायरेक्टर . बी0 पी0 एम0 ए0 का बैच अलंकरण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्रिंसिपल श्रीमती कविता वर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत भाषण के साथ हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय की ओर से स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गयाए जिसमें विद्यालय की प्रगति एवं विकास से संबंधित जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की गई। इसके उपरांत कक्षा 1 से 5 तक के छात्र.छात्राओं को अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए। शैक्षिक उत्कृष्टता के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए। आराध्या दुबे प्रथमए अलौकिक अवस्थी द्वितीय एवं दीक्षा कुशवाहा तृतीय। सम्राट प्रथमए शौर्य गुप्ता द्वितीय एवं आराध्या तृतीय। कक्षा 2 प्रथमए अभय सिंह द्वितीय एवं रुद्रप यादव तृतीय। कक्षा 2 कुशवाहा प्रथमए अक्षिता सोनी द्वितीय एवं नजमे आलम तृतीय। कक्षा 3 आशिव प्रथमए पुष्कर सिंह पाल द्वितीय एवं श्रेयांश प्रताप तृतीय। कक्षा 3 नितीश कुमार वर्मा प्रथमए शिव प्रताप सिंह द्वितीय एवं अंशिका वर्मा तृतीय। कक्षा 4 ईश प्रजापति प्रथमए यशोदा द्वितीय एवं राजवर्धन सिंह तृतीय। कक्षा 4 यादव प्रथमए सत्येंद्र गुप्ता द्वितीय एवं अथर्व सोनकर तृतीय। कक्षा 5 प्रथमए एंजल द्वितीय एवं प्रिंस शिवहरे तृतीय। कक्षा 5 स्वाति सिंह प्रथमए समृद्धि सिंह द्वितीय एवं प्रबल सिंह राजपूत तृतीय। विशेष रूप सेए कक्षा 5 के विद्यार्थियो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चे शामिल हुए और उन्हें उनके प्राथमिक शिक्षा कार्यकाल की पूर्णता का प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस मौके पर अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहेए जिन्होंने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती संध्या कुशवाहा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन दिए। चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। वहीं संस्थापिका ट्रस्टी श्रीमती शिवकन्या कुशवाहा ने समस्त विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन मिस सना एवं मिस्टर विकास द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राम वन गमन पथ से जुड़ेगा आस्था और इतिहास का संगम

**पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति सरकार है गंभीर**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों को योगी सरकार सजाने संवारने का काम कर रही है। जिसके क्रम में बांदा के ऐतिहासिक कालिंजर के लिए और भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट के लिए विशेष पैकेज और बेहतर कनेक्टिविटी का तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद यहां पर पर्यटन को पंख लगेंगे। वहीं अभी हाल ही में ऐतिहासिक कालिंजर के लिए को भू विरासत का दर्जा भी मिल चुका है। जिससे यहां पर पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राम वन गमन पथ का भी कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके बन जाने के बाद यहां पर आस्था और इतिहास का संगम दिखाई देगा। जहां पर्यटक कालिंजर के किले के इतिहास को यहां आकर करीब से जानेंगे और महसूस करेंगे तो वही चित्रकूट पहुंचकर आस्था से जुड़ेंगे और इसको लेकर चित्रकूट और कालिंजर के लिए विशेष पैकेज और बेहतर कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। 5 करोड़ की लागत से कालिंजर में बनाया गया पर्यटन सुविधा केंद्र। आप सभी को ज्ञात हो की ऐतिहासिक कालिंजर के किले में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यहां पर सरकार के द्वारा किले के समीप लगभग 5 करोड रुपए की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही किले में भी जो ऐतिहासिक व प्राचीन महल है। उनके संरक्षण को लेकर भी कार्य कराया गया है। वही किले के अंदर की सड़कें व अन्य पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर कार्य कराए गए हैं। जिसके बाद यहां पर पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी भी देखने को मिल रही है और देश और विदेश के पर्यटक यहां पर आ रहे हैं। पर्यटन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्ट आर के रावत ने बताया कि जहां बांदा के कालिंजर के लिए में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं तो वही चित्रकूट में भी धार्मिक स्थलों पर कार्य कराए गए हैं। जहां रामघाट में घाटों का निर्माणए लाइटिंग व अन्य जरूरी सुविधाओं के कार्य पूर्ण किए गए हैं। तो वहीं उत्तर प्रदेश के हिस्से में आने वाले कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में भी लाइटए टाइल्स समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर कार्य कराया गया है। इन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर है। जिसको लेकर बांदा और चित्रकूट में जो भी पर्यटन स्थल है। उनमें तेजी से कार्य कराई जा रहे हैं जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# कस्बे मैं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा । कस्बे के रामलीला मैदान में अवधेश मिश्रा के द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है।इस दौरान कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर होकर झूम उठे। भादो मास की अष्टमी के दिन मथुरा कारागार में भगवान के अवतार की कथा और सजीव झांकियों ने पंडाल को वृंदावन जैसा माहौल प्रदान कियाए श्नंद के घर आनंद भयोश् के उद्घोष गूंज उठे है । आप सभी को ज्ञात हो की कस्बा के किदवई नगर स्थित रामलीला प्रांगण में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर रहा । श्रीधाम वृन्दावन से आई कथा व्यास देवी राधिके ने भक्त प्रहलाद चरित्रए हिरण्य कश्यप वधए भगवान वामनएभगवान राम एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होने कहा कि दुख में हर व्यक्ति ईश्वर का स्मरण करता है लेकिन सुख में उन्हें भूल जाता हैं। यदि सुख के समय भी ईश्वर का स्मरण किया जाए तो जीवन में दुख का स्थान ही नहीं रहेगा। कथा वाचक ने भगवान कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का उल्लेख करते हुए उन्हें पूर्ण एवं महाअवतार बताया। उन्होंने गीता के श्लोक यदा यदा हि धर्मस्यण्ण्का उल्लेख करते हुए कहा कि जब.जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है। तब तब भगवान स्वयं अवतार लेकर दुष्टों का संहार और सज्जनों का कल्याण करते हैं । कथा में जन्मोत्सव प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया है । झांकियों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के आविर्भाव को दर्शया गया जिससे पूरा पंडाल वृंदावन जैसा प्रतीत होने लगा। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु कर्णप्रिय भजनों को सुनकर नृत्य करने लगे । कथा परीक्षित अवधेश कुमार मिश्रा सपरिवार ए कस्बा एवं दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में आए श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं ।

## खबर एक नज़र

### योगी सरकार ने बांदा को दी सौगात जिले में बिछाया 91 नए पंचायत भवनों और 187 आंगनवाड़ी केंद्रों का जाल

**. 187 नए आंगनवाड़ी केंद्रों से अब सुधरेगा बच्चों का भविष्य 29 नए केंद्रों को मिली मंजूरी**

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार गावों के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में बांदा जिले को विकास का रोल मॉडल बनाने की दिशा में प्रशासन ने अब कमर कस ली है। सरकार ने जिले में 91 नए पंचायत घरों और 187 आंगनबाड़ी केंद्रो को बनवाया है। जिससे न केवल गांवों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। बल्कि सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी।पहले जहां पंचायत घरों ;सचिवालयद्ध में सामान्य व्यवस्थाएं होती थी। तो वहीं जिले में 91 नए पंचायत घरों के निर्माण से ग्रामीण सचिवालयों के प्रति जो अवधारणा है वह बदलेगी। इन भवनों के माध्यम से ग्रामीणों को आयए जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसी जरूरी डिजिटल सेवाओं के लिए अब शहर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और गांव के विकास की कार्ययोजनाएं स्थानीय स्तर पर ही तेजी से क्रियान्वित की जा सकेंगी। जिसको लेकर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।मासूम बच्चों के बेहतर पोषण और उनकी प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जिले भर में 187 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का जाल बिछाया जा रहा है। जरूरी बात यह है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025.26 के लिए भी 29 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को शासन से हरी झंडी मिल गई है। जिनके बन जाने के बाद कुपोषण के खिलाफ लड़ाई और भी बेहतर तरह से लदी जा सकेगी। वहीं यहां पर बच्चों को खेल के साथ उनको अच्छे माहौल में प्रारंभिक शिक्षा भी दी जाएगी। निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शासन ने क्षेत्र पंचायतों को कार्यदायी संस्था नामित किया है। वहीं विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से निर्धारित धनराशि सीधे कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चल रहे इन प्रोजेक्ट्स का मुख्य उद्देश्य समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है।

### भैंस चराने गई दो लड़कियां नदी में डूबी घर में मचा हाहाकार

पैलानीध्बांदा। पैलानी तहसील के खरेई गांव निवासी चुन्नू निषाद की 12 वर्षीय लड़की श्वेता तथा दूसरी बच्चू निषाद की लड़की रंची उम्र 12 वर्ष जो रोज की भांति सुबह 10रू00 बजे अपने.अपने घरों से भैंसों को चराने के लिए केन नदी किनारे पहुंची थी जहां पैर फिसल जाने की वजह से दोनों ही लड़कियां गहरे पानी में समा गई जब तक आसपास के चरवाहे तथा लड़के मौके पर पहुंच पाते तब तक दोनों ही लड़कियों की पानी में डूब कर मौत हो चुकी थी मृतक श्वेता के पिता चुन्नू निषाद तथा मृतक रंची के पिता बच्चू निषाद ने जानकारी देते हुए बताया है कि दोनों ही लड़कियां गांव के प्राइमरी स्कूल में पढ़ती थी दोनों ही आपस में सहेलियां थी आज दोनों की एक साथ हुई मौत को लेकर परिवार में कोहराम मच गया है बता दे कि मृतक श्वेता पुत्री चुन्नू निषाद चार बहनों में सबसे छोटी थी तथा रांची पुत्री मोती निषाद दो बहनों में सबसे छोटी थी इस अनहोनी घटना से श्वेता के पिता चुन्नू निषाद तथा रांची की मां अनुसूया का रो.रोकर बुरा हाल है।

### बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा

**. किसानों की फसलों को हुआ नुकसान**

बांदा। जिले में अचानक हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें तेज हवाओंए बारिश और ओलों की मार से बुरी तरह प्रभावित हुई हैंए जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव के चलते गेहूंए चना और सरसों जैसी प्रमुख फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। कई जगहों पर फसलें खेतों में गिर गईंए जिससे न केवल उत्पादन घटने की आशंका है बल्कि उनकी गुणवत्ता भी खराब हो गई है। ग्रामीण इलाकों में किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ देखी जा सकती है। पूरे साल की मेहनत और लागत एक ही झटके में बर्बाद हो गई है। कई किसानों ने खेती के लिए कर्ज लिया थाए ऐसे में अब उनके सामने कर्ज चुकाने की भी बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाएए ताकि उन्हें इस संकट से कुछ राहत मिल सके। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि खेती पूरी तरह मौसम पर निर्भर है और प्राकृतिक आपदाएं किसानों की आजीविका पर गहरा असर डालती हैं। ऐसे में समय पर राहत और मुआवजा किसानों के लिए बेहद जरूरी है।

### घरेलु विवाद के चलते अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

बांदा। किसी बात को लेकर पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद नाराज अधेड़ ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार बिसंडा थाना क्षेत्र के मझीवा सानी गांव निवासी 54 वर्षीय रामप्रताप पुत्र छेदिया ने गुरूवार की शाम जहर खा लिया। अचानक जब उसकी हालत बिगड़ीएतब मामले की जानकारी हो सकी। आनन फानन में तत्काल उसे पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेंडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पड़ोसी रामबाबू वर्मा ने बताया कि रामप्रताप अपनी पत्नी चमेलिया तथा बच्चों के साथ ईटा की पथाई करने लखनऊ गया था। सप्ताह भर पहले खेत में खड़ी फसल की कटाई करने के लिए वह गांव आया था। पत्नी और पुत्र लखनऊ में ही थे। गुरूवार की शाम घरेलू बातो को लेकर फोन पर उसका पत्नी से विवाद हो गया था। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली है।

### चोरी के माल के साथ चोर को पुलिस ने दबोचा

बांदा। चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने माल के साथ एक चोर को पकड़ा है। वहीं उसके सहयोगी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। नरैनी सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम रेहुंची के रहने वाले पवन कुमार राजपूत के घर में 25 मार्च की रात उसके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा घर में रखे सोनेध्चांदी के आभूषण चोरी कर ली गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विजय उर्फ धमकू पुत्र देशराज निवासी ग्राम रेहुंची थाना कालिंजर को खोरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद हुए है। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार किया। कहा कि अन्य अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। जल्द ही उसे भी पकड़ा जायेगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमारएआरक्षी यादवेंद्र सिंहएअंकित मलिक शामिल रहे।

### अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**. अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद**

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया हैए अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर के रहने वाले एक विपिन नामक एक युवक का अवैध तमंचे से साथ एक वीडियो वायरल हुआ थाए जिसको थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा संज्ञान में लेते हुए अभियुक्त को उसके घर के गिरफ्तार किया गया

# धूमधाम से मनाया गया श्री रामनवमी उत्सव मंदिरों में घंटा घड़ियाल से मंदिर गूंज उठे



स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद नगर में घरों एवं वैष्णव मंदिर में भगवान का प्राकट्य हुआ पवित्र चैत्र नवमी तिथि शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित शुभ मुहूर्त में दोपहर के 12 बजे का पावन समय सब लोकों को सुख शान्ति देने वाले एवं दुःखों को हरण करने वाले भगवान श्रीराम का प्राकट्य हुआण्ण् मंदिरों में घंटा घड़ियाल से मंदिर गूंज उठे भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ बनाया गया भक्तों के द्वारा मंदिरों में भगवान श्री राम का पंचामृत के द्वारा अभिषेक किया गया घर में बधाइयां बजने लगी श्री राम का भव्य एवं दिव्य श्रृंगार महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया नगर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर श्री राम दुलारी मंदिर श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर राम जानकी मंदिर धुमना बाजार महाकाल मंदिर अंगूरी बाग में श्री राम जन्मोत्सव में भी बड़ी धूमधाम से श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया ऑस्ट्रेलिया से आए भक्त आलोक दीक्षित ने भगवान श्री राम की आरती उतारी इस अवसर भक्तों ने राम भजन गए अजय चंदन आकाश विजय अवधेश बाजपेई लाला राम सुमित सरोज जय देवी रेनू निर्मला आदि भक्त मौजूद रहे श्री राम वेद कला केंद्र द्वारा श्री राम का जन्म उत्सव एक गेस्ट गेस्ट हाउस में मनाया गया जिसके मुख्य यजमान अशोक वर्मा बीना वर्मा विजय दुबे ;मटर लालद्ध जन्मोत्सव आचार्य शांति स्वरूप ने श्री राम का जन्म उत्सव श्री राम रक्षा स्त्रोत द्वारा पंचामृत द्वारा अभिषेक कराया पंडित शांति स्वरूप ने कहा श्री राम भारतीय संस्कृति की पहचान है उनके जीवन से पहले ले और आचरण में उतरे तो भगवान की विशेष कृपा बनी रहेगी श्री राम विविध कला केंद्र निकाली गई श्री राम शोभा यात्रा का नेहरू रोड स्थित प्रतिष्ठान पर दीप संस्था अध्यक्ष नीमच टंडन ने आरती उतार कर स्वागत किया



## 8 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म हालत गंभीर लोगों में भारी आक्रोश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
फर्रुखाबाद।कमालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 8 वर्षीय बच्ची दोपहर को गांव में ही हो रही भागवत कथा सुनने गई थी तभी पड़ोसी युवक बच्ची को पहले फुसलाकर उसके घर के पास बनी झोपड़ी में लेकर गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया दुष्कर्म के बाद बच्ची की हालत गंभीर हो गई बच्ची अपने बुआ के घर रह रही थी परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली लहू लूहान अवस्था में बच्ची को लेकर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे यहां डॉक्टर मानसिंह ने बच्ची का इलाज शुरू किया सूचना पर थाना पुलिस कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची उसके बाद बच्ची की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर मानसिंह ने बच्ची को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा और थानाध्यक्ष ललित कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना से संबंधित आवश्यक साक्ष्य जुटाए थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्ची का इलाज कराया जा रहा है घटना की तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा पंजीकृत का आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम में लगा दी गई है

## खबर एक नज़र

### साहसी बेटियों ने स्वच्छता अभियान चलाया मंदिर प्रांगण में की सफाई

फर्रुखाबाद।कायमगंज नगर से सटे चिलौली स्थित गमा देवी मंदिर में शुक्रवार को साहसी बालिका टीम की बेटियों ने स्वच्छता की मिसाल पेश की। दुर्गा पूजा की नवमी के बाद मंदिर परिसर में फैली गंदगी को साफ कर इन बेटियों ने श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया।रामनवमी के पर्व पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। पूजा.अर्चना और कन्या भोज के बाद मंदिर परिसर में जगह.जगह पॉलिथीन फूल पत्तियां पूड़ी हलवा और खीर बिखरी हुई थी। यह देख साहसी बालिका टीम की सदस्य आगे आईं और पूरे मंदिर परिसर में सघन सफाई अभियान चलाया। बेटियों ने न केवल बिखरा हुआ कूड़ा समेटा बल्कि उपस्थित लोगों को मंदिर और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित भी किया। इस कार्य में खुशबू मिश्रा शिल्की मिश्रा संजना गरिमा दिव्या अंजू और चांदनी आदि का विशेष सहयोग रहा।स्थानीय लोगों ने बेटियों के इस जज्बे की जमकर सराहना की है।

### ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप पति समेत दो पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** फर्रुखाबाद।कायमगंज क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास और पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर ससुर व पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 8 साल पहले अनूप उर्फ रजनीश यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि उसका पति शराबी और अय्याश किस्म का व्यक्ति है जो आए दिन संतान न होने का उलाहना देकर उसके साथ मारपीट और गाली.गलौज करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुर कमलेश यादव शुरू से ही उस पर बुरी नीयत रखता था। 12 मार्च की रात करीब 2 बजे जब वह अपने कमरे में सो रही थी तभी ससुर शराब के नशे में धुत होकर कमरे में घुस आया। आरोपित ने चारपाई पर सो रही बहू को दबोच लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर बगल के कमरे में सो रही चाची और एक अन्य व्यक्ति मौके पर पहुँच गए। उन्होंने पीड़िता को ससुर के चंगुल से छुड़ाया और बीच.बचाव किया। घटना के बाद से पीड़िता डरी.सहमी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपित ससुर कमलेश और पति अनूप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### हरिकिशोर तिवारी ने भाजपा की नई कार्यकारिणी का स्वागत किया

इटावा! भारतीय जनता पार्टी की संपूर्ण कार्यकारिणी बन जाने पर सभी पदाधिकारी और मनोनीत सभी सभासदों का स्वागत एवं अभिनंदन मधुबन वाटिका में संपन्न हुआ जिसमें होली जैसा माहौल दिखाई पड़ा और फूलों की बरसात के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तथा फूलमाला एवं पटका पहनाकर तथा चंदन तिलक लगाकर सभी का आत्मीय जोरदार स्वागत किया गया स पूरी कार्यकारिणी में समर्पण एवं उत्साह तथा एकजुटता का माहौल दिखाई पड़ा। इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने अपने स्वागत भाषड में कहा कि इटावा अन्नू गुप्ता की अगुवाई में नई टीम के साथ सर्वोच्च शिखर के प्रदर्शन करेगी विभागों में भी जो समस्याएं सामान्य जनकी रहती हैं उनको भी टीम बनाकर दूर करने का काम करेंगे और 2027 के चुनाव में इटावा की सभी सीटों पर जीतकर मोदी और योगी के हाथों को मजबूत करेंगे जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने भी सभी पदाधिकारी को एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान के साथ कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए भारतीय जनता पार्टी का प्रचम लहराने हेतु संकल्पित किया और साथ निभाने का वादा भी किया। जिला पंचायत के सभी चुनाव और विधान परिषदए विधानसभा के सभी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री हासिल करने हेतु सभी को संकल्पित भी कराया!

### चेतक स्क्रीन अवाड्र्स हेतु 31 श्रेणियों में नामांकन की घोषणा

कानपुर। स्क्रीन एकेडमी ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले चेतक स्क्रीन अवाड्र्स के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा। आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर धुरंधर 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की सैयारा ने 17 और नीरज घेवान की होमबाउंड ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई। ये नॉमिनेशंस थिएटर और ओटीटी दोनों प्लेटफॉर्म्स की फिल्मों के लिए हैं, जो आज के भारतीय सिनेमा की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं।1995 में शुरू हुए स्क्रीन अवाड्र्स अपनी संपादकीय निष्पक्षता के लिए जाने जाते हैं। इसका संचालन स्क्रीन एकेडमी करती है, जो 50 से अधिक दिग्गज फिल्मकारों कलाकारों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों की एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी संस्था है। यूनिवर्सिटी ऑफसदर्न कैलिफोर्निया के स्कूल ऑफ सिनेमैटिक आट्र्स में सिनेमा और मीडिया स्टडीज की चेयरपर्सन, प्रोफेसर प्रिया जयकुमार ने एक खास स्कोरिंग सिस्टम तैयार किया है, जिसके आधार पर एकेडमी के सदस्य पिल्मों को अंक देते हैं। 20 वर्षों में पहली बार, कोई फिल्म अवॉर्ड शो लाइव टेलीकास्ट होगा।

### फैशन, शोहरत और मैक्स के 20 साल

कानपुर। दो दशकों के सफर, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने और अनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, लैक्मे फैशन वीक पर मैक्स ने महज़ एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। लाइट्स धीमी हुईं, संगीत की थाप बढ़ी और देखते ही देखते रनवे एक जीवंत मंच में तब्दील हो गया। शो में प्रदर्शित किए गए 35 लुक्स पारंपरिक फैशन से कहीं आगे थे। यह आधुनिक भारत के उस युवा चेहरे की झलक थी जो प्रयोगधर्मी है, आत्मविश्वासी है और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह बेबाक है मंच पर तीन चमकते सितारों- कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफकी मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया। मैक्स फैशन के सीईओ सुमित चंदना ने इस ऐतिहासिक मौके पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा भारत में 20 साल का सफर पूरा करना मैक्स फैशन के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है। भारत हमेशा से एक जीवंत और अभिव्यक्तिपूर्ण फैशन बाज़ार रहा है। इन वर्षों में हम उस पीढ़ी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े हैं, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और एक बेफिक्र अंदाज़ के साथ स्टाइल को अपनाती है। लैक्मे फैशन वीक के इस प्रतिष्ठित रनवे पर इस जश्न को लाना, हमारी इस उपलब्धि को मनाने का सबसे उपयुक्त और शानदार तरीक़ा है।

### फूलन देवी की बहन सपा की महिला अध्यक्ष बनी

इटावा! सपा ने फूलन देवी की बड़ी बहन रुक्मिणी देवी निषाद को महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसकी घोषणा बुधवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने की। 67 साल की रुक्मिणी देवी की नियुक्ति सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रजामंदी के बाद की गई। रुक्मिणी को रूबी श्रीवास्तव की जगह नियुक्त किया गया है। रुक्मिणी मूलरूप से जालौन की रहने वाली हैं।माना जा रहा है कि यह नियुक्ति सिर्फ एक रुटीन बदलाव नहींए सपा की च्क्। रणनीति का हिस्सा है। निषाद वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए सपा ने रुक्मिणी को चुना है। यूपी में निषाद.मल्लाह समुदाय बड़ी पिछड़ी जाति हैं। पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में इनका अच्छा.खासा प्रभाव है। अखिलेश यादव 2027 विधानसभा चुनाव से पहले इस समुदाय को और मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। चुनाव से पहले अखिलेश यादव महिलाओं पर फोकस कर रहे हैं। हाल ही में अखिलेश यादव ने महिलाओं के लिए नारी समृद्धि सम्मान योजना का ऐलान किया था। अब फूलन देवी की बहन रुक्मिणी देवी को महिला सभा की कमान सौंपी है। इससे पार्टी खासकर पिछड़ी जाति की महिलाओं के बीच संदेश दे रही है कि सपा महिलाओं का सम्मान करती है। रुक्मिणी देवी जालौन के गांव शेखपुर गुड्डा पुरवा की रहने वाली हैं। वह बुंदेलखंड में राजनीतिक और सामाजिक तौर पर सक्रिय मानी जाती है। उनकी शादी औरैया के बूढ़ा दाना गांव में हुई थी। पारिवारिक रूप से भी वह मजबूत पृष्ठभूमि रखती हैं। उनके 3 बेटे और 2 बेटियां हैं। वर्तमान में वह अपने गांव के साथ ग्वालियर में भी समय बिताती हैं। वहां उनके बड़े बेटे मथुरा पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अन्य बेटों के नाम संतोष और छुन्ना है।

## लखनऊ में सड़क सुरक्षा संवाद का शुभारंभ स्काउट.गाइड बने ब्रांड एंबेसडर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फिरोजाबाद** लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्सड़क सुरक्षा संवादश् कार्यशाला का शुभारंभ प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं प्रादेशिक परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉण् प्रभात कुमार की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन को सड़क सुरक्षा अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रत्येक जनपद से मास्टर ट्रेनर तैयार कर सड़क सुरक्षा नियमों का प्रचार.प्रसार करने की योजना बनाई गई। जनपद फिरोजाबाद से श्रीमती विनीता चौधरीए श्री कोमल सिंहए आनंद बाबू एवं सुष्मिता सिंह को रोड सेफ्टी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। कार्यशाला में युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करनेए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 जनपदों का चयन किया गया जिसमें फिरोजाबाद को भी स्थान प्राप्त हुआ। चयनित चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे सहित कई अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने सभी को बधाई दी।

## बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन स्कूल के बाहर पुलिस की मुस्तैदी से बना अनुशासन

छिबरामऊ कन्नौज बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन सिटी चिल्ड्रन्स एकेडमीए छिबरामऊ के बाहर स्थानीय पुलिस की सक्रियता से अनुशासन और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। परीक्षा समाप्ति के समय स्कूल गेट पर पुलिस बल तैनात रहाए जिससे छात्रों और अभिभावकों की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित किया गया।पुलिसकर्मियों ने सड़क पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारु बनाए रखा। साथ ही छात्रों को सुरक्षित तरीके से सड़क पार कराने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरा प्रसाद ने छिबरामऊ थाना प्रभारी श्री विष्णुकांत तिवारी का विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से परीक्षा के अंतिम दिन भी पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुई।स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से राहत मिली।

## श्री रामनवमी के पावन पर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

छिबरामऊ कन्नौज नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर कन्नौज में समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र के अनेक प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी ए जिलाध्यक्ष कालीम ख़ान जी तथा पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे जी सहित अनेक समाजवादी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने भक्तों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों का सवाल मां के दरबार में उमणा मां के जयकारों से दरबार गुजे

छिबरामऊ कन्नौज श्री रामनवमी के पावन पर पर शाहर के सराफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर पर भगवान राम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि के अंतिम दिन ब्रह्म मुहूर्त से ही माता के दरबार में भक्तों की लंबी.लंबी कतारे लग गई सभी भक्तों ने मां को भोग लगाने के बाद अपने.अपने घर पर कन्या भोज के बाद व्रत को तोड़ा मां कालका देवी मंदिर सौरिख रोड मां गमा देवी मंदिर बिशनगढ़ रोड स्थित महाकालका देवी मंदिर पीपल चौराहा मंदिर पर भक्तों का सैवाल ऊमणा

## सीवरेज योजना का भूमि पूजन किया गया

छिबरामऊ कन्नौज भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2ण्0 ;नगरीयद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के नगर भूमि पूजन पूर्व राज्य मंत्री व चेयरमैन ने किया भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2ण्0 ;नगरीयद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में ष्छिबरामऊ सीवरेज योजनाष् ; प्दजमतबमचजपवद ंदक क्पअमतेपवद ूवताेद्ध का पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे चेयरमैन मनोज दुबे के साथ भूमिपूजन किया।इस अतिमहत्वपूर्ण योजना के पूर्ण होने पर जल प्रदूषण में कमीए जलजनित बीमारियों से बचावए पानी में ऑक्सीजन के स्तर का सुधारएभूजल स्तर में सुधारए उपचरित पानी का सिंचाई व अन्य कार्यों में उपयोग आदि कई लाभ प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में हेमंक त्रिपाठी सभासद पंकज द्विवेदी संजीव चौहान दिलीप गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा प्रदीप गुप्ता किराना कमेटी अध्यक्ष शाहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## भरथना में युवती ने जहर खायाए परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

भरथनाए इटावा! कस्बे के आदर्श नगर निवासी 18 वर्षीय प्रिया पुत्री अरविंद कुशवाहा ने संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं में रखी जाने वाली जहरीली दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन.फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।परिजनों के अनुसारए करीब दो वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही युवक शिवम राठौर पुत्र संजू राठौर प्रिया को नाबालिग अवस्था में भगा ले गया था। इस मामले में पिता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया थाए जिसके बाद पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया था। वहीं किशोरी को एक सप्ताह तक सीडब्ल्यूसी ;चाइल्ड वेलफेयर कमेटीद्ध में रखा गया था।पिता का आरोप है कि करीब तीन माह पूर्व विपक्षी पक्ष ने शादी का झांसा देकर मुकदमे में राजीनामा करवा लिया। लेकिन अब आरोपियों द्वारा पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। इसी मानसिक दबाव और परेशानियों के चलते युवती ने यह कदम उठा लिया। घटना के बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दी है।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
फर्रुखाबाद। जिले की पुलिस की ओर से अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक एक शातिर लुटेरे को पुलिस ने मुठभेड़ में लंगड़ा कर दिया है
जानकारी के अनुसार ई.रिक्शा सबार महिला के कुंडल लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया।कैलाश ईंट भट्ठे के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई।इस दौरान पुलिस के ऑपरेशन लंगड़ा के तहत एक आरोपी के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान दीपक उर्फ बाबा यादव के रूप में हुई है।मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जबकि एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों ही आरोपी लूट की घटना में शामिल बताए जा रहे हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और एक स्कूटी बरामद की है। साथ ही लूट का पूरा माल भी बरामद कर लिया गया है। लुटेरे के साथ पुलिस की मुठभेड़ थाना कादरीगेट क्षेत्र के ग्राम लकूला के पास स्थित कैलाश भट्ठे के निकट की गई।
अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार नें बताया की ई.रिक्शा सबार महिला के कुंडल लूट लेने के आरोपी के मुठभेड़ में गोली लगी है द्य उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है द्यपुलिस मामले की विस्तृत जाँच कर रही है द्य

# मेधावी छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया

इटावा! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब द्वारा के मेधावी छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्राएं
दयालबाग एजुकेशनल इंस्टिट्यूट। आगरा के लिए रवाना किए गए अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर और बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए दोनो बसों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान बच्चों की समस्त जिज्ञासाओं को समाप्त कराया जाना चाहिए और अच्छे माहौल में सुरक्षा के साथ शैक्षिक भ्रमण को कराया जाए। इस अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ मुकेश यादव ने बताया कि जनपद के सौ छात्र छात्राएं दो बसों द्वारा पूर्व से अनुमति प्राप्त डीम्ड
यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। इस संस्थान के भ्रमण की अनुमति जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदत्त की गईए जिसके अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह के निर्देश यह प्रमाण कार्य संपन्न कराया जा रहा है।
भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने यूनिवर्सिटी
की विभिन्न प्रयोगशालाओं काए नवाचारों का तथा नई नई विधाओं का अवलोकन तथा दिन किया संस्थान के मार्गदर्शकों द्वारा
उन्हें शैक्षिक भ्रमण के महत्व तथा वर्तमान उन्नत तकनीक के बारे में समझाया गया। सभी छात्र छात्राएं शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रफुल्लित नजर आए और अपनी इस यात्रा को अभूतपूर्व बताया। शैक्षिक भ्रमण की सफलता में इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल गुफरान अहमदए प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया
इंजीनियरिंग कॉलेज के मनीष शाहए जिला कीड़ा सचिव हेमांशु चॉपला इंटर कॉलेज से भोले कुमार लखना से प्रीति सहित कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और भ्रमण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब ने सदर विधायक को ज्ञापन दिया

इटावा। पत्रकारोंए मीडियाकर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया को ज्ञापन दिया और श्रीराम नवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीनए महामंत्री सुधीर मिश्रए उपाध्यक्ष ओमरतन कश्यपए मसूद तैमूरीए अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्नू चौरसिया व संगठन मंत्री रघुवीर यादव द्वारा दिए गए ज्ञापन में सदर विधायक सरिता भदौरिया से मांग की गई कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए।पत्रकारों के सम्मानएसुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडियाकर्मियों की पहचान हो सके।कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैंएजिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के मान्यताप्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैंएउन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए। कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनः बहाल किए जाने की व्यवस्था की जाए!

# अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक

इटावा! जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। बैठक में सदस्यों ने ऊसराहार से गंगापुर रोड पर गड्ढों की समस्या उठाते हुए शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही ताखा कस्बे से ऊसराहार से किशनी मार्ग पर नाली न होने के कारण जलभराव की समस्या का उल्लेख करते हुए नाली निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

बिजली विभाग के संबंध में सदस्यों ने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों के बिलों के निस्तारण में 3.4 माह का समय लग जाता हैए तो आम जनता को कितनी परेशानी होती होगी। इस पर विभाग को शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन तो किया जाता हैए लेकिन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों की समुचित निगरानी नहीं हो पातीए जिससे उन्हें बाद में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने को कहा गया।

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने भर्थना क्षेत्र के एक परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे जरूरतमंद बच्चों के भरण.पोषण हेतु योजनाओं का लाभ आसानी से मिलना चाहिए।

बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि भविष्य की बैठकों में पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाएए ताकि कानून.व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का भी समाधान हो सके।

जल निगमए पेयजल योजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदे जाने के बाद मरम्मत न होने एवं कई स्थानों पर जलापूर्ति शुरू न होने की समस्या उठाई गई। इस पर संबंधित विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

सदस्यों ने कहा कि कुछ अधिकारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही हैए जिससे सरकार की छवि प्रभावित होती है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें।

पीडब्ल्यूडी सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। भोगनी प्रखंड में ज्यादा मात्रा में मिट्टी उठान कार्य होने से पेड़ों की जड़ें निकल आने की समस्या हो गई है जिससे वहां पर मिट्टी उठान को रोक जाए। वहीं भट्टा मानपुर एवं अन्य क्षेत्रों में ईंट भट्टों के कारण मिट्टी सड़कों पर उड़ती है जिससे सड़कों की स्थिति खराब होने एवं दुर्घटनाओं की आशंका पर भी चिंता व्यक्त की गई। अंबेडकर पार्कों की साफ.सफाई 14 अप्रैल तक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। क्योंकि 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती है।

सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते तथा कई बार बैठकों में पूर्ण उपस्थिति भी नहीं रहती। इस पर अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इकदिल क्षेत्र में खारवी नाले में शहर का नाला जोड़ दिए जाने से गंदगी एवं प्लास्टिक कचरा नाले को चोक कर देता है और पानी खेतों तक पहुंचने की समस्या उठाई गई। नाले की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

भर्थना क्षेत्र में बिजली बिल के कारण एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया।

# रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के मतवार न्याय पंचायत के रामपुर नौडीहा गांव में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कुशियरा गांव के

### भगवा ध्वज के साथ झूमते रहे भक्त

सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा का शुभांरभ किया गया प्रभु श्रीराम व हनुमान जी की झांकी को शोभा यात्रा में शामिल किया गया, जो गांव के लोगों के लिए खास आकर्षण अलौकिक दृश्य को दर्शा रही थी शोभा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय व कृष्ण कुमार सिंह मय फोर्स के साथ मुस्तैद रहे शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से लगे हुए थे शुक्रवार की दोपहर 2 बजे बाजे गाजे एवं डीजे पर बज रहे भक्ति मय संगीत के साथ कुशियरा हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू होकर कुशियरा , मतवार, नदना, बेलाही गांव का भ्रमण करते हुए देर शाम तक वापस वहीं आकर संपन्न हुई ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर मंच बनाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया शोभायात्रा के दौरान लोग डीजे व बैण्ड बाजे के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरा गांव राम मय सा हो गया था इस दौरान पुजारी शिवकुमार मिश्र, रामकृष्ण सिंह, आकाश अग्रहरि, सुनील पाल, राजवीर सिंह, श्याम बहादुर पाल सहित काफी संख्या में लोग सामिल रहे।



## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को धूमधाम से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया।श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित कार्यक्रम में भगवान राम का प्रतीकात्मक जन्म होते ही मंदिर परिसर शंख ध्वनि और घंटा घड़ियाल और जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। पंडित रमाकांत पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम में भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ सोहर गीत गाकर भगवान राम की आरती उतारी। इस दौरान ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल केशरी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, ओंकार केशरी, तारकेश्वर केशरी, पिंटू केशरी, कृष्ण गोपाल केशरी, सदाशिव दुबे,ज्ञान प्रकाश केशरी आदि मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर महिला घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव निवासी केशव 46 वर्षीया पत्नी कमली देवी के साथ गुरुवार को बाइक से बरौंधा बाजार गए थे। रात में नौ बजे के करीब घर वापस लौटते समय जैसे ही बनवा गांव के पास पहुंचे तो सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया।कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़े। घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला के सीने व मुंह में गंभीर चोटें आ गई। वहीं बाइक चालक को सामान्य चोटें आई। महिला को उपचार हेतु ग्रामीणों ने एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## लालगंज क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल का संकट गहराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की किल्लत अब गंभीर रूप लेती जा रही

### कटाई के मौसम में किसान बेहाल, पंपों पर सीमित आपूर्ति व प्रतिबंधों से परेशानी बढ़ी

### प्रशासन के दावों और हकीकत में फर्क

है।किसानों के कटाई निराई के महत्वपूर्ण समय में पेट्रोल व डीजल ईंधन की कमी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है।वहीं आम उपभोक्ताओं और वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सीमित कर दी गई है। कई स्थानों पर बिना वाहन के गैलन या ड्रम में डीजल देने से मना किया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। खैरा भभूता प्रसाद स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मियों के अनुसार कंपनी के निर्देशों के तहत निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है। जिसके चलते खुले रूप में डीजल वितरण पर रोक लगाई गई है। वहीं महुअट और आसपास के क्षेत्रों के कुछ पंपों पर ईंधन का स्टाक लगभग समाप्त होने की स्थिति में बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं और सरसों की फसल कटाई के लिए तैयार है। ऐसे में डीजल की कमी के कारण थ्रेसर, हार्वेस्टर और ढुलाई का कार्य बाधित हो रहा है। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम ने करवट ली और बारिश हो गई, तो फसल को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उधर कुछ पंप संचालकों का कहना है कि उन्हें उच्च स्तर से सीमित आपूर्ति मिल रही है। और ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए सख्ती बरती जा रही है। इधर जिला प्रशासन का दावा है कि जनपद में डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि जमीनी हालात इन दावों से इतर नजर आ रहे हैं। जहां उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और कई जगहों से निराश लौटना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आपूर्ति व्यवस्था और वितरण प्रणाली के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है ताकि न तो जमाखोरी बढ़े और न ही वास्तविक जरूरतमंदों को परेशानी हो।

## हल्की बारिश से कटाई मड़ाई प्रभावित मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र में शुक्रवार शाम को तेज धूल भरी हवाओं संग हुई हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश से किसानों की कटाई मड़ाई प्रभावित हो गई। मौसम में आए बदलाव और आसमान में उमड़-घुमड़ रहे बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्रीय किसान मेघनंद चौरसिया, हरे कृष्ण दुबे, महेशदत्त त्रिपाठी, देवराज सिंह आदि ने बताया कि क्षेत्र में हुई हल्की बारिश ने गेंहू की कटाई व खलिहान में रखी सरसों,चना की मड़ाई प्रभावित हुई है। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए फसलों की सुरक्षा को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें व्याप्त हैं।

## राम नवमी पर गड़बड़ा धाम में भक्तों की रही भारी भीड़

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** गड़बड़ा शीतला धाम में शुक्रवार को चौत्र मास शुक्ल पक्ष नवमीं एवं पर्व राम नवमी होने के कारण शीतला

### मां शीतला के दरबार में भोर से लगी लंबी कतारें, हजारों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। सुबह भोर से ही भक्तों का आना शुरू हो गया जिससे मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रही। जिले के साथ-साथ आसपास के जनपदों और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालु कतारों में लगकर मां के दर्शन-पूजन करते रहे। भक्तों ने मां शीतला के चरणों में मत्था टेककर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में घंटा-घड़ियाल और शंख की ध्वनि के बीच जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।श्रद्धालुओं ने सेवटी नदी में स्नान करने के बाद नारियल, चुनरी, माला-फूल, फल और प्रसाद अर्पित किया। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारें लगी रहीं। राम नवमी के अवसर पर गड़बड़ा धाम भारी भीड़ लगी रही इस दौरान कुछ भक्त मंदिर परिसर के बाहर कन्याओं को भोजन कराते भी नजर आए जो धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। मंदिर परिसर के आसपास लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खिलौने, श्रृंगार सामग्री, लाई, बांस के बर्तन और लकड़ी के सामान की खरीदारी की। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला ने बताया कि श्रद्धालुओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम करते रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराया गया। मंदिर पुजारी मंगल धारी मिश्रा, प्रिंस पांडेय ने बताया कि राम नवमीं पर 50 हजार श्रद्धालुओं ने मां शीतला का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सिरसी बांध में उतराता दिखा शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र भारत हलिया ( मिर्जापुर )। संतनगर थाना अंतर्गत सिरसी बांध के मुख्य नहर के गेट पर साड़ी में बंधा शव उतराया शुक्रवार सुबह दिखा। शव उतराया की सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई लोग दहशत में आ गए सूचना पर थाना संतनगर की पुलिस शव को गेट से नहर में लाकर अषाढी में बाहर कराया ।शव की पहचान के लिए वाटसप ग्रुप के सहयोग से इंस्पेक्टर घोरावल ब्रजेश सिंह के साथ आए मृतक के भाई घासी मौर्य व मृतक का चालक रोहित ने उतराया शव को कुंवर मौर्य के रूप में पहचान किया।शव देखते ही भाई का रो रो बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई घासी मौर्य ने बताया कि मेरा भाई 50 वर्षीय कुंवर मौर्य पुत्र स्व कालिका निवासी ग्राम लकुआ थाना धानापुर जनपद चंदौली का निवासी था वह लालगंज में कमरा लेकर जमीन की खरीद फरोख्त बतौर एजेंट करता था ।उसका किसी प्रकार थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया के शेखर मौर्य और घोरावल थाना क्षेत्र के नौगढ़वा निवासिनी लीलावती से था ।मेरा भाई कुंवर 22 मार्च को घर से लालगंज के लिए निकला था और 26 मार्च तक घर नहीं पहुंचा जबकि उसके साथ गया चालक घर आ गया था तो शक के आधार पर चालक से भाई के बारे में जानकारी लिया तो उन्होंने घटना की पूरी जानकारी दिया।चालक रोहित ने बताया कि मैं दो वर्ष से कुंवर की टोयोटा एटीयोश कार चलाता था 22 मार्च को लगभग दो बजे उन्हें लेकर लालगंज के लिए निकला मुझसे बताए कि पैसा के लेना देना हेतु नौगढ़वा आ गए जहा लीलावती के घर पहले से शेखर मौर्य उपस्थित थे।रात को मै सोया था मुझे जगाएं और बोले कि तुम्हारे मालिक को मार दिया है शव गाड़ी में है चलो सीधे लाश को पानी में दबाना है वरना तुम्हे भी मार डालूंगा। मरता क्या न करता गाड़ी लेकर रात में सिरसी लाए जहा वही लोग शव को ठिकाने लगाए और मुझे धमकी भी दिए कि कही नाम खोला तो जान से तुम भी जाओगे। घासी ने बताया कि मृतक को तीन लड़के और एक लड़की है बड़े एक लड़के की शादी हो गई है ।पत्नी इंद्रावती आदि का रो रो बुरा हाल हो गया है।इस संबंध में इंस्पेक्टर घोरावल ब्रजेश सिंह ने बताया कि घासी मौर्य की तहरीर पर घटना में प्रयुक्त चालक की शिनाख्त पर शब की खोजबीन की जा रही थी आखिर शब उतराया दिखा जिसे विधिक कार्रवाई करते हुए पीएम हेतु भेज दिया गया । मामले की जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## मठ गुरादरी धाम पर रामनवमी के अवसर पर मेला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना मऊ ब्लॉक क्षेत्र के करहां के बाबा घनश्याम साहब की तपोस्थली वैराग्याश्रम मठ गुरादरी धाम पर रामनवमी का भव्य मेला शुक्रवार आयोजित किया गया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां आस्था का जनसैब रहा मेले में क्षेत्र के लोगों के अलावा दूर दराज से भी पहुंच कर मेले का आनंद उठाया क्षेत्र के मुहम्मदाबाद गोहना नगरीपार जमालपुर सुल्तानीपुर चिरैयाकोट भुजहि नोनियापुर लग्गूपुर देवसीपुर जमालपुर आदि जगह से लोग मेले में पहुंचकर मेले का आनंद उठाया।यह स्थान बाबा घनश्याम दास सहित अन्य 06 सिद्ध सतनामी संतो की तपस्यास्थली के रूप में जाना जाता है। यहां कार्तिक पूर्णिमा, गोविंद दशमी, मौनी अमावस्या व रामनवमी पर दूरदराज और स्थानीय लोग पुण्य स्नान कर पवित्र पाताल गंगा सरोवर की परिक्रमा करते हैं तथा बाबा घनश्याम दास की दिव्य समाधि पर मत्था टेकते हैं।

साथ ही लोग अन्नपूर्णा भंडार में अपनी नई फ़सल का दान कर भभूत प्रसाद ग्रहण करेंगे और वर्तमान महंत मानस धुरंधर भगवान दासजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर मेले का आनंद उठाते है। मेले को सफल बनाने के लिए मठ प्रबंधन सहित पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे । इसी क्रम में बरहतपुर श्रीकिशन दास बाबा की कुटी पर शुक्रवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया जहां भक्तों ने पहुंचकर दर्शन करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया मंदिर के महंत ज्ञानी दास जी महाराज ने बताया कि जो भी भक्तगण सच्चे मन से किशन दास बाबा की पूजा उपासना करता है उनकी सभी मुरादे पूरी होती है इस मेले में अरविंद पाठक संतोष सिंह आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# बरौंधा बाजार में रामनवमी की धूम, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** राम नवमी के पावन अवसर पर बेलन नदी के तट पर स्थित रामजानकी मंदिर से रामजन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य

### मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

शोभायात्रा निकाली गई। रामटीला मंदिर के प्रधान पुजारी बाबा रामशरण दास की अगुवाई में निकली इस शोभायात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में ÷जय श्रीराम÷ के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर व बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।

रथयात्रा पर सवार भगवान राम की झांकी देखने के लिए रास्ते भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्र के गणमान्य और वरिष्ठ समाजसेवी पंकज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति के ऐसे आदर्श हैं जिनकी प्रासंगिकता आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन हमें मर्यादा, संयम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाता है।



उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में जब समाज विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में भगवान राम के आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उनके जीवन की प्रत्येक लीलाकृचाहे वह वनवास की कठिनाइयां हों या रावण के विरुद्ध धर्म की स्थापनाकृहमें यह सिखाती हैं कि सत्य और धर्म की राह पर चलकर ही समाज में समरसता और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम के आयोजक अर्श हास्पीटल के महाप्रबंधक डामहा नारायण भारती

ने कहा कि भगवान राम का जन्म केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव मूल्यों के जागरण का संदेश है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में आदर्श पुत्र धर्म, आदर्श भाई चारा और आदर्श राजा के रूप में जो उदाहरण प्रस्तुत किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों का क्षरण देखने को मिल रहा है। ऐसे में राम के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें सत्य, करुणा, सेवा और कर्तव्यपरायणता को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रतिष्ठित सराफा व्यवसाई मूलचंद सोनी ने कहा कि राम जन्मोत्सव हमें यह याद दिलाता है कि यदि हम अपने आचरण में मर्यादा और अनुशासन को अपनाएं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की मर्यादा, त्याग,उनकी सत्यनिष्ठा और कर्तव्य परायणता आज भी मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। इस मौके पर प्रभात कुमार मिश्र निरंजन पाण्डेय पूर्व प्रधान राजेश कुमार मिश्र बरौंधा प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल मनीष कुमार सोनी सौरभ प्रजापति उग्रसेन पाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अदवा बांध के समीप अहुगी कला मार्ग से शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है एसआई सुरेंद्र राम मय हमराह कांस्टेबल नफीस के साथ अदवा कालोनी पर गस्त कर रहे थे की मुखबिर से सूचना मिली की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला



आरोपित अदवा बांध के समीप अहुगी कला मार्ग पर खड़ा होकर कंही भागने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा है जिस पर एसआई मय हमराह के साथ पहुंचकर आरोपित गौरवा परसिया मुड़पेली गांव निवासी सुनील कोल को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर वंहा से जेल भेज दिया है किशोरी के मामा ने बीते 10 मार्च को किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के बाद धारा की बढ़ोतरी कर आरोपित की तलाश करने में जुट गई थी इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की किशोरी का बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## झोलाछाप पर बेटी को गलत दवा देने का आरोप, पिता ने कार्रवाई की लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी दिनेश सिंह ने रतेह चौराहा स्थित एक झोलाछाप पर बेटी को गलत दवा देने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।दिए गए प्रार्थना पत्र में दिनेश सिंह आरोप लगाया कि कि गत 20 फरवरी को 18 वर्षीया पुत्री स्वचाली सिंह को चक्कर आने पर क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव स्थित रतेह चौराहा पर चिरंजीवी क्लीनिक में दिखाया गया तो झोलाछाप ने पुत्री को एक सप्ताह की दवा खाने के लिए दी। झोलाछाप द्वारा दी गई दवा को बेटी ने खाया तो चार दिन बाद बेटी घर पर गश खाकर गिर पड़ी और उसे चलने में दिक्कत होने लगी। बेटी की दिमागी हालत विक्षिप्त जैसी हो गई।हालत गंभीर देखकर बेटी को मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय ले जाकर दिखाया। जहां चिकित्सक ने बेटी की हालत गंभीर देखते हुए 27 फरवरी को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पुत्री का 19 दिनों तक इलाज चला।

बेटी का इलाज कर रहे बीएचयू ट्रामा सेंटर के न्यूरो विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने की वजह से बेटी की ऐसी हालत हुई है। यह दवा पागलों के इलाज में दी जाती है। बेटी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही है और उसकी याददाश्त में सुधार नही हो पा रहा है। आरोप लगाया कि उक्त झोलाछाप बिना किसी चिकित्सा डिग्री व बगैर लाइसेंस के क्लीनिक खोलकर चला रहा है। भोली भाली जनता का गलत दवा इलाज कर उनकी सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। दिनेश सिंह ने बेटी की हालत के लिए झोलाछाप को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डा. अवधेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। झोलाछाप और अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## युवती का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का अपहरण करने वाले आरोपित युवक को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में युवती के पिता ने गांव के दूसरे समुदाय के युवक पर बेटी को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक तथा गांव की चार महिलाओं के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार को अपहृत युवती को बरामद कर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर एसआइ विनोद कुमार सिंह एसआइ सुभाष यादव व हेड कांस्टेबल अशोक बिंद ने आरोपित अजमत को महेशपुर ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है अपहृत युवती को पहले ही बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया था।

## पेट्रोल टंकियों पर सुविधाओं का टोटा हवा की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बरी गांव स्थित इंडियन आयल व बसुहरा गांव स्थित भारत पेट्रोलियम की टंकी पर निःशुल्क हवा की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इन दोनों टंकियों पर निःशुल्क हवा के लिए मशीन लगाया गया है लेकिन मशीन शो पीस साबित हो रही है जबकि पेट्रोल पंप पर निःशुल्क हवा के साथ शौचालय की व्यवस्था के साथ लाइसेंस मिला है लेकिन अधिकतर पेट्रोल टंकियों पर यह दोनों सुविधाएं नहीं है शौचालय उपलब्ध है लेकिन पेट्रोल टंकी के कर्मियों द्वारा शौचालय पर ताला बंद रखा जाता है जिससे पेट्रोल टंकी पर आने वाले ग्रामीणों को पेट्रोल टंकियों से सुविधा नहीं मिल पा रही है।

# योगी सरकार जनता की सभी अपेक्षाओं पर खरा उतर रही : डॉ रतनपाल सिंह

## देवरिया में यूपी सरकार के वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की हुई समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शुक्रवार को विकास भवन के गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश के सभापति डॉक्टर रतनपाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। उनके साथ समीक्षा बैठक में समिति के दो सदस्य आशुतोष सिन्हा एलएलसी, डा. जयपाल सिंह व्यस्त, हरि प्रसाद सिंह संयुक्त सचिव भी मौजूद थे। समिति के सभापति बनने के बाद डॉ रतनपाल सिंह पहली बार देवरिया पहुंचे थे और जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक संतोषजनक रहा। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक पहली बार देवरिया में हुई है और जो हमारे समिति से संबंधित मामले होते हैं। देयक भुगतान, पेंशन संबंधी भुगतान एवं





बैठक को सम्बोधित करते डॉ. रतन पाल सिंह एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल

मृतक आश्रित की नियुक्तियों के संदर्भ में है और जो समिति की अपेक्षा थी, उसमें जनपद में बहुत ही अच्छा परफॉर्मेंस प्रस्तुत किया है। बहुत अच्छा काम किया है और समिति ने काफी विस्तार से बातचीत किया है, पूछताछ किया है और जिले में सभी विभागों ने अच्छा काम किया है। एक प्रश्न के जबाब में उन्होंने कहा कि जनता ने एक विश्वास के साथ सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद दिया है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जो रात दिन जनता के लिए, आम आदमी के लिए काम करते हैं और जिस अपेक्षा के साथ जनता ने हम लोंगो को अवसर दिया है, आशीर्वाद दिया है, सरकार सभी अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है और हमें पूरा विश्वास है कि सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं, जो शायद ही कोई ऐसा परिवार बचा है, जो सरकार की योजनाओं का लाभ नही ले रहा है। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, सीडीओ राजेश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह,डीसी मनरेगा आलोक कुमार पांडेय, उप कृषि निदेशक सुबाष मौर्य, परियोजना निदेशक अनिल कुमार, डीपीआरओ रतन कुमार, डीडीओ, नगर निकाय से अधिशासी अधिकारी अनुपमा प्रताप,नितेश गौरव समेत अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोंग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च, 2026

# ईरान ने शुरू किया 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' का 83वां चरण

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिए इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग

- **इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश**
- **निशाने पर खाड़ी स्थित अमेरिकी एयरबेस भी**

हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है। इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई ने ईरानी मीडिया के हवाले से जानकारी दी है कि आईआरजीसी ने आधुनिक लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं।

न्यूज़ एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट



फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। नौसेना प्रमुख की मौत का प्रतिशोध पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इस्राइली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि,अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की मानें तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है।

## मेक्सिको की खाड़ी में तेल का रिसाव

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में तेल का भारी रिसाव हुआ। अब इसका प्रदूषण 600 किलोमीटर से ज्यादा बड़े इलाके में

- **600 किलोमीटर तक फैला प्रदूषण, सात प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित**

फैल गया है। मेक्सिकन अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इसमें दो प्राकृतिक स्रोत भी शामिल हैं। इस घटना ने सात प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। नौसेना सचिव एडमिरल रायमुंडो मोरालेस ने मीडिया वार्ता में बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों और जांच से रिसाव के तीन मुख्य ठिकानों का पता चला है। पहला स्रोत वेराक्रूज राज्य के कोत्जाकोआल्कोस बंदरगाह के पास खड़ा एक जहाज है। इस जहाज की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उस समय वहां 13 जहाज मौजूद थे। दूसरा स्रोत इसी बंदरगाह से 8 किलोमीटर दूर एक ऐसी जगह है जहाँ से कच्चा तेल प्राकृतिक रूप से निकलता है। तीसरा स्रोत कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित एक और प्राकृतिक रिसाव वाली जगह है।

मोरालेस ने स्वीकार किया कि तेल का रिसाव अब भी जारी है। कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित कंटारेल से सबसे ज्यादा रिसाव हो रहा है। यहां से प्राकृतिक रूप से तेल निकलता रहता है। हालांकि, पिछले महीने में प्रदूषकों का बहाव काफी ज्यादा रहा है। समुद्री जीवों को पहुंच रहा नुकसान

दूसरी तरफ, समुद्री संरक्षण के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ओशियाना ने अलग जानकारी दी है। संस्था ने बताया कि इस रिसाव से समुद्री कछुए, एक मैनेट (समुद्री गाय) और कई मछलियां मारी गई हैं। साथ ही 17 मूंगा चट्टानों (रीफ) को भी नुकसान पहुंचा है।

# मॉल जाकर शॉपिंग करना पसंद कर रही जेन-जी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में रियल एस्टेट डेवलपर ऐसा सोचते रहे हैं कि शॉपिंग मॉल्स खत्म हो गए हैं। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। नई पीढ़ी (जेन-जी) खुद जाकर शॉपिंग करना पसंद कर रही है।

- **हर साल पांच प्रतिशत बढ़ रही अमेरिका के ए-क्लास मॉल्स की आय**

लिहाजा खास किस्म के मॉल चलने लगे हैं। अमेरिका में ज्यादातर ए-क्लास मॉल्स की मालिक साइमन प्रॉपर्टी के न्यूयॉर्क शहर के रूजवेल्ट फील्ड पर स्थित मॉल की 96.3 प्रतिशत जगह किराए पर है। एक्स फेंटी, अरमानी, हर्मीस और रोलेक्स उसकी किराएदार हैं। शॉपिंग मॉल्स की नई सफलता और इनोवेशन में युवाओं खास तौर पर जेन-जी की अहम भूमिका है। इस्पॉस कंज्यूमर ट्रैकर के सर्वे के अनुसार 18 से 34 वर्ष आयु के 58 प्रतिशत खरीदारों ने बताया कि वे अक्सर मॉल्स में शॉपिंग करते हैं। उनकी ये दर 55 साल की आयु के लोगों से दोगुनी है। 1990 के दशक में शॉपिंग मॉल किसी बड़ी कंपनी या स्टोर के कारण ही सफल हो पाते थे। आज साइमन व जीजीपी जैसी कंपनियों के मॉल रिटेल, खानपान, मनोरंजन सहित कुछ नए स्टोर की वजह से चलने लगे हैं। हालांकि बी और सी क्लास के



मॉल्स की आय हर साल 5 फीसदी कम हो रही है।

शॉपिंग मॉल्स-आकार की रिकवरी कर रहे हैं। इसका मतलब है कि अच्छे मॉल और ऊंचाइयों पर जा रहे हैं, वहीं पुराने और साधारण मॉल तेजी से बंद हो रहे हैं। ग्रोथ फैक्टर के अनुसार 2024 में मॉल्स में आने वाले कंज्यूमर की संख्या में 9.7 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में लगभग 900 मॉल हैं। लेकिन उनमें कुछ ही कामयाब हैं। टॉप 100 मॉल्स का मूल्य पूरे सेक्टर का 50 फीसदी है। जबकि सबसे निचले 350 मॉल का मूल्य सिर्फ दस प्रतिशत है। ए-मॉल्स की आय हर साल पांच फीसदी बढ़ रही है। ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टीज के मॉल्स डिवीजन जीजीपी के किराएदारों की बिक्री 2019 के बाद बीस प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी हर साल किराया बढ़ा रही है।

# 'ईरान ने सात दिन मांगे, मैंने 10 दिन दिए'

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि ईरान ने उनके ऊर्जा ठिकानों पर हमले न करने के लिए सात दिन का समय

- **ट्रंप ने तेहरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले की नई डेडलाइन तय की**

मांगा था, लेकिन हमने 10 दिनों का समय दिया। जिसकी डेडलाइन 6 अप्रैल है। मीडिया के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच दोनों पक्षों की राजनयिक बातचीत में ईरान ने उनकी सरकार से संपर्क कर अधिक समय देने का अनुरोध किया था।

ट्रंप ने कहा, उन्होंने मेरे लोगों के माध्यम में मुझसे अपील की थी कि क्या हमें और समय मिल सकता है? अगर वे अपना काम नहीं करते हैं तो मैं उनके बिजली संयंत्रों को नष्ट कर दूंगा। ट्रंप ने कहा, उन्होंने सात दिन मांगे थे और मैंने कहा, मैं आपको 10 दिन दूंगा क्योंकि उन्होंने मुझे जहाज दिए थे। ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत पर कहा कि ईरान के फर्जी समाचार मीडिया और अन्य लोगों द्वारा गलत बयानबाजी के बावजूद ईरान के साथ बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ लड़ाई जीत ली है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की नौसैनिक और मिसाइल क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की सैन्य शक्ति तबाह हो चुकी है और ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता में नाटकीय रूप से कमी आई है। ट्रंप ने ईरान की वायुसेना को भी तबाह करने का दावा किया। ट्रंप ने कहा कि हमने ईरान के 154 जहाजों को नष्ट कर दिया है। अमेरिका ने बीती 28 फरवरी को ईरान पर हमले कर, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष नेताओं को मार दिया था, जिसके बाद दोनों तरफ से हुए हमलों में अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

## एक नज़र

### बिना जमानत हिरासत में रहेंगे प्रवासी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया है कि सरकार प्रवासियों को बिना जमानत के हिरासत में रख सकती है। यह फैसला 8वीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने दिया, जिसने पहले के निचली अदालत के आदेश को पलट दिया। पहले कहा गया था कि बिना दस्तावेजों के पकड़े गए लोगों को जमानत सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए।

### एयर कनाडा सीईओ पर विवाद, फ्रेंच न बोल पाने पर मांगी माफी

**टोरंटो।** कनाडा की बड़ी एयरलाइन एयर कनाडा के सीईओ माइकल रूसो को एक गंभीर विमान हादसे के बाद फ्रेंच भाषा में बात न कर पाने को लेकर भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। न्यूयॉर्क में हुए इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई थी, जिनमें से एक क्यूबेक का फ्रेंच भाषी था। इसके बाद सीईओ ने एक शोक संदेश जारी किया, लेकिन वह पूरी तरह अंग्रेज़ी में था, जिसमें केवल शुभ प्रभात और धन्यवाद जैसे दो फ्रेंच शब्द ही शामिल थे। इस पर क्यूबेक के नेताओं और आम लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी इसे संवेदनशीलता की कमी बताया और कहा कि देश की दोनों आधिकारिक भाषाओं का सम्मान जरूरी है।

### स्पेन में 25 साल की महिला ने ली इच्छामृत्यु, चर्चा का विषय

**मैड्रिड।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्टिलो का इच्छामृत्यु लेना पूरे देश में चर्चा का बड़ा मुद्दा बन गया है। नोएलिया कैस्टिलो ने लंबे कानूनी संघर्ष के बाद यह अधिकार हासिल किया और बार्सिलोना में उन्हें जीवन समाप्त करने की अनुमति दी गई। कास्टिलो पिछले कई वर्षों से मानसिक बीमारी और गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रही थीं। एक आत्महत्या के प्रयास के बाद वे व्हीलचेयर पर आ गई थीं। उन्होंने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया, जिसे मेडिकल बोर्ड ने मंजूरी दे दी थी।

### पाक के पंजाब से 33,000 से अधिक अफगानी निर्वासित

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से पिछले साल शुरू हुए अभियान के तहत अब तक 33,000 से अधिक अफगान नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है। आईजीपी अब्दुल करीम के अनुसार, निर्वासितों में 13,760 बच्चों के अलावा रेजिडेंस प्रूफ और अफगान सिटीजन कार्ड धारक भी शामिल हैं। पुलिस शहरी इलाकों में अफगानियों की पहचान के लिए फेशियल रिकग्निशन तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। अवैध प्रवासियों को शरण या नौकरी देने वाले मकान मालिकों और व्यापारियों की भी जांच की जा रही है।

### वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति मादुरो न्यूयॉर्क की अदालत में पेश

**न्यूयॉर्क।** वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस गुरुवार को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश हुए। मादुरो ड्रग तस्करी के आरोपों को खारिज करने की मांग कर रहे हैं। उनके वकील का तर्क है कि अमेरिकी सरकार ने वेनेजुएला के फंड को कानूनी खर्च के लिए इस्तेमाल करने से रोक दिया है। यह उनके सांविधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उधर, अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मादुरों पर और अधिक मामले दर्ज किए जाएंगे।

### अमेरिकी करेंसी डॉलर पर होंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**पद पर रहते हुए ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले राष्ट्रपति**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की करेंसी डॉलर में बड़ा बदलाव होने वाला है। जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर अमेरिकी नोटों पर दिखाई देंगे। साल 1861 में डॉलर बिल की शुरुआत होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर देश की मुद्रा पर होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा लिया गया यह फैसला, इस साल अमेरिकी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के मौके पर लिया गया है। अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। इससे पहले इसी महीने एक संघीय कला आयोग ने 24 कैरेट सोने के एक खास सिक्के के डिजाइन को मंजूरी दी थी। इस सिक्के पर राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर है और इसे भी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है।

# पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त सैनिक भेज सकता है यूएस

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया गया है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है। यरूशलेम पोस्ट ने वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट में युद्ध विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया गया, इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। अमेरिका की 82वीं एयरबोर्न डिवीजन पहले से ही इस क्षेत्र में मौजूद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस डिवीजन की तैनाती का सीधा उद्देश्य ईरान के रणनीतिक हितों, जैसे कि खर्ग द्वीप, को निशाना बनाना है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह

- **ईरान से बातचीत के बीच रिपोर्ट का बड़ा दावा**

स्पष्ट नहीं है कि अतिरिक्त सेना को कहां भेजा जाएगा या तैनात किया जाएगा। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने इस मामले पर कहा कि सैनिकों की तैनाती से जुड़ी कोई भी आधिकारिक घोषणा युद्ध विभाग ही करेगा। उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास सभी सैन्य विकल्प उपलब्ध रहते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आए हैं जब अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहा यह संघर्ष अब चौथे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है। ट्रंप ने हाल ही में ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों में थोड़ी राहत देने के संकेत दिए थे। उन्होंने बताया कि ईरान ने अपने ऊर्जा ठिकानों पर होने वाले अमेरिकी हमलों को सात दिनों के लिए रोकने की मांग की थी। ट्रंप ने इस समय सीमा को बढ़ाकर 10 दिन कर दिया है, जो 6 अप्रैल तक रहेगी। इसके बावजूद अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सेना के हमले लगातार जारी हैं।

# डिप्लोमैसी : कनाडा की विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की।

आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई। साथ ही प्रमुख क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण खनिज, कृषि और शिक्षा पर भी चर्चा हुई। दो दिवसीय जी-7 बैठक में जयशंकर पश्चिम एशिया संकट पर

- **पश्चिम एशिया और होर्मुज संकट पर हुई बात**

विशेष ध्यान देते हुए इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहे। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकीर्ण समुद्री मार्ग वैश्विक तेल और एलएनजी आपूर्ति के लिए अहम है और दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस व्यापार यहीं से गुजरता है। पश्चिम एशिया संकट के चलते ईरान द्वारा इसे बाधित किया गया, जिसके चलते वैश्विक तेल और गैस कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। यह जी-7 बैठक 26-27 मार्च को फ्रांस में आयोजित की जा रही है। ग्रुप ऑफ 7 (जी7) में दुनिया की सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। यूरोपीय संघ भी इस समूह का सदस्य है। भारत के अलावा, फ्रांस ने सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी इस बैठक में आमंत्रित किया है। जी-7 वैश्विक आर्थिक, वित्तीय और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा और समन्वित कार्रवाई के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम करता है।

# पाक में हो रहे मानवाधिकार हनन की यूएन में कड़ी निंदा

**जिनेवा।** तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं पर जिनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 61वें सत्र में

- **अफगान नागरिकों की मौत पर भी चिंता**

पाकिस्तान में हो रहे मानवाधिकार हनन पर कड़ी निंदा की गई। सत्र के दौरान आर्थिक विकास और मानवाधिकारों का हनन शीर्षक से चर्चा हुई। इस दौरान पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए हमलों में बेकसूर अफगान नागरिकों की मौत को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। इस दौरान जापानी मानवाधिकार कार्यकर्ता शुन फुजिकी बोले, करीब 27 वैश्विक मानवाधिकार समझौतों से बंधे होने के बावजूद इस देश में गंभीर उल्लंघन जारी हैं। उन्होंने जबरन गायब किए जाने, यातना और हत्याओं की व्यापक रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कई नागरिक या तो देश छोड़कर भाग रहे हैं या भय में जी रहे हैं। इंटरनेशनल करियर सपोर्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चर्चा में वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया और इस बात का विश्लेषण किया कि एशियाई देशों में तीव्र आर्थिक प्रगति किस प्रकार लगातार हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों को अक्सर नजरअंदाज कर देती है।



वक्ताओं ने श्रम अधिकारों के हनन व अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश और नागरिक कल्याण को प्राथमिकता न देने वाली विकास नीतियों के व्यापक सामाजिक नतीजों पर प्रकाश डाला। जापान के शुन फुजिकी ने जोर दिया कि हमारा उद्देश्य पाकिस्तान को अलग-थलग करना नहीं, फिर भी पाकिस्तान को व्यापारिक विशेषाधिकारों को बनाए रखने के लिए वैश्विक मानकों का पालन करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संधियों के प्रति प्रतिबद्धता की गंभीर कमी भी उजागर की।

**भारत में समानता और समावेश के मुद्दे पर चर्चा**

यूएनएचआरसी के 61वें सत्र में संभली ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने नस्लवाद, भेदभाव और असहिष्णुता की वैश्विक चुनौतियों की पर ध्यानाकर्षित करते हुए समावेशिता के प्रति भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नस्ली भेदभाव और विदेशियों के प्रति घृणा विश्व स्तर पर सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। ये मुद्दे न केवल मानवीय गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी बाधित करते हैं, जिससे शिक्षा, रोजगार और न्याय तक पहुंच में समान अवसरों में बाधाएं पैदा होती हैं। वह बोले, भारत के ढांचे में सांविधानिक सुरक्षा उपाय समानता को बढ़ावा देते हैं और नागरिकों को भेदभाव से बचाते हैं। चौहान में जोधपुर में किए गए कार्यों की भी जानकारी दी।

**बांग्लादेश को भी नसीहत**

बांग्लादेश के पूर्व सांसद डॉ. मुहम्मद हबीबे मिल्लत ने कहा, लोकतांत्रिक व नागरिक आजादी के बिना आर्थिक विकास टिकाऊ नहीं है। बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने तर्क दिया कि स्थिरता, समृद्धि व जन संतुष्टि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकारों की बहाली पर निर्भर करती है। बांग्लादेश को चाहिए कि वह टिकाऊ आर्थिक विकास के लिए काम करे और सभी धर्मों को वरीयता दे।

## रोहिताश्व गौर का दिल छू लेने वाला जन्मदिन!

**मुंबई।** लोकप्रिय अभिनेता रोहिताश्व गौर ने अपना जन्मदिन भाबीजी घर पर है 2.0 के सेट पर बड़े ही खास अंदाज़ में मनाया। एक सामान्य कामकाजी दिन हंसी, दोस्ती और कृतज्ञता से भरे यादगार जश्न में बदल गया। अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और लोकप्रिय किरदार के लिए जाने जाने वाले रोहिताश्व को उनके को-स्टार्स और क्रू ने सरप्राइज देकर उनका दिन खास बना दिया। सेट, जो आमतौर पर रिहर्सल और शूटिंग में व्यस्त रहता है, उस दिन मुस्कान, शुभकामनाओं और केक कटिंग के साथ खुशियों से भर गया।



मनमोहन तिवारी उर्फ रोहिताश्व गौर ने कहा, 'जन्मदिन हमेशा खास होते हैं, लेकिन भाबीजी घर पर है 2.0 के सेट पर इसे मनाना बेहद अनोखा रहा। यह शो मेरे लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि दूसरा घर है और यहां के लोग मेरा परिवार हैं। मैं एक सामान्य शूटिंग दिन की उम्मीद लेकर सेट पर आया था, लेकिन सरप्राइज सेलिब्रेशन ने मेरा दिन बना दिया। मेरे को-स्टार्स ने जिस तरह से इसे खास बनाने की कोशिश की, वह दिल को छू गया। उनके साथ जन्मदिन मनाना परिवार के साथ होने जैसा लगा।' उन्होंने कहा कि, 'जो काम आप पसंद करते हैं उसे करना और ऐसे लोगों के बीच रहना जो आपको सराहते हैं, यह बहुत संतोषजनक होता है। पूरी टीम से मिला प्यार और अपनापन अभिभूत करने वाला था। शूटिंग के बाद मैंने घर जाकर परिवार के साथ भी जश्न मनाया, साधारण लेकिन दिल से। हमने साथ में केक काटा, डिनर किया और पुरानी यादों को ताजा किया। इन पलों ने दिन को और खास बना दिया।' गौरतलब है कि एण्डटीवी पर लोकप्रिय षो भाबीजी घर पर है 2.0, सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े दस बजे प्रसारित है।

## रूसी तेल रिफाइनरी पर यूक्रेनी हमला, निर्यात क्षमता 40 फीसद घटी

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों के कारण रूस की तेल निर्यात क्षमता 40 फीसदी तक घट गई है। हालिया हमले में लेनिनग्राद क्षेत्र के किरीशी जिले में स्थित रूस की एक सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा है। गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेंको के अनुसार, इस क्षेत्र में 20 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। किरीशी रिफाइनरी रूस के कुल तेल शोधन का 6.6त्न हिस्सा संभालती है। इसके अलावा, बाल्टिक सागर स्थित प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा बंदरगाहों पर भी कच्चे तेल की लोडिंग रोक दी गई है। बुधवार को उस्त-लुगा में ड्रोन हमले के बाद आग लग गई थी।

## बाजार दर्पण




